सूर्योदय प्रातः 5:07 | सूर्यास्त संध्या 6:39 | पखवाड़ा आषाढ़ कृ . तृतीया, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 29° न्यूनतम 24°



# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, शुक्रवार, 03 जुलाई 2026, वर्ष : 17, अंक : 139, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,502.12 | 579.48 (0.75%) |
| निफ्टी | 24,175.70 | 169.85 (0.71%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम, 24 carat)

| | |
|---|---|
| सोना | 1,39,970.00 |
| चांदी | 2500.00 |

# भारत-जापान ने तैयार किया आर्थिक सुरक्षा रोडमैप, रणनीतिक क्षेत्रों में आपूर्ति शृंखला की जायेगी मजबूत

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत और जापान ने आज आर्थिक सुरक्षा के लिए एक संयुक्त रोड मैप को मंजूरी दी जिसके माध्यम से दोनों देश सेमीकंडक्टर, क्वांटम और एडवांस्ड पदार्थ जैसे रणनीतिक क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला को लचीला और मजबूत बनाने के लिए 100 खरब येन के भारी भरकम निवेश के साथ काम करेंगे।
इसके अलावा जापान के साथ मिल कर भारत में एक हजार बॉयोगैस संयंत्र स्थापित किये जाने पर भी सहमति बनी।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची ने गुरुवार को यहां हैदराबाद हाउस में 16वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में परस्पर संबंधों को भाई-बहन के रिश्ते के कोमल धागे से बांधा तो पूरा वातावरण रोमांचित हो गया। दोनों देशों के बीच करीब दो घंटे तक चली बैठक के बाद परस्पर सहयोग के चार ज्ञापनों पर हस्ताक्षर एवं आदान प्रदान किया गया। इनमें भूगर्भीय खनिजों की खोज, फार्मास्युटिकल्स एवं मेडिकल उपकरण, बैटरी निर्माण और बायोगैस एवं जैविक खाद के संयंत्रों की स्थापना में सहयोग के दस्तावेज शामिल हैं। इसके अलावा दोनों देशों ने आज एआई के क्षेत्र में एक



संयुक्त वक्तव्य जारी किया है और साथ ही रक्षा क्षेत्र में संयुक्त विकास परियोजना पर सहमति जताई।
इससे पहले जापानी प्रधानमंत्री का आज सुबह राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया गया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी समकक्ष ताकाइची के बीच वार्ता हुई।
बाद में संयुक्त वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने जापानी प्रधानमंत्री को 'मेरी छोटी बहन प्रधानमंत्री ताकाइची जी' कह कर पुकारा तो प्रधानमंत्री ताकाइची भावुक हो गईं। उन्होंने भी अपने वक्तव्य में प्रधानमंत्री को 'मेरे बड़े भाई प्रधानमंत्री मोदी' कह कर पुकारा और कहा, 'आपने मुझे एक प्यारी छोटी बहन कहा, लेकिन बड़ी बैठक से पहले हुई छोटी बैठक में हमने पक्का किया कि हम एक ही सोच रखते हैं और इस रिश्ते को भाई-बहन की तरह ही आगे बढ़ाएंगे।'
प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगले 10 सालों में भारत जापान से 100 खरब येन (जापानी मुद्रा) के निवेश और देश में काम कर रही जापानी कंपनियों की संख्या को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। भारत और जापान की अर्थव्यवस्था को पूरक बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### तीन विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव की घोषणा

**नयी दिल्ली :** चुनाव आयोग ने गुरुवार को तीन राज्यों की तीन विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव की घोषणा कर दी। बिहार की बांकीपुर, मध्य प्रदेश की दतिया और गुजरात की मंजलपुर सीट वर्तमान में विभिन्न कारणों से रिक्त पड़ी थी। चुनाव आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार बांकीपुर सीट भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन के इस्तीफे के कारण रिक्त थी। वहां दतिया सीट विधायक राजेंद्र भाटी को अयोग्य ठहराए जाने के कारण और मंजलपुर सीट योगेश पटेल के निधन के कारण रिक्त हो गई थी। तीनों सीटों के लिए 30 जुलाई को मतदान होगा और 3 अगस्त को नतीजे आएंगे। अधिसूचना 6 जुलाई को जारी की जाएगी।

### पत्थर खदान में चट्टान गिरने से 7 मजदूरों की मौत

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु दक्षिण तालुक के मादपट्टण गांव के समीप स्थित कावेरी क्रशर पत्थर खदान में गुरुवार को विशाल चट्टान गिरने से 7 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आरआर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। केंद्रीय परिक्षेत्र के आईजीपी गिरीश ने बताया कि मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। उनके अनुसार लगभग 40 फीट ऊंचाई से एक विशाल चट्टान अचानक टूटकर नीचे काम कर रहे मजदूरों पर गिर गई। हादसे के समय खदान में उत्तर भारत के 10 से 15 मजदूर तथा 2 से 3 स्थानीय श्रमिक कार्य कर रहे थे।

### हवाई अड्डे पर महिला समेत तीन यात्री गिरफ्तार

**एक करोड़ का सोना जब्त**

**अमृतसर :** अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने महिला समेत तीन यात्रियों से 1 करोड़ रुपये से अधिक कीमत का सोना बरामद किया है। यह यात्री सोने को पेस्ट, जूतों, कड़ों और चेन के रूप में छिपाकर भारत लाने की कोशिश कर रहे थे।

## अंदर के पन्नों पर


3 राज्यपाल ने 17 विशिष्ट विभूतियों को किया...

5 पुलिस ने लम्बित मामलों सहित कुल शिकायतों...

7 ऑन द स्पॉट 10 लाभुकों को मिला लर्निंग लाइसेंस...

9 स्वास्थ्य संस्थान में अनावश्यक रेफरल पर...

10 बेल्जियम ने सेनेगल को हरा कर अंतिम-16 में...


## कार्टून कोना




## झारखंड कैबिनेट ने 27 महत्वपूर्ण फैसलों पर लगायी मुहर

# रिम्स-2 को मिली मंजूरी

**41.89 अरब रुपये की लागत से बनेगा सबसे बड़ा अस्पताल**

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** राज्य सरकार ने रिम्स-2 निर्माण की स्वीकृति दे दी है। गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की बैठक में रिम्स-2 के निर्माण के लिए 41 अरब 89 करोड 41 लाख 26 हजार 604 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। कैबिनेट में लिए गए फैसलों की जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि



रिम्स-2 के निर्माण के लिए जागृति पीएमयू का गठन किया गया है। साथ ही वित्त नियमावली के नियमों को शिथिल करते हुए आईआईएम रांची को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में और एक्सआईएसएस रांची को इंपैक्ट ऑफ असेस्मेंट के लिए कार्य आवंटित करने का निर्णय लिया गया।
उल्लेखनीय है कि रिम्स-2 के निर्माण के लिए नगडी में राज्य सरकार ने 227 एकड भूमि अधिगृहित और चहारदिवारी का निर्माण किया जा रहा है। यह जमीन कृषि योग्या भूमि है। इसे लेकर स्थानीय आदिवासी समुदाय के लोग और प्रशासन के बीच विवाद चल रहा है।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- कैबिनेट ने राज्य के मेडिकल कॉलेजों और सदर अस्पतालों में इंटर्नशिप करने वाले विदेशी मेडिकल स्नातकों को भी राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के नियमों के अनुसार स्टाइपेंड देने का फैसला किया है।
- वर्ष 2015 से लगातार ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कराईकेला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शशिकांत प्रसाद को सेवा से बर्खास्त करने की मंजूरी दी गई।
- पाकुड़ में दो सड़क परियोजनाओं के लिए 128.20 करोड़ रुपये, दुमका में गोविंदपुर-साहिबगंज सड़क के चौड़ीकरण के लिए 221.40 करोड़ रुपये, साहिबगंज में गोपालाडीह-भोगनाडीह सड़क निर्माण के लिए 88.84 करोड़ रुपये, रांची में धुर्वा गोलचक्कर से पुलिस मुख्यालय तक सड़क चौड़ीकरण के लिए 36.30 करोड़ रुपये और चतरा में सिमरिया-टंडवा सड़क के सुधार के लिए 33.76 करोड़ रुपये की स्वीकृती दी गई।
- कैबिनेट में प्रखंडों और अंचलों में पदस्थापन के भी मापदंड तय किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। राज्य सेवा के 271 प्रशासनिक पदों में 164 पदों पर बीडीओ और सीओ का पदस्थापन होगा। इसमें से 53 पद सिर्फ सीओ के होंगे और 54 पदों पर सिर्फ बीडीओ का पदस्थापन होगा।
- झारखंड योजना सेवा नियमावली 2026, राज्य समाहरणालय लिपिकीय संवर्ग नियमावली 2026 और निम्नवर्गीय लिपिक सह कंप्यूटर संचालक सेवा संवर्ग नियमावली 2026 को मंजूरी दी गई। वहीं अब सभी नवनियुक्त सरकारी कर्मियों के लिए पदभार ग्रहण करते समय निष्ठा और गोपनीयता की शपथ लेना अनिवार्य होगा।
- शिक्षा के क्षेत्र में बोकारो के चंदनकियारी में पेमिया ऋषिकेश विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए लेटर ऑफ इंटेंट जारी करने को मंजूरी दी गई।
- विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) के लिए नई रोजगार योजना को नीतिगत मंजूरी दी गई।
- राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरायकेला के कोलाबीरा में एक निजी कंपनी को 18 एकड़ जमीन 30 साल की लीज पर देने का फैसला लिया गया।
- 08 और 09 जुलाई को नई दिल्ली में होने वाले नेशनल स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन 2026 के आयोजन को भी मंजूरी दी गई।
- कैबिनेट ने बाणसागर परियोजना के तहत बिहार और झारखंड के बीच जल बंटवारे के समझौते के प्रारूप को मंजूरी दी गई।
- श्रावणी मेला 2026 के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए 28 अस्थायी मेला ओपी और 19 स्थायी यातायात ओपी के गठन को स्वीकृति दी गई।
- इसके अलावा हजारीबाग खान परिषद के सेवानिवृत्त कर्मियों के बकाया पेंशन भुगतान का निर्णय लिया गया।
- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट को विधानसभा में पेश करने का निर्णय लिया गया।
- झारखंड लॉ ऑफिसर इंगेजमेंट रूल्स 2026 को मंजूरी दी गई।
- राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी वीबीजी-रामजी योजना को स्वीकृति दी गई।

## मतदाताओं से ससमय एसआईआर प्रपत्र भर कर सत्यापन कराने की सीएम ने की अपील

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वयं भरा एसआईआर प्रपत्र

- झारखंड में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रारम्भ
- बूथ स्तरीय बीएलओ घर-घर पहुंच कर गणना प्रपत्र वितरित कर मतदाताओं के विवरण का कर रहे सत्यापन कार्य

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत स्वयं एन्यूमरेशन प्रपत्र भर कर जमा किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंड के सभी पात्र मतदाताओं से तय समय सीमा के भीतर एसआईआर प्रक्रिया पूरी करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मतदान का अधिकार सुरक्षित रखना प्रत्येक नागरिक की महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री के समक्ष निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में 64-हटिया विधानसभा क्षेत्र के बूथ नम्बर-290 की बीएलओ ने एन्यूमरेशन फार्म भरने की प्रक्रिया पूरी की। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने भी स्वयं अपना एन्यूमरेशन प्रपत्र भर कर जमा किया।
मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य के समस्त मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे समय पर अपना एसआईआर प्रपत्र भरें तथा मतदाता सूची में अपनी ● शेष पृष्ठ 11 पर

- लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता का दिया संदेश





### राज्यपाल ने भरा गणना प्रपत्र

**रांची :** मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने लोकभवन में स्वयं गणना प्रपत्र भरकर एवं उस पर हस्ताक्षर कर रांची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-16 के बूथ स्तर पदाधिकारी मंजू कच्छप को सौंपा। ● शेष पृष्ठ 11 पर



## एसीबी ने रिश्वत लेते पेटरवार प्रखंड कार्यालय के बड़ा बाबू को किया गिरफ्तार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** बोकारो जिले के पेटरवार प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) धनबाद की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सरकारी कर्मचारी को आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपित पर शौचालय निर्माण योजना की शेष राशि जारी करने के एवज में घूस मांगने का आरोप है। इस संबंध में एसीबी धनबाद के अपर पुलिस अधीक्षक बिनोद कुमार महतो ने बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, प्रमंडलीय कार्यालय धनबाद को एक संवेदक ने शिकायत दी थी कि ओरदाना 10+2 उच्च विद्यालय में शौचालय निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद भुगतान की शेष राशि जारी करने के लिए पेटरवार प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित बड़ा बाबू गुलाम रसूल ● शेष पृष्ठ 11 पर

**तमिलनाडु गैस रिसाव**

## सकुशल लौटे धनबाद के 12 श्रमिक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में अमोनिया गैस रिसाव की घटना के बाद रेस्क्यू किए गए धनबाद जिले के सभी 12 प्रवासी श्रमिक गुरुवार को सकुशल धनबाद रेलवे स्टेशन पहुंच गए। जिला प्रशासन की ओर से सहायक श्रम आयुक्त प्रवीण कुमार ने रेलवे स्टेशन पर सभी श्रमिकों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। उनके लिए भोजन और पेयजल की व्यवस्था की गई तथा बाद में विशेष



वाहन से उन्हें उनके गृह प्रखंडों के लिए रवाना किया गया।
सहायक श्रम आयुक्त ने बताया कि लौटने वाले श्रमिकों में बाघमारा के छह, तोपचांची के तीन, धनबाद सदर के दो और निरसा प्रखंड का एक श्रमिक शामिल है। सभी को सुरक्षित रूप से उनके गंतव्य तक पहुंचाने की व्यवस्था जिला प्रशासन ने की।

## उन्नत सेल और जीन थेरेपी के लिए सरकार ने ड्रग्स नियमों में किया संशोधन

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्र सरकार ने ड्रग्स रूल्स, 1945 में संशोधन करते हुए सेल या स्टेम सेल-आधारित उत्पादों, जीन थेरेपी उत्पादों और जेनोग्राफ्ट को केंद्रीय लाइसेंस अनुमोदन प्राधिकरण (सीएलएए) के दायरे में शामिल कर दिया है। इसका उद्देश्य इन उन्नत चिकित्सा तकनीकों के लिए पूरे देश में एक समान और सख्त नियामक व्यवस्था सुनिश्चित करना है।
स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार ये उपचार अत्यधिक जटिल, विशेषीकृत और तेजी से विकसित होने वाली चिकित्सा तकनीकें हैं। इसलिए मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इन पर अधिक कड़ी नियामक निगरानी आवश्यक है।
गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नियमों में संशोधन से उन्नत चिकित्सा तकनीकों के लिए नियामक व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। इसके साथ मरीजों की सुरक्षा बढ़ेगी तथा स्वास्थ्य और जीवन विज्ञान क्षेत्र में नवाचार को भी प्रोत्साहन मिलेगा। जीन थेरेपी उत्पाद, जेनोग्राफ्ट (पशु ऊतकों से बने प्रत्यारोपण योग्य उत्पाद) आएंगे।

# रूस के सहयोग से भारत ने ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन 20 फीसदी बढ़ाया

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** रूस के साथ संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने उत्तर प्रदेश के लखनऊ में नया प्लांट शुरू होने के बाद मिसाइल प्रोडक्शन 20 फीसदी बढ़ा दिया है। संयुक्त उद्यम ब्रह्मोस एयरोस्पेस के अब पूरे भारत में चार उत्पादन केंद्र है, जिसमें लखनऊ की सबसे नई फैसिलिटी ने मिसाइलों का पहला बैच बनाया है। ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की स्पीड और कैपेसिटी दोनों में काफी बढ़ोतरी होने से निर्यात ऑर्डर ज्यादा मिलने की उम्मीद है।
रूस ने ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन करने के लिए फरवरी, 1998 में भारत के साथ एक संयुक्त कंपनी ब्रह्मोस एयरोस्पेस बनाई, जिसमें भारत की ओर से रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूसी कंपनी एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनिया को शामिल किया गया। इस कंपनी में भारत की 50.5 फीसदी और रूस की 49.5 फीसदी हिस्सेदारी है। यह उन कुछ डिफेंस कंपनियों में से एक है, जो अपने उत्पादन के जीवन चक्र, डिजाइन और निरंतर उत्पादन से लेकर मार्केटिंग, ग्लोबल डिलीवरी और बिक्री के बाद के मेंटेनेंस तक संभालती है।
यही कंपनी वर्तमान में विश्वस्तरीय ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों का डिजाइन, उत्पादन और विपणन करती है, जिसे सबमरीन, जहाज, एयरक्राफ्ट




- ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन बढ़ने से निर्यात ऑर्डर ज्यादा मिलने की उम्मीद

और जमीन प्लेटफॉर्म से लॉन्च किया जा सकता है। ब्रह्मोस मिसाइल मैक 2.8 की रफ़्तार से चलती है, जो सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में से एक है। इसके अन्य संस्करण 800 किमी. तक मारक क्षमता वाले हैं। इस मल्टीरोल सिस्टम के अलग-अलग ऑपरेशनल प्लेटफॉर्म से जमीन और समुद्र दोनों लक्ष्यों पर निशाना साधा जा सकता है। अब यह कंपनी अगली पीढ़ी की एडवांस्ड हाइपरसोनिक क्रूज ब्रह्मोस मिसाइल विकसित कर रही है।
ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूरे भारत में चार उत्पादन केंद्र हैं, जिसमें सबसे नई फैसिलिटी लखनऊ (उत्तर प्रदेश) में है, जिससे कुल मिसाइल आउटपुट में काफी बढ़ोतरी हुई है। बाकी दक्षिण भारत में हैदराबाद और तिरुवनंतपुरम और राजस्थान के पिलानी में हैं। लखनऊ का उत्पादन केंद्र चालू होने से मिसाइल का उत्पादन 20 फीसदी बढ़ गया है। भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदकर फिलीपींस एंटी-शिप वेपन सिस्टम खरीदने वाला पहला देश बन गया है, जबकि इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे दक्षिण-पूर्व एशिया के दूसरे देशों ने भी इसे खरीदने में गहरी दिलचस्पी दिखाई है।
ब्रह्मोस एयरोस्पेस के सह निदेशक अलेक्जेंडर मक्सिचेव ने कहा है कि लखनऊ प्लांट ने मिसाइलों का पहला बैच बनाया है। उन्होंने आगे कहा कि इस फैसिलिटी के चालू होने से ब्रह्मोस मिसाइल बनाने की स्पीड और कैपेसिटी दोनों में काफी बढ़ोतरी हुई है। ब्रह्मोस वेंचर दोनों देशों के लिए बहुत फायदेमंद भी बन गया है। अब जब लखनऊ का नया प्लांट प्रोडक्शन में है तो एक्सपोर्ट ऑर्डर भी जरूर मिलेंगे। ब्रह्मोस एयरोस्पेस का वित्त वर्ष 2026 में राजस्व 5,200 करोड़ रुपये बढ़ना भारत की ग्लोबल डिफेंस बढ़त का संकेत है।

## उपायुक्त ने वैक्सीनेशन वाहन को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

# वैक्सीनेशन से मवेशियों को संक्रामक रोग से मिलेगी राहत : डीसी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित एफएमडी (फुट एंड माउथ डिजीज) मुक्त रामगढ़ अभियान के अंतर्गत गुरुवार को उपायुक्त ऋतुराज ने समाहरणालय परिसर से वैक्सीनेशन वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला पशुपालन विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि मुंहपका-खुरपका पशुओं में फैलने वाला अत्यंत संक्रामक रोग है, जिससे पशुधन एवं दुग्ध उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने जिले के सभी पशुपालकों से अपील की कि वे इस अभियान में सक्रिय सहयोग करते हुए अपने सभी गाय एवं भैंसों का निःशुल्क टीकाकरण अवश्य कराएं। इस अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिले के सभी प्रखंडों में कुल 1,29,300 लक्षित आबादी (पशुधन) के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसका विवरण इस प्रकार है। ज्ञात हो कि 01 जुलाई से 29 अगस्त 2026 तक जिले में एफएमडी टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रशिक्षित टीकाकरण दल गांव-गांव एवं घर-घर पहुंचकर पशुओं का पूर्णतः निःशुल्क टीकाकरण करेंगे। टीकाकरण से पूर्व प्रत्येक पशु के कान में भारत सरकार द्वारा निर्धारित यूआईडी टैग लगाया जाएगा तथा भारत पशुधन ऐप में पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके लिए पशुपालकों के मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी को टीकाकरण दल के साथ साझा करना आवश्यक होगा। उपायुक्त ने कहा कि एफएमडी टीकाकरण से पशुओं को गंभीर संक्रामक रोगों से सुरक्षा मिलेगी, दुग्ध उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि होगी तथा पशुपालकों को आर्थिक नुकसान से बचाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने पशुपालकों से अभियान को सफल बनाने के लिए टीकाकरण दल का सहयोग करने एवं सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण कराने का आग्रह किया।

## उत्पादन बढ़ाने के साथ धरती की उर्वरा शक्ति को भी सुरक्षित रखना जरूरी : मुंडा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि अन्न सभी के लिए आवश्यक है और पौष्टिक भोजन हमारी जरूरत है। इसके लिए जरूरी है कि अन्नदाता किसान आर्थिक रूप से सशक्त हों। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ धरती की उर्वरा शक्ति को भी सुरक्षित रखना होगा। रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग से मिट्टी की उर्वरता लगातार घट रही है, इसलिए अब जैविक खेती की ओर बढ़ना समय की आवश्यकता है। अर्जुन मुंडा गुरुवार को तोरपा प्रखंड के चुरगी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कृषक गोष्ठी सह कृषक-वैज्ञानिक अंतरमिलन कार्यक्रम के अंतर्गत 'जैविक खेती और श्री अन्न का महत्व' विषयक कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। अर्जुन मुंडा ने कहा कि कृषि योग्य भूमि लगातार कम होती जा रही है। किसानों को बहुफसलीय खेती अपनाने के साथ बागवानी, रेशम पालन, लाह उत्पादन, मधुमक्खी पालन और पशुपालन जैसे सहायक व्यवसायों को भी बढ़ावा देना चाहिए, ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का भी संकल्प किसानों की आय दोगुनी करना है और इसके लिए वैज्ञानिक एवं जैविक खेती महत्वपूर्ण माध्यम है।

## एक झलक

### सोसो कला पंचायत में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य का हुआ शुभारम्भ



**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड क्षेत्र के सोसो कलां पंचायत में गुरुवार से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की शुरूआत हो गई। अभियान के तहत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को प्रपत्र वितरित कर रही हैं तथा उन्हें सही तरीके से भरवाने का कार्य कर रही हैं। इस दौरान मतदाताओं का नाम, पता, आयु सहित अन्य आवश्यक जानकारियों का सत्यापन भी किया जा रहा है। बीएलओ लोगों को समय पर प्रपत्र जमा करने तथा मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर उसे सुधारने के लिए जागरूक कर रहे हैं। प्रशासन ने सभी पात्र मतदाताओं से अभियान में सहयोग करने और निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने की अपील की है। मौके पर पंचायत सचिव संगीता लकड़ा, बीएलओ मुसर्रत जहां, उर्मिला देवी मौजूद थीं।

### एसआईआर अभियान की सफलता को लेकर कांग्रेस की प्रखंड स्तरीय बैठक सम्पन्न




**दुलमी (रामगढ़) :** दुलमी प्रखंड स्थित राजकिशोर सिंह उच्च विद्यालय में प्रखंड कांग्रेस कमिटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र करमाली ने की, जबकि संचालन अल्ताफ अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष सह रामगढ़ विधायक ममता देवी, रामगढ़ जिला प्रभारी शिवकुमार भगत, रामगढ़ विधानसभा प्रभारी राजीव रंजन राजू, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी बजरंग महतो, परवेज अंसारी तथा दुलमी प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश सहित प्रखंड, मंडल एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारी, बूथ लेवल एजेंट (बीएलए), वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सत्यापन कार्यक्रम की विस्तृत समीक्षा की गई। अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने के लिए संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा करते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। बैठक में उपस्थित नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज होना आवश्यक है। सभी साथियों से अपील की गई कि वे अपने-अपने मतदान केंद्रों पर बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाता सत्यापन अभियान को सफल बनाएं तथा अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ें। बैठक का समापन संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र महतो, रहबर अंसारी, विरेन्द्र कुमार, कुवर महतो, कोलेश्वर महतो, महेंद्र ओहदार, छोटन कुमार, महताब राही, इमदाद अंसारी, राजेश गंझू, प्रदीप गंझू, धनेश्वर भोक्ता, धनंजय कुमार, आजाद कुमार, रामप्रसाद महतो, प्रेम मुंडा, शिव कुमार, आशीष प्रजापति, तौफीक अंसारी, मुखलाल महतो, नागेंद्र महली, आशा देवी, सचिन कुमार, खिरोधर महतो, नानहू ओहदार, अजय चौधरी, प्रदीप भोक्ता, इनाम अंसारी आदि उपस्थित थे।

# बेड़ो में वर्षा के अभाव में नहीं शुरू हुई धान रोपनी, किसान चिन्तित



- हजारों एकड़ खेत खाली, जुलाई का महीना शुरू होने पर आसमान से नहीं बरसी राहत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय सहित पूरे प्रखंड में धान की खेती पूरी तरह मानसून पर निर्भर है। लेकिन इस वर्ष जुलाई का महीना शुरू हो गया है और अभी तक पर्याप्त वर्षा नहीं होने से क्षेत्र के किसान बेहद चिंतित हैं। प्रखंड की हजारों एकड़ कृषि योग्य भूमि पर वर्षा के अभाव में धान की रोपनी शुरू नहीं हो सकी है। किसानों द्वारा डाले गए बीज से बिचड़ा तो निकल आया है, लेकिन पानी के बिना उसका समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। कई जगह तो अभी तक बीज भी नहीं डाले जा सके हैं।

**समय बीत रहा, खेत में पानी नहीं : पंकज कुजुर**

**बेड़ो** के चरिमा गांव के किसान पंकज कुजुर ने बताया कि खेती का समय तेजी से बीत रहा है, पर इतनी वर्षा भी नहीं हुई कि खेतों में पानी ठहर सके और रोपनी शुरू हो। गांव के कुंआ व तालाब भी सूखे पड़े हैं। वर्षा की कमी के कारण खेतों की तैयारी भी नहीं हो पा रही है। प्रखंड के किसान ब्रजेश,विशेश्वर, पवन व राजेश का कहना है कि इस वर्ष भी अकाल की आशंका से किसान घबराए हुए हैं। प्रखंड में कृषि, पशुपालन व मजदूरी पर निर्भर लोगों की संख्या सर्वाधिक है। जुलाई में आमतौर पर रोपनी का काम शुरू हो जाता था, लेकिन इस बार खेत खाली पड़े हैं। वहीं साधन-संपन्न कुछ किसान किसी तरह बिचड़े को बचा पाए हैं, पर अधिकांश किसानों के चेहरों पर मायूसी है। सभी आसमान की ओर टकटकी लगाए झमाझम वर्षा का इंतजार कर रहे हैं।

## केन्द्रीय विद्यालय, डकरा का संजय सेठ ने किया उद्घाटन

**रांची :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के एनके क्षेत्र अंतर्गत स्थित केन्द्रीय विद्यालय, सीसीएल, डकरा का गुरुवार को भव्य समारोह में उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद महुआ माजी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर कांके के पूर्व विधायक समरी लाल, सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, निदेशक (योजना एवं परियोजना) अनुप हंजुरा और केंद्रीय विद्यालय संगठन के उप-आयुक्त एसजे जोगलेकर की मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्मारिका (सुवेनियर) के विमोचन से हुआ।

# भुरकुंडा में रोटरी क्लब ने मनाया स्थापना दिवस




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भुरकुंडा :** रोटरी क्लब ने बुधवार शाम को भुरकुंडा शगुन बैंक्विट हॉल में स्थापना दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता श्रीकांत गुप्ता और संचालन धनंजय अग्रवाल ने किया। यह कार्यक्रम रोटरी क्लब भुरकुंडा का स्थापना दिवस देर शाम सादे समारोह में क्लब के सदस्यों के बीच मनाया गया। ज्ञात हो रोटरी क्लब भुरकुंडा इस बार सिल्वर जुबली वर्ष में प्रवेश कर चुका है, जिसे क्लब पूरी धूम धाम से मनाएगा। पिछले सत्र के प्रेसिडेंट रो रणजीत गुप्ता सचिव समरेन्द्र साह ने नए सत्र 2026-2027 के अध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता और सचिव प्रवीण शर्मा को पदभार सौंपा । क्लब के वयोबृध रोटेरियन एमएम झा ने नई टीम को आशीर्वाद दिया। संस्थापक अध्यक्ष प्रमजीत सिंह धामी, संस्थापक सचिव धनंजय अग्रवाल और एनके सिंह ने तीन नए सदस्यों को शॉल और रोटरी की लेबल पिन लगा के सदस्यता ग्रहण करवाई। नए सदस्यों में डॉ जेडआई खान, धनंजय यादव, पप्पू सिंह शामिल हुए। इस कार्यक्रम में रांची क्लब से आए प्रवीण राजगढ़िया को मुख़्तार सिंह ने बुके दे कर सम्मानित किया। क्लब के रो अजय गोयल के सुपुत्र डॉ रौनक गोयल को भी बुके दे के सम्मानित किया गया। इस साल भी रोटरी भुरकुंडा समाज सेवा से संबंधित कार्य जारी रखेगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अजय गोयल कोषाध्यक्ष, मुख्तार सिंह, अशोक शर्मा, एनपी सिन्हा का विशेष योगदान रहा।

## बीवीएम महिला महाविद्यालय बेड़ो में आईए प्रथम वर्ष की कक्षा का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** विशु भगत मेमोरियल महिला महाविद्यालय बेड़ो में बुधवार से इण्टरमीडिएट 11 वीं कक्षा का शुभारंभ प्राचार्य प्रो करमा उरांव ने ज्ञान का दीपक जलाकर किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए नियमित कक्षाएं, अनुशासन,पाठ्यक्रम और रूटीन का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने महाविद्यालय के उत्थान में शिक्षकों व कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय,सहयोग व तत्परता की सराहना किया। साथ ही महाविद्यालय के इण्टरमीडिएट के वार्षिक परीक्षाफल पर संतोष व्यक्त करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले विद्यार्थियों को शुभकामना दिया। इस दौरान महाविद्यालय में इण्टरमीडिएट में नवनामांकित विद्यार्थियों का शिक्षकों व वरीय छात्राओं ने स्वागत किया। वहीं मौके पर प्रो प्राचार्य करमा उरांव, शिक्षिकाओं में विभा लकड़ा, सुनीता टोप्पो, तुफेलुन निशा, लक्ष्मी लकड़ा, सीमा खलखो, संध्या खलखो, सुधीर कच्छप, संजय कच्छप व रीना देवी समेत सैकड़ों छात्राओं ने सराहनीय योगदान दिया।

## 'डॉक्टर्स डे' पर स्वास्थ्यकर्मियों ने दिखायी मानवता की मिसाल

# गोला सीएचसी के चार कर्मियों ने किया रक्तदान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** 'डॉक्टर्स डे' के अवसर पर सदर अस्पताल रामगढ़ के ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला के स्वास्थ्यकर्मियों ने मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। केंद्र के सात स्वास्थ्यकर्मियों में से अजय प्रजापति, सनोज महतो, जयनंदन महतो और आशाराम बेदिया ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन की रक्षा के लिए अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई। शिविर में मनोज कुमार महतो, अरुण कुमार तकनीशियन सहित कई चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा जीवनदान है। एक यूनिट रक्त कई लोगों की जिंदगी बचा सकता है और इसकी वास्तविक कीमत वही समझता है, जिसका कोई अपना समय पर रक्त नहीं मिलने के कारण संकट में पड़ जाता है। स्वास्थ्यकर्मियों ने आम लोगों से अपील की कि वे किसी भी भ्रम या डर से बाहर निकलकर नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करें। उनका कहना था कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और जरूरत पड़ने पर केवल इंसान ही इंसान के काम आता है। ऐसे जनहितकारी अभियान समाज में सेवा, संवेदना और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं।

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा 07 जुलाई से




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** चित्तरंजन सेवा सदन परिसर स्थित अजितेश्वर धाम के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर सात दिवसीय श्री 1008 श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक अनुष्ठान 07 जुलाई से 13 जुलाई 2026 तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन वृंदावन धाम से पधारने वाले कथावाचक आचार्य अजय कुमार शास्त्री द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का पाठ किया जाएगा। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भगवान की मनमोहक झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। आयोजन समिति की प्रमुख वंदना अम्बष्ट के अनुसार 07 जुलाई को सुबह 5 बजे से कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। कथा के समापन के उपरांत 14 जुलाई को भगवान श्री सत्यनारायण कथा, यज्ञ की पूर्णाहुति, प्रसाद वितरण तथा दोपहर 2 बजे से भंडारा का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक अनुष्ठान में क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है। कार्यक्रम का आयोजन अजितेश्वर धाम, चित्तरंजन सेवा सदन, गोला में होगा। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

# नहीं थम रहा आकाशीय बिजली का कहर

- जून महीने में नरकोपी व बेड़ो में वज्रपात से 02 किसानों, 06 गाय व 03 बैल की मौत
- हादसे के बाद पीड़ित परिवारों पर टूटा मुसीबतों का पहाड़, मुआवजे की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** मानसून की दस्तक के साथ ही झारखंड में आकाशीय बिजली का कहर लगातार जारी है। जून महीने में बेड़ो व नरकोपी प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में वज्रपात ने जमकर तबाही मचाई। अलग-अलग घटनाओं में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो किसानों की मौत हो गई, जबकि छह गाय व तीन बैल भी काल के गाल में समा गए। हादसे के बाद मृतक किसानों के परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। बैल व गायों की मौत से खेती-किसानी का काम बुरी तरह प्रभावित हुआ है। रोजमर्रा की जरूरतों की खरीद भी मुश्किल हो गई है। ग्रामीणों के अनुसार, वर्षा के दौरान खेत में काम कर रहे किसानों और चरने गए मवेशियों पर अचानक गिरी आकाशीय बिजली ने यह तबाही मचाई।

**मुआवजे की उठी मांग**

**पीड़ित** परिवारों व ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतक किसानों के परिजनों को आपदा राहत कोष से उचित मुआवजा और मवेशियों की क्षति का मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि खेती-बारी ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है। बैलों की मौत से जुताई-बुवाई का संकट खड़ा हो गया है।

**आकाशीय बिजली से बचाव के लिए सावधानियां**

1. पेड़ के नीचे न छुपें

आंधी-तूफान व वर्षा के दौरान कभी भी किसी पेड़ के नीचे आश्रय न लें। बिजली गिरने का सबसे अधिक खतरा पेड़ों पर ही होता है।

2. सुरक्षित स्थान पर जाएं, खेत में काम बंद कर दें

**अगर** आप खेत या खुले मैदान में हैं, तो तुरंत किसी पक्के मकान में चले जाएं। बिजली कड़कने पर धान की बीड़ा, रोपाई या अन्य कृषि कार्य तुरंत रोककर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं।

3. पानी और धातु से दूर रहें

बिजली चमकने पर धातु की वस्तुओं जैसे साइकिल, ट्रैक्टर, हंसुआ-खुरपी से दूर रहें। तालाब, नदी या पानी से भरे खेत से तुरंत बाहर निकल जाएं। मोबाइल का इस्तेमाल न करें और बिजली के खंभों से दूरी बनाकर रखें।

## झारखंड के डुमरी में सबसे अधिक 92 मिलीमीटर बारिश दर्ज

**रांची :** राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान सबसे अधिक बारिश गिरिडीह जिले के डुमरी में 92.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। यह जानकारी मौसम विभाग ने गुरुवार को दी। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश दर्ज की गई। राज्य के जिन इलाकों में बारिश रिकार्ड की गई है उनमें मधुपुर 80.2 मिलिमीटर, हजारीबाग डीवीसी में 74.2, कोनर डीवीसी में 54.6, गारू में 53 मिमी, नंदाडीह में 45, पलामू के नौडीहा बाजार में 38.2 मिमी, कोलेबिरा में 35.4 मिमी, डाल्टनगंज में 33.6 मिमी, सिलाईचक में 31, सिसई में 29.4 मिमी, जरमुंडी में 28.6 मिमी और तोपचांची में 27.2 मिलीमीटर सहित इलाके शामिल हैं।

## मां छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज की व्याख्याता बिनीता सिन्हा की मनायी गयी छठी पूण्यतिथि

# दिवंगत बिनीता सिन्हा काफी मृदुभाषी, मिलनसार, व्यवहारिक व शिक्षित महिला थी : सुजीत सिन्हा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गुरुवार को मां छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज गोला की पूर्व व्याख्याता (इतिहास) बिनीता सिन्हा की छठी पुण्यतिथि सादगीपूर्ण तरीके से मनाई गई। इस अवसर पर दिवंगत बिनीता के तस्वीर पर उनके पति सह माँ छिन्नमस्ता इंटर कॉलेज के सचिव सुजीत सिन्हा ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने दिवंगत बिनीता सिन्हा के बारे में कहा कि वो काफी मृदुभाषी, मिलनसार एवं व्यवहारिक एवं शिक्षित महिला थी। उन्होंने कहा कि द्वेष, इर्ष्या एवं घमंड उनसे कोसों दूर था। यही सब उनके व्यक्तित्व को और निखारता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने शैक्षणिक काल में छात्र/छात्राओं से काफी घुलमिलकर दोस्ताना तरीके से पेश आती थी इसलिए उनकी कमी सबको काफी खलती है। इस मौके पर उनको महाविद्यालय में श्रद्धांजलि देने वालों में आशीष कुमार मिश्रा, मनोज कुमार झा, भोला कुमार महथा, अशोक कुमार, असगर अली, मृतुंजय पोद्दार, शिवशंकर तिवारी, संजीव कुमार सिन्हा, महरु रजवार, दिलीप रजवार शामिल थे। साथ ही उनके निवास स्थान में भी उन्हें श्रद्धांजलि दी गई उनमें दिवंगत बिनीता सिन्हा के श्वसुर अलख कुमार सिन्हा, पुत्र सौरभ सिन्हा, पुत्री स्नेहा सिन्हा (अधिवक्ता), आकाश बक्शी एवं अनमोल मिश्रा ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रदीप चन्द्र लाला, कुँवर कुमार बक्शी, अरुण कुमार बक्शी, अनुप कुमार सिन्हा, रविन्द्र कुमार सिन्हा, संजय बक्शी, सुमन कुमार सिन्हा, वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार मिश्र, अशोक कुमार, प्रभात कुमार, पुष्पा लाला, रेणु मिश्रा सहित कई अन्य शामिल थें।

# भारत भारती विद्यालय उरीमारी में पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**उरीमारी :** भारत भारती विद्यालय उरीमारी में गुरुवार को सीसीएल के सीएसआर विभाग की ओर से पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सीसीएल के स्वच्छता पखवाड़े के दौरान विभिन्न गतिविधियों में विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सीएसआर के नोडल ऑफिसर रोमित कुमार, जीआर भगत, संजय शर्मा, अर्जुन सिंह और लकी सिंह उपस्थित थे।अतिथियों के आगमन पर विद्यालय के हेड बॉय और हेड गर्ल द्वारा अतिथियों को तिलक लगाया और विद्यालय के सहायक निदेशक अभिषेक कुमार यादव द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के तहत सीसीएल द्वारा 15 जून से 30 जून तक चलाए गए 'स्वच्छता पखवाड़ा जागरूकता अभियान' के अंतर्गत विद्यालय में ड्राइंग और नाटक प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान दो समूहों में आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं से सातवीं में कक्षा सातवीं की ट्यूलिप कुमारी पहले, कक्षा आठवीं की प्रिया कुमारी दूसरे और कक्षा पांचवीं की ज्योति कुमारी तीसरे स्थान पर रही। जबकि कक्षा आठवीं से 10वीं में पहले स्थान पर कक्षा 10वीं अंजलि कुमारी, दूसरे स्थान पर कक्षा आठवीं के चंद्रप्रकाश कुमार और तीसरे स्थान पर कक्षा 10वीं की अदीबा परवीन रही। वहीं नाटक प्रतियोगिता में दिव्या कुमारी, राशि कुमारी, लाडली कुमारी, आराध्या कुमारी, निक्की कुमारी, शुभम कुमार, श्रेयांश कुमार, सौम्या कुमारी, आयुष कुमार, प्रियांशु कुमार एवं कृष्णा कुमार ने भाग लेकर दर्शकों की सराहना बटोरी।सभी विजेता बच्चों को नोडल ऑफिसर रोमित कुमार एवं अन्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए रोमित कुमार ने बच्चों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि केवल आसपास की सफाई ही नहीं, बल्कि घर एवं शरीर की साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। अवसर पर विद्यालय के सचिव गोपाल यादव, निदेशक अनिमेष कुमार यादव, सहायक निदेशक अभिषेक कुमार यादव, उप प्राचार्य अर्जुन कुमार साव सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गजराज का कहर जारी: परसाडीह में तोड़े तीन घर, दहशत में ग्रामीण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला प्रखंड के हेंसापोड़ा पंचायत अंतर्गत परसाडीह गांव में जंगली हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात हाथियों के झुंड ने गांव में घुसकर जमकर उत्पात मचाया और विष्णु मुर्मू (पिता स्वर्गीय चमरू मुर्मू), जितराम मुर्मू (पिता स्वर्गीय बसिया मुर्मू) तथा सुखलाल मुर्मू के घरों को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घरों में रखा अनाज और अन्य सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि समय रहते ग्रामीण घरों से बाहर निकल गए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। पीड़ित परिवारों ने बताया कि यदि वे समय रहते बाहर नहीं निकलते तो बड़ा हादसा हो सकता था। पूरी रात ग्रामीण भय के साए में जागकर बिताने को मजबूर हुए। बिना पर्याप्त संसाधनों के ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद हाथियों को गांव से खदेड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में हाथियों का विचरण लगातार हो रहा है, लेकिन वन विभाग की ओर से उन्हें रोकने या सुरक्षित स्थान की ओर ले जाने के लिए कोई प्रभावी और स्थायी व्यवस्था नहीं की जा रही है। उनका कहना है कि हर घटना के बाद अधिकारी केवल औपचारिकता निभाते हैं, जबकि स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं होती। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि क्या वन विभाग किसी बड़े हादसे के बाद ही सक्रिय होगा? ग्रामीणों ने यह भी कहा कि जंगली हाथियों द्वारा प्रत्येक वर्ष घरों के साथ-साथ महीनों की मेहनत से जुटाया गया अनाज भी नष्ट कर देते हैं। इसके बावजूद क्षति के अनुरूप मुआवजा नहीं मिलता और मुआवजा प्राप्त करने के लिए भी लंबी प्रक्रिया व कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों के स्थायी प्रबंधन, त्वरित राहत और उचित मुआवजा सुनिश्चित करने की मांग की है।

## एक झलक

### आरएस फाउंडेशन ने चार्टर्ड अकाउंटेंट दीपक बंका को किया सम्मानित



रांची : सीए डे के उपलक्ष्य पर जो हर वर्ष 01 जुलाई को मनाया जाता है, सामाजिक उत्थान और सामुदायिक कल्याण के लिए समर्पित धर्मार्थ ट्रस्ट, आर एस फाउंडेशन (R S Foundation) ने प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट और सामाजिक-राजनीतिक नेतृत्वकर्ता, सीए दीपक बंका (CA Deepak Banka) को सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें वित्तीय क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, शैक्षिक विकास और सामुदायिक सेवा के प्रति उनके अटूट समर्पण के लिए प्रदान किया गया है। अपनी सीए फर्म 'एन.के.डी. एंड कंपनी' (N.K.D. & Co.) के माध्यम से एक सफल व्यावसायिक अभ्यास का संचालन करने के साथ-साथ, श्री बंका ने हमेशा अपनी विशेषज्ञता का उपयोग सामाजिक विकास को गति देने, शारदा ग्लोबल स्कूल के निदेशक के रूप में शैक्षिक पहलों को बढ़ावा देने और पारदर्शी व नैतिक नेतृत्व को आगे बढ़ाने में किया है।

### सास की हत्या में बहू दोषी करार, सजा पर 14 जुलाई को सुनवाई

रांची : रांची के लापुंग थाना क्षेत्र में आपसी विवाद के दौरान सास की हत्या के मामले में अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने आरोपित बहू फूलो देवी को दोषी ठहराया है। अदालत सजा के बिंदु पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगी। मामले में फूलो देवी ट्रायल का सामना कर रही थी। अभियोजन के अनुसार, घटना 9 जून 2024 को लापुंग थाना क्षेत्र के कारूंम गांव में हुई थी। आरोपित के पति ने घटना के बाद लापुंग थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के मुताबिक, आपसी विवाद के दौरान फूलो देवी ने अपनी सास मानमईत देवी के सिर पर ईंट से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद उन्हें जमीन पर पटककर गला दबा दिया, जिससे उनकी मौत हो गई।

### ओपन जेलों की निगरानी पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से 20 जुलाई तक स्टेटस रिपोर्ट तलब

रांची : झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य के ओपन जेलों की निगरानी व्यवस्था पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। अदालत ने सरकार को 20 जुलाई तक विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया है। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ में हुई। राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में ओपन जेल की मॉनिटरिंग को लेकर कमेटी गठित कर दी गई। इस पर अदालत ने 20 जुलाई तक सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल कर आगे की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी मांगी है। अब मामले की अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव को 10 दिनों में तीन सदस्यीय मॉनिटरिंग कमेटी बनाने का निर्देश दिया था। साथ ही सरकार को 24 जून 2026 तक अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा गया था। राज्य सरकार को झारखंड में संचालित सभी ओपन जेल की स्थिति, प्रबंधन और कार्यप्रणाली का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। दरअसल, उच्चतम न्यायालय ने देश के सभी राज्यों को ओपन जेल की मॉनिटरिंग करने के लिए गृह विभाग को एक कमेटी बनाने को कहा है। कमेटी ओपन जेल की मॉनिटरिंग करें और वहां मिल रही चिकित्सा सुविधा, भोजन आदि सुविधा को बेहतर करने सहित कैदियों को मुख्य धारा से जोड़ने पर काम करें।

### यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया का 7वां झारखंड एक्सीलेंस अवार्ड-2026 गरिमामय वातावरण में सम्पन्न

# राज्यपाल ने 17 विशिष्ट विभूतियों को किया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, झारखंड राज्य शाखा एवं रांची यूनिट द्वारा रांची विश्वविद्यालय के सहयोग तथा कुछ खास इवेंट्स के इवेंट मैनेजमेंट सहयोग से आयोजित 7वो झारखंड एक्सीलेंस अवार्ड-2026 का भव्य आयोजन गुरुवार को आर्यभट्ट सभागार, रांची विश्वविद्यालय परिसर, मोराबादी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार तथा विशिष्ट अतिथि भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सी पी सिंह, विधायक रांची, रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. (डॉ.) सरोज शर्मा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) राजीव मनोहर, सरला बिरला यूनिवर्सिटी के वाईस चांसलर प्रो. (डॉ.) जगनाथन चोकलिंगम, बिपिन कुमार राय, मनरखन महतो, विष्णु अग्रवाल आदि थे। समारोह के प्रारम्भ में युथ हॉस्टलस एसोसिएशन के वाईस प्रेसिडेंट सुनील साहू ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी, आईएएस, अध्यक्ष, यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, झारखंड राज्य शाखा ने की। स्वागत भाषण में उन्होंने कहा कि झारखंड एक्सीलेंस अवार्ड समाज के उन प्रेरणास्त्रोत व्यक्तित्वों का सम्मान है जिन्होंने अपने उत्कृष्ट कार्यों से झारखंड एवं देश का गौरव बढ़ाया है तथा नई पीढ़ी के लिए आदर्श स्थापित किए हैं। अपने संबोधन में भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि भारत के युवा आज अपनी प्रतिभा, परिश्रम और नवाचार के बल पर विश्व के हर मंच पर अपनी पहचान बना रहे हैं। नया भारत आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर और विश्व का नेतृत्व करने वाला भारत है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह समाज में उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि सम्मान केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि उसके द्वारा स्थापित सामाजिक मूल्यों, उत्कृष्ट कार्यों और उपलब्धियों का होता है। उन्होंने कहा कि यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया जैसे संगठन युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, साहसिकता, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 17 विशिष्ट विभूतियों को झारखंड एक्सीलेंस अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया।

## राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने 'अमृतलाल नागर : भारतीय धर्म व संस्कृति' पुस्तक का किया अनावरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को अमृतलाल नागर भारतीय धर्म और संस्कृति पुस्तक का लोकार्पण करते हुए कहा कि भारतीय धर्म और संस्कृति की समृद्ध परंपरा को समझने तथा नई पीढ़ी तक पहुंचाने में ऐसे शोधपरक ग्रंथों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक अमृतलाल नागर के कथा-साहित्य के माध्यम से भारतीय धर्म, संस्कृति और जीवन-मूल्यों का गंभीर व संतुलित अध्ययन प्रस्तुत करती है। राज्यपाल ने कहा कि अमृतलाल नागर का साहित्य भारतीय समाज, सांस्कृतिक चेतना और मानवीय संवेदनाओं का सशक्त दस्तावेज है। भारतीय संस्कृति की सहिष्णुता, समन्वय और मानवीय दृष्टिकोण जैसे मूल्यों का पुस्तक में गंभीरता से उल्लेख किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा भारतीय संस्कृति में रुचि रखने वाले सभी पाठकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी और हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देगी। राज्यपाल ने अपने जीवन के प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि आपातकाल के दौरान उन्हें लगभग एक वर्ष तक कारागार में रहना पड़ा था। उस अवधि में उन्हें अनेक साहित्यिक पुस्तकों एवं उपन्यासों के अध्ययन का अवसर मिला।

## लॉ एंड ऑर्डर उप समिति की हुई बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की लॉ एंड ऑर्डर उप समिति की बैठक आज चैंबर भवन में हुई। उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया और राम बांगड़ ने संयुक्त रूप से कहा कि राज्य के आर्थिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने के लिए मजबूत कानून-व्यवस्था सबसे महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने मुख्यमंत्री महोदय के साथ झारखण्ड चैम्बर की हुई बैठक में अन्य विषयों के अलावा विधि व्यवस्था की मजबूती के लिए उनकी प्रतिबद्धता का स्वागत किया और विश्वास व्यक्त किया कि इससे राज्य की विधि व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। सदस्यों ने माननीय मुख्यमंत्री द्वारा राज्य की विधि व्यवस्था पर स्वयं संज्ञान लेने को सकारात्मक पहल बताते हुए इसका स्वागत किया। सह सचिव नवजोत अलंग और रोहित पोद्दार ने यह सुझाया कि वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानों का नियमित औचक निरीक्षण किया जाना चाहिए। लॉ एंड ऑर्डर उप समिति के चेयरमैन मुकेश अग्रवाल ने कहा कि चैंबर द्वारा थाना स्तर पर प्रत्येक माह आयोजित होनेवाली पुलिस-व्यापारी समन्वय बैठकों से सकारात्मक परिणाम आ रहे हैं। इन बैठकों से स्थानीय समस्याओं के समाधान में मदद मिल रही है तथा पुलिस और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हुआ है। इस व्यवस्था को पूरे राज्य में और अधिक प्रभावी बनाने के लिए झारखण्ड चेंबर पुलिस मुख्यालय के समक्ष पहल करेगा।

### 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत डालसा का हुआ आयोजन

## जवानों व उनके परिवारों को त्वरित न्याय देना ही लक्ष्य : डालसा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : न्यायमूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश पर एवं सदस्य सचिव झालसा, कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त, रांची अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव राकेश रौशन की मौजुदगी में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इसी आलोक में नगड़ी प्रखण्ड के सपारोम पंचायत भवन में नालसा वीर परिवार योजना -2025 पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी एलएडीसी श्री पंकज कुमार शर्मा, पीएलवी सोनम कुमारी, रिना लिंडा,



उमेष कुमार, पंकज कुमार, भुप्रताप महतो, रिता कुमारी महली, चालक राजा वर्मा समेत अन्य लोग उपस्थित थे। डिप्टी एलएडीसी पंकज कुमार शर्मा ने कहा कि नालसा वीर परिवार सहायता योजना- 2025 भारतीय सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों, पूर्व सैनिकों तथा उनके आश्रितों को मुफ्त कानूनी सहायता देने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई एक राष्ट्रीय स्तर की विधिक योजना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों को अपने घर-परिवार से जुड़े कानूनी विवादों के लिए कोर्ट-कचहरी के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने इस योजना का उद्देष्य को बताते हुए कहा कि इस योजना के जरिए जवानों की सेवा से जुड़ी कठिन और विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उन्हें त्वरित और सक्षम न्यायिक सहयोग प्रदान किया जाता है। जवानों के पति-पत्नी, बच्चे, माता-पिता एवं इनके आश्रित परिवार जनों को त्वरित न्याय देना है। यह भी ज्ञात हो कि श्री शमा ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार कैसे कार्य करती है। इस प्राधिकार से किस तरह से लिगल-ऐड लिया जा सकता है, इसकी जानकारी दी एवं उन्होंने साईब्रर क्राईम पर भी फोकस किये और इससे बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी। आगे उन्होंने नालसा टॉल फ्री नम्बर -15100 पर फोकस किये। डालसा के पीएलवी ने उपस्थित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकारी, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं की जानकारी दी तथा आगामी 12 सितम्बर को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की भी जानकारी दी।

## डीएसपीएमयू में आदिवासी छात्र संघ का ताला-बंदी प्रदर्शन, फूंका पुतला



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में गुरुवार को आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) ने अध्यक्ष विवेक तिर्की के नेतृत्व में ताला-बंदी कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के कारण सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित रहीं। विरोध प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कुलपति एवं खेल विभाग के समन्वयक का पुतला दहन किया तथा चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा। छात्रों ने खेल विभाग में कथित अनियमितताओं, अवैध वसूली और महिला छात्राओं के साथ कथित दुर्व्यवहार के आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान एसीएस अध्यक्ष विवेक तिर्की सहित अन्य नेताओं ने आरोप लगाया कि खेल शिक्षक परमेश्वर महतो ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल कराने के नाम पर खिलाड़ियों से अवैध रूप से धन की वसूली की।

## एचईसी मजदूरों का वेतन भुगतान 07 जुलाई तक होने का आश्वासन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : एचईसी मजदूरों की आमसभा में गुरुवार को विभिन्न श्रमिक समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर हटिया स्थित एचईसी परिसर में चर्चा की गई। सभा की अध्यक्षता राम कुमार नायक ने की, जबकि हरेंद्र प्रसाद यादव ने मजदूरों के समक्ष मांगपत्र पढ़कर सुनाया। सभा के बाद प्रबंधन को मांगपत्र सौंपे जाने की जानकारी दी गई। सभा को संबोधित करते हुए जान मोहम्मद ने मजदूरों से मान्यता प्राप्त यूनियन के साथ एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के कटे हुए अधिकारों की बहाली के लिए यूनियन संघर्ष के साथ-साथ प्रबंधन से वार्ता भी करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले आंदोलनों में मजदूरों को नुकसान उठाना पड़ा है, लेकिन एकजुटता के बल पर सभी सुविधाएं फिर से बहाल कराने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर भवन सिंह ने कहा कि मजदूरों का वेतन हर हाल में 07 जुलाई 2026 तक भुगतान कर दिया जाएगा, जबकि 04 जुलाई 2026 या उसके बाद किसी भी दिन वेतन जारी होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि सप्लाई मजदूरों को जल्द ही पीएफ लेजर भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए उत्पादन बढ़ाना और मजदूरों की एकता सबसे महत्वपूर्ण है। सभा के समापन के बाद मांगपत्र प्रबंधन को सौंप दिया गया।

## पुलिस मनगढ़ंत कहानी गढ़कर केस को दबाने और निर्दोष को फंसाने का कर रही काम : आदित्य साहू

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने जमशेदपुर हिमांशु सिंह हत्याकांड में पुलिस और राज्य सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करते हुए कहा कि झारखंड में कोई भी घटना घटित होने पर मामले को डायवर्ट करने का पुलिस का स्वभाव बन चुका है। पुलिस घटना के मूल चीजों से ध्यान भटकाने का काम करती है। पूर्व के कई घटनाओं में इस प्रकार की चीजें देखने को मिली है। जमशेदपुर मामले में भी इसी की पुनरावृत्ति की जा रही है। जमशेदपुर मामले में मनगढ़ंत कहानी गढ़कर केस को दबाने और निर्दोष को फंसाने का काम कर रही है। पुलिस और सरकार को इससे बाज आनी चाहिए। साहू गुरुवार को रांची के हरमू स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। साहू ने कहा कि इस मामले में जिस व्यापारी नीरज सिंह का नाम पुलिस ला रही है, जिस दिन घटना घटी उस दिन नीरज सिंह अपने प्रतिष्ठान में थे भी नहीं। नीरज सिंह अपने प्रतिष्ठान को काफी दिनों से चलाने का काम करते रहे हैं। यह बार अवैध रूप से संचालित नहीं किया जा रहा है। इसे चलाने के लिए सरकार ने बकायदा लाइसेंस दिया है और तमाम सरकारी प्रावधानों का अनुपालन करते हुए बार का संचालन नीरज सिंह के जरिये किया जा रहा है।

## सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में निराश्रितों को कराया गया भोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : परमहंस डॉ. संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के सानिध्य मे एम.आर.एस.श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची के द्वारा संचालित विगत 2 वर्षों से चल रहे पीड़ित मानव सेवा के पावन तीर्थ स्थल श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम पुंदाग के प्रांगण में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) रांची में आश्रम में रह रहे 48 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा मे समर्पित सेवादारों को प्रतिदिन तीनों समय विभिन्न व्यंजनों के साथ अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसादी का विधिवत आश्रम के किचन में स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन बनवाकर भोजन खिलाया जा रहा है। सद्गुरु कृपा



अपना घर आश्रम के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 19 जून से 2 जुलाई तक 14 दिनों मे 3080 निराश्रित प्रभुजी एवं उनकी देखभाल करने वाले सेवादारों को भोजन कराया गया।उन्होंने बताया कि आश्रम के रसोई घर में पूरी स्वच्छता एवं सात्विकता के साथ विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन तैयार किया जाते हैं। तथा प्रत्येक निराश्रित प्रभुजन को सम्मान पूर्वक, स्नेह और आत्मीयता के साथ भोजन कराया जाता है। इस सेवा में कई लोगों ने सहयोग देते हुए स्वयं भोजन सेवा का दायित्व निभाया, इसके अलावे कई लोगों द्वारा आश्रम में रह रहे निराश्रितो, मंदबुद्धि, दीनबंधुओं के लिए खाद्य सामग्री एवं जरूरत के समान प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि सेवा कार्यों को समाज के हर वर्ग का सहयोग और प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मानव प्रभु सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। जरूरतमंदों की सेवा ही ईश्वर की सच्ची अराधना है। अन्नपूर्णा सेवा के पुनीत कार्य में ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज कुमार चौधरी,निर्मल छावनिका, सज्जन पाड़िया, पुजारी अरविंद पांडे, पुरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल,सुरेश अग्रवाल, नन्द किशोर चौधरी, संजय सर्राफ, विशाल जालान, सुनील पोद्दार, मधुसूदन जाजोदिया, विष्णु सोनी, सुरेश चौधरी, अरविंद अग्रवाल, सुरेश भगत,पवन पोद्दार सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## जेवीएम श्यामली में काव्य पाठ प्रतियोगिता के विजेता छात्र सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : जवाहर विद्या मंदिर (जेवीएम) श्यामली के दयानंद प्रेक्षागृह में आयोजित दो दिवसीय संस्कृत काव्य पाठ प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के प्राचार्य बीएन झा ने कहा कि संस्कृत हमारी संस्कृति की आत्मा है। इसके अध्ययन और वाचन से विद्यार्थियों में शुद्ध उच्चारण, एकाग्रता, संस्कार और बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जूनियर वर्ग (कक्षा 9-10) में ध्रुव नंदन झा ने प्रथम, वेदांत और कुमारी नंदिनी ने द्वितीय एवं नितिन सौरभ और सृष्टि प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सब-जूनियर वर्ग (कक्षा 6-



8) में अनुष्का मिश्रा प्रथम, नंदिनी सिन्हा और अद्यानशा पलक द्वितीय एवं प्रतीक कुमार तथा रुद्र प्रताप पाठक संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा छह से 10 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए संस्कृत श्लोकों, स्तोत्रों और काव्यों का सस्वर पाठ प्रस्तुत किया। महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र, शिव तांडव स्तोत्र, लिंगाष्टकम, मधुराष्टकम, गीत गोविंद, श्रीराम स्तुति, श्रीहरि स्तोत्र और गणेश स्तोत्र सहित विभिन्न रचनाओं की प्रस्तुति से पूरा सभागार भक्तिमय वातावरण में सराबोर हुआ। प्रतियोगिता का मूल्यांकन वरिष्ठ संस्कृत शिक्षक अमरेंद्र पाठक और अखिलेंद्र झा ने किया। कार्यक्रम में बडी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### रक्षा राज्य मंत्री ने अपने घर पर बतायी पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

## सौर ऊर्जा अपनायें, बिजली बचायें; पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें : संजय सेठ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अपने रांची स्थित आवास की छत पर रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित कराया है। इस अवसर पर उन्होंने अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए योजना की विशेषताओं एवं लाभों की विस्तार से जानकारी दी तथा आम नागरिकों से भी इस योजना का अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि आज भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विश्व के अग्रणी



देशों में शामिल हो चुका है। पिछले 12 वर्षों में स्वच्छ एवं अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में देश ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं और सौर ऊर्जा को जन-आंदोलन का स्वरूप मिला है। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य प्रत्येक परिवार को सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना है। इस योजना के अंतर्गत घरों की छतों पर रूफटॉप सोलर सिस्टम स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार आकर्षक सब्सिडी प्रदान कर रही है। इससे परिवारों का बिजली बिल कम होगा, ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बल मिलेगा। साथ ही कोयला एवं अन्य पारंपरिक ऊर्जा संसाधनों पर निर्भरता भी कम होगी। श्री सेठ ने कहा कि आज किसान सौर ऊर्जा के माध्यम से अपने खेतों की सिंचाई कर रहे हैं और आम नागरिक अपने घरों में बिजली का उत्पादन कर बिजली खर्च में उल्लेखनीय बचत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 300 यूनिट तक मासिक बिजली खपत वाले अनेक परिवार अपनी आवश्यकता के अनुरूप बिजली उत्पादन कर बिजली बिल में बड़ी बचत कर सकते हैं। वहीं, अतिरिक्त बिजली को नेट मीटरिंग के माध्यम से ग्रिड में भेजकर आय अर्जित करने का भी अवसर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत सामान्य श्रेणी के लाभार्थियों को 1 किलोवाट तक के सोलर सिस्टम पर ?30,000, 2 किलोवाट तक ?60,000 तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सोलर सिस्टम पर अधिकतम ?78,000 तक की सब्सिडी प्रदान की जाती है। श्री सेठ ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल अवश्य स्थापित करें। इससे न केवल बिजली के खर्च में कमी आएगी, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा और पर्यावरण संरक्षण के राष्ट्रीय अभियान को भी नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना विकसित भारत, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और हरित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं क्रांतिकारी कदम है।

## बेटियों के नोज पिन के नाम पर भाजपा स्कूलों में नफरत की राजनीति कर रही है : ऋषीकेश सिंह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : रांची के उसुर्लाइन कॉन्वेंट गर्ल्स स्कूल में नोज पिन को लेकर उत्पन्न विवाद पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश सचिव सह प्रदेश प्रवक्ता ऋषीकेश सिंह ने कहा कि शिक्षा के मंदिरों को राजनीतिक प्रयोगशाला बनाने की कोशिश दुर्भाग्यपूर्ण है। एक साधारण अनुशासनात्मक विषय को सुनियोजित तरीके से सांप्रदायिक रंग देकर भाजपा और उसके समर्थक समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। ऋषीकेश सिंह ने कहा कि देश के लगभग सभी प्रतिष्ठित सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों में निर्धारित यूनिफॉर्म और ड्रेस कोड लागू हैं। इनका उद्देश्य किसी धर्म, जाति या समुदाय का विरोध नहीं, बल्कि सभी विद्यार्थियों के बीच समानता, अनुशासन और भेदभाव रहित वातावरण सुनिश्चित करना है। यदि किसी छात्रा से विद्यालय के नियमों का उल्लंघन हुआ था, तो उसका समाधान विद्यालय प्रबंधन, छात्रा और अभिभावकों के बीच संवाद से सहजता से हो सकता था। इसे राजनीतिक मुद्दा बनाना पूरी तरह अनुचित है। ऋषीकेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस का स्पष्ट मानना है कि विद्यालय प्रबंधन को भी अनुशासन लागू करते समय संवेदनशील, संवादपूर्ण और मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, ताकि किसी भी छात्र-छात्रा की गरिमा और धार्मिक भावनाओं का सम्मान बना रहे।

## एक झलक

### हरली के पास सड़क हादसे में राजमिस्त्री की मौत

**दारु/हजारीबाग :** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-522 पर हरली के समीप रविवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर कुछ देर के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-522 को जाम कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पेशे से राजमिस्त्री दिनेश्वर राम सड़क पार कर रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में दिनेश्वर राम गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक चालक भी घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दारु थाना पुलिस तथा एसडीपीओ के सहयोग से दोनों घायलों को तत्काल शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेजा गया। वहां उपचार के दौरान दिनेश्वर राम की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-522 को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर अंचल अधिकारी रामबालक कुमार, थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों से वार्ता की। अंचल अधिकारी ने मृतक के परिजनों को सरकार द्वारा निर्धारित सभी सहायता एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में दारु थाना में कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### निसार खान को चौथी बार व बाबर अंसारी को पहली बार हजारीबाग जिला कांग्रेस कमिटी का बनाया गया उपाध्यक्ष



**हजारीबाग :** निसार खान की लम्बी राजनीतिक अनुभव को देखते हुए चौथी बार तथा बाबर अंसारी को युवा कौशल को देखते हुए पहली बार हजारीबाग जिला कांग्रेस कमिटी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अपनी नियुक्ती पर नेता द्वय ने अपने शीर्ष नेतृत्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के आमंत्रित सदस्य सह प्रदेश प्रभारी के. राजू प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया है। नेता द्वय को उपाध्यक्ष पद की नियुक्ती पर झारखंड हिन्दू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष सह प्रदेश महासचिव जयशंकर पाठक सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मुन्ना सिंह वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार प्रदेश महासचिव सुरजीत नागवाला प्रदेश कॉडिनेटर बिनोद कुशवाहा प्रदेश कॉडिनेटर शैलेन्द्र कुमार यादव प्रदेश सचिव रेणू कुशवाहा प्रदेश सचिव मनिषा टोप्पो सयुंक्त सचिव डॉ. प्रकाश कुमार वरिष्ठ कांग्रेसी रजी अहमद पूर्व सचिव शशी मोहन सिंह के अतिरिक्त कई कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए नेया द्वय को हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

### जीतपुर में फाइलेरिया जांच के लिए नाइट ब्लड सर्वे, 302 लोगों का लिया गया सैंपल

**बरही :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बरसोत पंचायत के जीतपुर स्वास्थ्य उपकेंद्र अंतर्गत सेंटिनल साइट बरसोंत गांव में बुधवार की रात 10 बजे से विशेष नाइट ब्लड सर्वे (रात्रिकालीन रक्त जांच अभियान) चलाया गया। इस अभियान के तहत 20 वर्ष से अधिक आयु के महिला एवं पुरुषों की फाइलेरिया जांच के लिए कुल 302 रक्त स्लाइड (ब्लड सैंपल) नमूना लिया गया। इस दौरान बरही अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि फाइलेरिया के परजीवी (पैरासाइट) रात के समय ही मानव रक्त में सक्रिय रहते हैं। इसी कारण इस बीमारी की सटीक पहचान के लिए रात्रिकालीन जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में यह नाइट ब्लड सर्वे एक महत्वपूर्ण कदम है। यह जांच अभियान अनुमंडलीय अस्पताल बरही के वीबीडी (वेक्टर बॉर्न डिजीज) सुपरवाइजर मो. ईरशाद आलम की निगरानी में आयोजित किया गया। अभियान की गुणवत्ता की निगरानी के लिए राज्य पिरामल टीम के असू राय एवं अर्क राज, जिला वीबीडी सलाहकार मैमूर सुल्तान तथा जिला पिरामल टीम के प्रमोद कुमार भी मौजूद रहे। अभियान में अनुमंडलीय अस्पताल के सीनियर लैब तकनीशियन प्रहलाद कुमार, विष्णु कुमार महतो, शाहिद अली, राहुल कुमार, मृत्युंजय चौरसिया (एमपीडब्ल्यू), संतोष कुमार एवं उपेंद्र कुमार दास ने सक्रिय भूमिका निभाते हुए कुल 302 रक्त पट्ट (ब्लड स्लाइड) संग्रह किए। वहीं, क्षेत्र की सहिया साथी माया देवी तथा सहिया बबीता देवी, शोभा देवी, वीणा देवी और यशोदा देवी ने ग्रामीणों को जागरूक करने और जांच के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि ऐसे अभियान फाइलेरिया की समय पर पहचान और इसके प्रभावी उन्मूलन में अहम भूमिका निभाते हैं।

# डीसी ने स्वीकृत विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद अंतर्गत स्वीकृत विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एनआरईपी, जिला परिषद, भवन प्रमंडल एवं विशेष प्रमंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25, 2025-26 एवं 2026-27 के तहत स्वीकृत योजनाओं की अद्यतन स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई।



समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों के कनीय अभियंताओं को निर्देश दिया कि वे कार्यस्थल पर नियमित रूप से उपस्थित रहकर संवेदकों द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। यदि किसी संवेदक द्वारा मानक के अनुरूप कार्य नहीं किया जाता है, तो उसका आचरण प्रमाण पत्र (Performance Certificate) निर्गत नहीं किया जाए। उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की लंबित योजनाओं को हर हाल में 15 अगस्त 2026 तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं, वित्तीय वर्ष 2026-27 में स्वीकृत योजनाओं को 26 जनवरी 2027 तक पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित करते हुए सभी विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में नए आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि सभी नए आंगनवाड़ी भवनों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली एवं तड़ित चालक का अधिष्ठापन अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि भवन पर्यावरणीय दृष्टि से टिकाऊ एवं सुरक्षित बन सकें। उपायुक्त ने कहा कि वे स्वयं क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभिन्न प्रखंडों में संचालित डीएमएफटी योजनाओं का निरीक्षण एवं समीक्षा करेंगे। उन्होंने सभी कार्यपालक अभियंताओं एवं संबंधित अधिकारियों को योजनाओं की प्रगति पर सतत निगरानी रखते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त रिया सिंह, प्रशिक्षु आईएएस पूर्वा अग्रवाल,जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने खेल अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण एवं खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर दिया जोर

**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में खेल विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन देने, खेल अधोसंरचना के विकास, आवासीय प्रशिक्षण केंद्रों के सुदृढ़ीकरण तथा खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कर्जन ग्राउंड स्थित खेल कार्यालय परिसर में अनाधिकृत रूप से संचालित अन्य कार्यालयों को यथाशीघ्र खाली कराने का निर्देश दिया, ताकि खेल गतिविधियों के संचालन के लिए आवश्यक संसाधन एवं स्थान उपलब्ध हो सके। उन्होंने शूटिंग रेंज एवं तीरंदाजी खेल के लिए आधुनिक इनडोर स्टेडियम के निर्माण की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। तीरंदाजी का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों की आवश्यकताओं को देखते हुए उपायुक्त ने तत्काल 10 तीरंदाजी बोर्ड क्रय कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही कर्जन मैदान की खेल संरचनाओं के विकास एवं आधुनिकीकरण को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैडमिंटन खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) मद से बैडमिंटन कोच की नियुक्ति करने का निर्देश दिया। वहीं फुटबॉल प्रशिक्षण की समीक्षा के दौरान उन्होंने फुटबॉल कोच को खिलाड़ियों की प्रतिभा को और निखारने के लिए समर्पित प्रयास करने तथा प्रशिक्षण से जुड़ी किसी भी आवश्यकता अथवा समस्या से जिला प्रशासन को समय-समय पर अवगत कराने को कहा। बैठक में आगामी खेल प्रतियोगिताओं की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने 12 एवं 13 जुलाई को अंडर-19 एवं 19 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्देश दिया।

## करियर काउंसलिंग कार्यशाला में विद्यार्थियों को मिली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की जानकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**बरही :** डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, बरही में विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आईआईटी-जेईई (क्कळ-खएए), नीट (ठएएळ) और क्लैट जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, परीक्षा पद्धति, विषय चयन, अध्ययन रणनीति तथा सफल करियर निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन आशीष कुमार, पंकज कुमार एवं आचल कुमार ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रभावी तैयारी, समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण और निरंतर अभ्यास के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्राचार्य पुष्प कुमार झा ने कहा कि करियर काउंसलिंग विद्यार्थियों को सही दिशा प्रदान करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ कक्षा नवम से द्वादश तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं उपयोगी साबित हुई।

# विश्व खेल पत्रकार दिवस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने खेल पत्रकारों के योगदान को सराहा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** विश्व खेल पत्रकार दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन ने खेल पत्रकारिता के महत्व को रेखांकित करते हुए पत्रकारों के योगदान की सराहना की। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कपिल केशरी ने कहा कि खेल पत्रकार खिलाड़ियों की मेहनत और उपलब्धियों को समाज तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। राष्ट्रीय संगठन सचिव राजकुमार यादव ने कहा कि पत्रकारिता में शुद्धता जरूरी है। प्रदेश संयोजक भरत यादव ने कहा कि खेल पत्रकारिता से ही जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को पहचान मिलती है और उन्हें आगे बढ़ने का प्रोत्साहन मिलता है। प्रदेश अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ डॉ सुनील कुमार दत्त ने कहा कि खेल पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की तरह समाज को जागरूक करते हैं और खिलाड़ियों के अधिकारों की रक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रदेश



सचिव प्रो हीरामन साव ने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन खेल पत्रकारों के साथ सदैव खड़ा है और उनकी सुरक्षा तथा सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। एसोसिएशन से जुड़े प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति,गोपाल पंडित, अवध कुमार पांडेय, कमल शंकर पंडित, रवि शंकर कुमार, रामचंद्र साव आदि ने सभी खेल पत्रकारों को राष्ट्रीय खेल पत्रकार दिवस की शुभकामनाएं दीं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान में 15 वाहनों से वसूला 1.57 लाख जुर्माना

**चतरा :** जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) महेश्वरी यादव के नेतृत्व में टंडवा-सिमरिया मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान ओवरलोडिंग, ओवरस्पीड, ड्राइविंग लाइसेंस, परमिट, टैक्स और रॉन्ग पार्किंग सहित विभिन्न बिंदुओं की जांच की गई। डीटीओ ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए कुल 157502 रुपये का जुमार्ना लगाया गया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात नियमों का पालन कराने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। डीटीओ की कार्रवाई से कोयलांचल क्षेत्र के वाहन चालकों और परिवहन कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

## राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह का हुआ समापन

# कर्मियों ने सामूहिक सुरक्षा नियमों के पालन का लिया संकल्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** डीवीसी कोनार सबस्टेशन में सप्ताहभर चले राष्ट्रीय विद्युत सुरक्षा सप्ताह का समापन गुरुवार को सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के साथ हुआ। समापन अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सबस्टेशन में उपयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों, स्क्रैप सामग्री तथा रासायनिक पदार्थों के सुरक्षित भंडारण एवं रखरखाव के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करना तथा गलत भंडारण से होने वाली संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना था। प्रशिक्षण के दौरान उप प्रबंधक अरुण कुमार ने सबस्टेशन में रखे पुराने ब्रेकर, ट्रांसफॉर्मर एवं अन्य लोहे के



उपकरणों के सुरक्षित और व्यवस्थित भंडारण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सामग्री का वैज्ञानिक तरीके से भंडारण करने से दुर्घटनाओं की संभावना काफी कम हो जाती है तथा कार्यस्थल अधिक सुरक्षित बनता है। सहायक प्रबंधक दीनानाथ प्रसाद ने ट्रांसफॉर्मर ऑयल, एसिड तथा बैटरियों में उपयोग होने वाले डिस्टिल्ड वाटर जैसे रासायनिक पदार्थों के सुरक्षित भंडारण और उपयोग के संबंध में कर्मियों को आवश्यक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन सामग्रियों के रखरखाव में सुरक्षा मानकों का पालन अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि थोड़ी-सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। कार्यक्रम के समापन पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (पीपीई) का नियमित उपयोग करने, चौबीसों घंटे संचालित विद्युत उपकरणों का समय-समय पर निरीक्षण करने तथा प्रत्येक कार्य को सुरक्षा मानकों के अनुरूप करने का सामूहिक संकल्प लिया। अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक कर्मचारी की कार्यशैली और जिम्मेदारी का अभिन्न हिस्सा होनी चाहिए। इस अवसर पर उत्तम कुमार, वरुण कुमार, मो० इकबाल, मुकेश, शंकर महतो सहित कोनार सबस्टेशन के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 98% बिलिंग के साथ हजारीबाग सर्किल ने रचा नया रिकॉर्ड

## कटकमसांडी रहा अव्वल प्रदर्शनकर्ताओं में शामिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**हजारीबाग :** बिजली उपभोक्ताओं की समयबद्ध बिलिंग सुनिश्चित करने की दिशा में हजारीबाग सर्किल ने जून 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 98 प्रतिशत बिलिंग का उल्लेखनीय आंकड़ा हासिल किया है। 30 जून 2026 तक जारी Billing Performance Report के अनुसार, पूरे सर्किल में 4,70,012 प्रभावी उपभोक्ताओं में से 4,59,900 उपभोक्ताओं की सफल बिलिंग की गई, जबकि केवल 10,112 उपभोक्ता शेष रहे। इस उपलब्धि में कटकमसांडी सब-डिवीजन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 99 प्रतिशत बिलिंग दर्ज की। यहां 64,505 प्रभावी उपभोक्ताओं में से 63,621 की बिलिंग पूरी कर ली गई और मात्र 884 उपभोक्ता शेष रहे। यह प्रदर्शन पूरे हजारीबाग डिवीजन में सबसे उत्कृष्ट उपलब्धियों में गिना जा रहा है। वहीं हजारीबाग डिवीजन ने 97 प्रतिशत, चतरा डिवीजन ने 98 प्रतिशत तथा बरही डिवीजन ने भी 98 प्रतिशत बिलिंग का लक्ष्य हासिल कर बिजली विभाग की कार्यकुशलता और टीमवर्क का मजबूत उदाहरण पेश किया। बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों का ही परिणाम है कि हजारीबाग सर्किल लगातार बेहतर बिलिंग प्रदर्शन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस उपलब्धि से न केवल राजस्व संग्रह को मजबूती मिलेगी, बल्कि उपभोक्ताओं को भी समय पर और पारदर्शी बिजली सेवा उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

# भवनाथपुर की राजनीति में हलचल तेज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**भवनाथपुर :** भवनाथपुर विधानसभा की राजनीति में 3 जुलाई एक बड़े राजनीतिक खुलासे का दिन साबित हो सकता है। झामुमो नेता और भोजपुर गढ़ प्रमुख दीपक प्रताप देव के एक सोशल मीडिया पोस्ट ने क्षेत्र की राजनीति में हलचल तेज कर दी है। उनके पोस्ट के बाद विधायक अनंत प्रताप देव और पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही के समर्थकों के बीच चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। दीपक प्रताप देव ने अपने आधिकारिक फेसबुक पोस्ट में घोषणा की है कि वे 03 जुलाई को सुबह 10 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। सबसे ज्यादा चर्चा उनके उस बयान की हो रही है, जिसमें उन्होंने लिखा–बहुत से राज खुलने बाकी हैं। इस एक लाइन ने सियासी गलियारों में कई तरह की अटकलों



को जन्म दे दिया है। जानकारों की मानें तो भवनाथपुर विधानसभा चुनाव 2024 में अनंत प्रताप देव के विधायक बनने के बाद से ही राजनीतिक समीकरण बदलने लगे थे। चुनावी जीत के करीब छह महीने बाद से ही त्रिमूर्ति माने जाने वाले नेताओं के बीच अंदरखाने मतभेद और मनमुटाव की खबरें सामने आने लगी थीं। स्थिति अब इतनी गंभीर हो गई है कि दीपक प्रताप देव और अनंत प्रताप देव के समर्थक सोशल मीडिया पर खुल कर एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। ऐसे में 03 जुलाई की प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर उत्सुकता चरम पर है। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि आखिर दीपक प्रताप देव कौन सा राज खोलने वाले हैं, और उसका आने वाले चुनावी समीकरणों पर क्या असर पड़ेगा।

## 17 वर्षों से फरार वारंटी कानून के शिकंजे में सदर थाना पुलिस की सक्रियता लायी रंग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**



**हजारीबाग :** कानून से लंबे समय तक बचने की कोशिश आखिरकार नाकाम रही। वर्ष 2009 से लंबित मामले में न्यायालय द्वारा इस्तिहार एवं वारंट निर्गत होने के बाद फरार चल रहे राकेश केशरी (पिता-विजय प्रसाद केशरी), निवासी नियर पंच मंदिर, हजारीबाग को सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 2 जुलाई 2026 को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया। इस कार्रवाई को सदर थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर सफीक खान ने अपनी सतर्कता, सक्रियता और कानूनी प्रतिबद्धता के साथ सफलतापूर्वक अंजाम दिया। लंबे समय से लंबित मामले में वारंटी को न्यायालय तक पहुंचाना पुलिस की प्रभावी कार्यशैली और कानून के प्रति उसकी जवाबदेही को दर्शाता है। सब इंस्पेक्टर सफीक खान की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है। उनकी लगातार सक्रियता और कर्तव्यनिष्ठ कार्यशैली यह संदेश देती है कि कानून से बचना संभव नहीं है और फरार आरोपियों को अंततः न्यायालय का सामना करना ही पड़ेगा।

### पॉस्को एक्ट के आरोप में बड़कागांव पुलिस ने युवक को भेजा जेल

**बड़कागांव :** बड़कागांव पुलिस ने नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में पॉस्को एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को हजारीबाग जेल भेजा गया। इस संबंध में बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की माता के द्वारा बड़कागांव थाना में आरोपी युवक प्रकाश कुमार साव के खिलाफ आवेदन दिया गया, जिसमें प्रकाश पर लड़की को अपहरण कर कहीं ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए छापामारी की गई और आरोपी को गिरफ्तार कर बड़कागांव थाना कांड संख्या 116/26 पोक्सो एक्ट के तहत हजारीबाग जेल भेजा गया। आरोपी युवक प्रकाश कुमार साव पिता सुरेश साव ग्राम सेरंगदाग, थाना टंडवा, जिला चतरा का रहने वाला है।

## बड़कागांव फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संघ की बैठक में कमिटी का किया गया विस्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव :** फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन संघ बड़कागांव का बैठक बड़कागांव पूर्वी पंचायत भवन प्रांगण में प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सर्वप्रथम प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया जिसमें अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष एतवा तुरी, सचिव बालेश्वर कुमार, कोषाध्यक्ष चरण राम, उपसचिव मोहम्मद काजिम, उपकोषाध्यक्ष पवन कुमार सिंह, महासचिव रामेश्वर राम, मोहम्मद संजय हुसैन, संयोजक चिंतामणि कुशवाहा, जागेश्वर महतो, जितेंद्र कुमार, जबकि संरक्षक जगन्नाथ साव, शहादत हुसैन, योगेश्वर रविदास, फुलेश्वर साव, संजय कुमार को शामिल किया गया। वहीं महिला मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष उर्मिला देवी एवं उपाध्यक्ष अमरलता को मनोनीत किया गया। इसके



अलावा प्रखंड के 23 पंचायत के पंचायत अध्यक्ष का भी नाम घोषणा की गई जिसमें सिंदुआरी पंचायत से संतोष कुमार रवि, चेपाकला से राजेंद्र प्रसाद, डाढ़ीकला से शहादत हुसैन, सिकरी से सोनू कुमार, सिरमा से गंगाधर साव, बड़कागांव मध्य से रवि कुमार, बड़कागांव पश्चिम से विनोद राणा, बड़कागांव पूर्वी से ग्राम विकास महिला सदस्य, सांढ से जागेश्वर महतो, कांडतरी से फूलचंद राम, चंदौल से सुरेंद्र कुमार महुगाईकला से कुंदन कुमार, बादम से भुवनेश्वर राम, गोंदलपुरा से सुनील कुमार, नयाटांड़ शिवनारायण प्रसाद चोपदार बलिया से मोहम्मद जफर, हरली से तुलेश्वर कुमार, नापोखुर्द से बुद्धिनाथ साव, आंगो से रफीक आलम, उरीमारी से ज्योति महिला मंडल, तलसवार से शिवचरण महतो, पोंटंगा से सूर्य मुख महिला मंडल एवं गरसुला से गंगा महिला मंडल के सदस्य चयन किए गए। सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को फूलमाला पहना कर भव्य रूप से स्वागत किया गया।

### रिम्स में यूजी, पीजी और सुपर स्पेशियलिटी सीटें बढ़ाने की तैयारी

**रांची :** राज्य सरकार ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में एमबीबीएस, पीजी और सुपर स्पेशियलिटी सीटों में प्रस्तावित वृद्धि के अनुरूप आधारभूत संरचना विकसित करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। यह निर्णय स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नेपाल हाउस में गुरूवार को हुई समीक्षा बैठक में ली गई। बैठक में बढ़ी हुई सीटों के अनुसार भवन, हॉस्टल, प्रयोगशालाओं, ऑपरेशन थिएटर, उपकरण, फैकल्टी, रेजिडेंट डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और अन्य संसाधनों की आवश्यकता का आकलन किया गया। मौके पर बताया गया कि रिम्स में एमबीबीएस सीटें 176 से बढ़ाकर 250, पीजी सीटें 180 से 275 और सुपर स्पेशियलिटी सीटें 11 से बढ़ाकर 100 करने का प्रस्ताव राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) को भेजा गया है।

# आदर्श कॉलेज, राजधनवार से रामगढ़ कॉलेज, रामगढ़ स्थानांतरित हुए प्रो बिमल कुमार मिश्रा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के स्थानांतरण आदेश के आलोक में प्रख्यात शिक्षाविद् एवं गणितज्ञ प्रो बिमल कुमार मिश्रा ने अपराह्न रामगढ़ कॉलेज, रामगढ़ के प्राचार्य के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वे पिछले चार वर्षों से आदर्श कॉलेज, राजधनवार के प्राचार्य के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। ज्ञातो की प्रोफेसर मिश्रा विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अंतर्गत एकमात्र नियमित प्राचार्य हैं जिनकी नियुक्ति झारखंड लोक सेवा आयोग के अनुसार पर हुई है। कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें रामगढ़ कॉलेज, रामगढ़ में सेवा करने का अवसर प्रदान करने के लिए वे उनके प्रति हार्दिक आभारी हैं। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए प्रो. डॉ. मिश्रा ने कहा कि रामगढ़



कॉलेज को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा, नियमित एवं समयबद्ध कक्षाओं, विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण व्यवस्था तथा शैक्षणिक अनुशासन के माध्यम से नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की आवश्यकता को देखते हुए कौशल विकास (स्किल डेवलपमेंट), स्टार्टअप संस्कृति तथा उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) को विशेष प्राथमिकता दी जायेगी, ताकि छात्र-छात्राएं रोजगार तलाशने वाले ही नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाले भी बन सकें।

प्रो. डॉ. मिश्रा ने आदर्श कॉलेज, राजधनवार में अपने चार वर्षीय कार्यकाल को स्मरण करते हुए महाविद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बरही पुलिस ने रसोइया धमना से 697 किलो डोडा किया जब्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही :** थाना परिसर में एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बताया कि हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बरही थाना अंतर्गत रसोईया धमना से निवासी बंगाली साव उर्फ बबलू साव पिता गांगों के मुर्गी फार्म हाउस के समीप एक अल्बेस्टर रूम में बंगाली साव उर्फ बबलू साव एवं सुनील राणा पिता कैलाश राणा दोनों रसोईया धमना निवासी द्वारा अवैध डोडा भंडारण कर अवैध व्यापार करने के नियत से रखा गया है। तत्पश्चात बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर एवं छापेमारी दल के साथ ग्राम रसोइया धमना स्थित बंगाली साव पिता गांगों साव के मुर्गी फॉर्म के पास बने अल्बेस्टर रूम के पास सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई पहुंचा। खान उक्त अल्बेडटर का रूम बंद पाया गया, घर के मालिक से संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन काफी



प्रयास के बावजूद मकान मालिक के उपस्थित नहीं होने पर स्थानीय मुखिया एवं अन्य लोगों के समक्ष वीडियो बनाते हुए दरवाजा का ताला तोड़ा गया। जिसके बाद रूम के अंदर प्रवेश करने पर प्लास्टिक के बोरा में कुछ सामान रखा हुआ मिला, जिसे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के जांच करने पर कुल 47 बोरा में डोडा भरा हुआ पाया गया। जिसे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के मौजूदगी में तथा निर्देशानुसार आस-पास से इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन मंगवा कर सभी बोरा का वजन किया तो सभी बोरा का कुल वजन 697 किलोग्राम पाया गया। चूंकि डोडा अवैध मादक पदार्थ की श्रेणी में आता है। तत्पश्चात दो स्थानीय गवाह की उपस्थिति में विधिवत जपती सूची तैयार किया गया तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के मार्गदर्शन में जब्ती सूची तैयार कर अवैध 47 बोरा डोडा जिसका कुल वजन 697 किलोग्राम को विधिवत जब्त कर अग्रतर कार्रवाई हेतु बरही थाना लाया गया। संदिग्ध व्यक्ति एवं अभियुक्त का नाम बंगाली साव उर्फ बबलू साव पिता गांगों साव, ग्राम रसोइया धमना, थाना बरही, जिला हजारीबाग एवं सुनील राणा पिता कैलाश राणा, ग्राम रसोईया धमना, थाना बरही जिला हजारीबाग निवासी शामिल है।

छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा प्रेम किशोर, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार, पु०अ०नि० सुमित कुमार, पु०अ०नि० कपुल दीपक नाग, पु०अ०नि० सुशील कुमार समेत बरही थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के कर्मियों की हड़ताल जारी, तीन माह से वेतन नहीं

**झरिया/धनबाद :** मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत दामोदर हेल्थ वेलफेयर, जामाडोबा में कार्यरत कर्मियों का पिछले तीन माह से वेतन लंबित होने के कारण आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वेतन नहीं मिलने से आर्थिक संकट झेल रहे कर्मी 19 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के चलते योजना के तहत संचालित कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। गुरुवार को श्रमिकों ने अपनी समस्या को लेकर झरिया विधायक रागिनी सिंह से मुलाकात कर शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की। श्रमिकों ने बताया कि मार्च 2026 से उनका वेतन बकाया है। लगातार भुगतान नहीं होने से परिवार का भरण-पोषण, बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो गया है। इससे पहले भी उन्होंने माडा के प्रबंध निदेशक प्रेम शंकर तिवारी को ज्ञापन सौंपकर बकाया वेतन भुगतान की मांग की थी। मांग पूरी नहीं होने पर सभी कर्मियों ने कार्य बहिष्कार करते हुए हड़ताल शुरू कर दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक रागिनी सिंह ने मार्डा के प्रबंध निदेशक से दूरभाष पर बात कर तत्काल वेतन भुगतान सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रमिकों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उनके अधिकारों की रक्षा उनकी प्राथमिकता है।

# पुलिस ने लम्बित मामलों सहित कुल शिकायतों में 125% निष्पादन की दर्ज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** आम नागरिकों की ऑनलाइन शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान की दिशा में धनबाद पुलिस ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देशन और लगातार मॉनिटरिंग के कारण पीजी पोर्टल (पब्लिक ग्रीवांस पोर्टल) पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण में तेजी आई है। जून माह के दौरान धनबाद पुलिस ने लंबित मामलों सहित कुल शिकायतों में 125 प्रतिशत निष्पादन दर्ज कर बेहतर कार्यप्रणाली का परिचय दिया है। आंकड़ों के अनुसार जून माह में पीजी पोर्टल पर 24 नई शिकायतें प्राप्त हुईं, जबकि 22 मामले पूर्व से लंबित थे। इस प्रकार कुल 46 मामलों में से 30 शिकायतों का सफलतापूर्वक निस्तारण कर संबंधित शिकायतकर्ताओं को राहत प्रदान की गई। इससे लंबित मामलों की संख्या में भी उल्लेखनीय कमी आई है। वर्तमान में 16 मामलों में जांच, सत्यापन एवं अन्य विभागीय प्रक्रियाएं चल रही हैं। इन सभी मामलों का समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। एसएसपी प्रभात कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि पीजी पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी मामलों की नियमित समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि शिकायतों के निष्पादन की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे लंबित मामलों में भी तेजी से कार्रवाई संभव हो रहा है। धनबाद पुलिस का लक्ष्य 15 जुलाई से पहले सभी लंबित शिकायतों का निस्तारण कर नागरिकों को समयबद्ध न्याय एवं राहत उपलब्ध कराना है। साथ ही पुलिस व्यवस्था के प्रति जनता का विश्वास और अधिक मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयास जारी रहेंगे।

## प्रधानमंत्री कुसुम योजना : धनबाद में 192 किसानों के आवेदन स्वीकृत, 121 निरस्त

**धनबाद :** प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत किसानों को 2, 3 एवं 5 एचपी क्षमता के सोलर पंप उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में धनबाद जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने गुरुवार को योजना की समीक्षा करते हुए जांच एवं सत्यापन के बाद 192 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की। वहीं 121 आवेदन विभिन्न कारणों से अस्वीकृत किए गए। उपायुक्त ने स्वीकृत एवं अस्वीकृत आवेदनों की सूची समाचार पत्रों में प्रकाशित कर दावा-आपत्ति आमंत्रित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के अनुसार धनबाद प्रखंड से 7, बलियापुर से 17, निरसा से 33, गोविंदपुर से 25, पूर्वी टुंडी से 4, टुंडी से 22, तोपचांची से 23 तथा बाघमारा से सर्वाधिक 61 आवेदनों को मंजूरी मिली है। बैठक में उपायुक्त ने सोलर पंप स्थापना की जिम्मेदार एजेंसी ज्रेडा के प्रतिनिधियों के साथ पिछले तीन वर्षों में स्वीकृत आवेदनों की भी समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने लंबित आवेदनों के जांच एवं सत्यापन कार्य में तेजी लाकर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि पात्र किसानों को योजना का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में उप विकास आयुक्त सन्नी राज, जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा, विद्युत प्रमंडल एवं लघु सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## एसआईआर-2026 : एन्यूमरेशन फॉर्म वितरण में तेजी लाने के निर्देश, डीसी ने की प्रगति समीक्षा

**धनबाद :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने गुरुवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के तहत एन्यूमरेशन फॉर्म वितरण कार्य की ऑनलाइन समीक्षा की। बैठक में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा संबंधित अधिकारी-कर्मी शामिल हुए। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने विधानसभावार फॉर्म वितरण की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। जिन क्षेत्रों में वितरण की रफ्तार अपेक्षाकृत धीमी है, वहां विशेष अभियान चलाकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी, बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर नियमित निगरानी करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर शत-प्रतिशत एन्यूमरेशन फॉर्म का वितरण सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि फॉर्म वितरण की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में एसआईआर-2026 से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की भी समीक्षा की गई।

## महेशपुर आउटसोर्सिंग में रैयतों के विरोध से दो घंटे ठप रहा ट्रांसपोर्टिंग कार्य



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** महेशपुर कोलियरी में संचालित श्रीइंफ्रा आउटसोर्सिंग कंपनी का ट्रांसपोर्टिंग कार्य गुरुवार की सुबह रैयतों के विरोध के कारण करीब दो घंटे तक ठप रहा। सिनीडीह के कटहल धोड़ा के रैयत ग्रामीणों ने डंपिंग साइट पर पहुंचकर अपनी निजी जमीन पर ओबी (ओवरबर्डन) डंपिंग का विरोध करते हुए कार्य रोक दिया। इसके चलते ओबी लेकर पहुंचे हाइवा वाहनों की लंबी कतार लग गई और परिवहन कार्य पूरी तरह प्रभावित हो गया। ग्रामीणों का आरोप था कि बीसीसीएल प्रबंधन बिना नियोजन और उचित मुआवजा दिए उनकी निजी जमीन पर रात के अंधेरे में जबरन ओबी डंप कर रहा है। इससे उनकी कृषि योग्य भूमि मलबे से भरती जा रही है। रैयतों का कहना है कि वे कई बार लिखित आवेदन देकर जमीन के बदले नियोजन और मुआवजे की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। विरोध की सूचना मिलते ही महेशपुर कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी (पीओ) कामता सिंह, प्रबंधक नारायण हांसदा सहित बीसीसीएल के अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनीं और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। प्रबंधन ने रैयतों से जमीन संबंधी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने का आग्रह किया तथा भरोसा दिलाया कि स्थायी समाधान होने तक उनकी जमीन पर ओबी डंपिंग नहीं की जायेगी। प्रबंधन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया, जिसके बाद श्रीइंफ्रा आउटसोर्सिंग कंपनी का ट्रांसपोर्टिंग कार्य पुनः शुरू हो गया। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले बुधवार को भी रैयतों ने निजी जमीन से बिजली के पोल व तार हटाने तथा स्थानीय युवकों को रोजगार देने की मांग को लेकर ट्रांसपोर्टिंग कार्य बाधित किया था। लगातार दूसरे दिन हुए विरोध से क्षेत्र में भूमि, मुआवजा और नियोजन से जुड़े मुद्दे एक बार फिर प्रमुखता से सामने आये हैं। फिलहाल प्रबंधन के आश्वासन के बाद गतिरोध समाप्त हो गया है।

## डॉक्टर्स डे व सीए डे पर मायुमं शक्ति शाखा ने किया सम्मान समारोह आयोजित

**धनबाद :** राष्ट्रीय डॉक्टर्स डे एवं सीए डे के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच धनबाद शक्ति शाखा ने गुरुवार को विशेष सम्मान समारोह आयोजित कर समाज के दो महत्वपूर्ण स्तंभों–चिकित्सकों और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स–के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शहर की प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा बजाज तथा वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट सुरेंद्र पासारी को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शाखा की ओर से कहा गया कि दोनों ने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देकर समाज के प्रति उल्लेखनीय योगदान दिया है, जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शाखा की अध्यक्ष ईशा अग्रवाल, सचिव पूजा खीरवाल, निवर्तमान अध्यक्ष मेघा शर्मा, संरक्षक सदस्य सीमा सुल्तानिया तथा सदस्य गौरी गोयल उपस्थित रहीं।

## सरकारी कार्यालयों में सिर्फ आधिकारिक ईमेल आईडी से होगा काम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** जिले में डिजिटल गवर्नेंस को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को उप विकास आयुक्त सन्नी राज की अध्यक्षता में जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सरकारी कार्यालयों को निर्देश दिया गया कि वे दैनिक एवं आधिकारिक कार्यों के लिए केवल सरकारी ईमेल आईडी का ही उपयोग करें। इसके लिए संबंधित विभागों को एनआईसी और जाप-आईटी से समन्वय स्थापित करने को कहा गया। बैठक में डीडीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी प्रज्ञा केंद्र अथवा उसके संचालक को नई झारसेवा आईडी जारी करने से पहले उसका पूर्ण भौतिक एवं दस्तावेजी सत्यापन किया जाए। उन्होंने कहा कि इससे सेवा प्रणाली अधिक सुरक्षित और जवाबदेह बनेगी तथा फजीर्वाड़े पर रोक लगेगी। आम नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए जिला परिषद परिसर और कंबाइंड बिल्डिंग में नए प्रज्ञा केंद्र खोलने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी और ई-गवर्नेंस टीम को इन केंद्रों की स्थापना शीघ्र सुनिश्चित करने को कहा। डीडीसी ने कहा कि इन केंद्रों के शुरू होने से लोगों को प्रमाण पत्र, सरकारी योजनाओं और अन्य ऑनलाइन सेवाओं के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। बैठक में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की लीज लाइन को भी जल्द दुरुस्त कराने का निर्देश दिया गया ताकि ऑनलाइन सेवाओं के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, डीआईओ सुनीता तुलसियान, जिला परियोजना पदाधिकारी (यूआईडी) सह जिला प्रबंधक अमित कुमार सिंह, सीएससी मैनेजर मो. अंजार हुसैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## धनबाद बस स्टैंड के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, जांच में जुटी पुलिस



**धनबाद :** धनबाद बस स्टैंड के समीप गुरुवार सुबह एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही धनबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय निवासी शंभू सिंह ने बताया कि मृतक पिछले कई दिनों से बस स्टैंड के आसपास कचरा चुनकर अपना जीवनयापन करता था। उन्होंने बताया कि कचरा बेचकर मिलने वाले पैसों से वह अक्सर शराब का सेवन करता था और बस स्टैंड के आसपास ही रहता था। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह शंभू सिंह शौच के लिए गए थे। इसी दौरान उनकी नजर एक व्यक्ति पर पड़ी, जो जमीन पर अचेत अवस्था में पड़ा था। पास जाकर देखने पर उन्होंने उसकी पहचान बस स्टैंड के आसपास रहने वाले उसी कचरा बीनने वाले व्यक्ति के रूप में की। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही धनबाद थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच भेज दिया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान और मौत के कारणों की जानकारी जुटा रही है।

## बीएलओ से कथित अभद्रता पर कांग्रेस का विरोध, सीओ पर कार्रवाई की मांग

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी ने राजकीय मध्य विद्यालय, बरमसिया में धनबाद अंचल के अंचल अधिकारी (सीओ) रामप्रवेश कुमार द्वारा एक बीएलओ के साथ कथित अभद्र व्यवहार किए जाने की घटना की कड़ी निंदा की है। जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध सख्त विभागीय कार्रवाई की मांग की है। संतोष कुमार सिंह ने कहा कि बीएलओ लोकतांत्रिक व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं और मतदाता सूची के पुनरीक्षण सहित चुनाव संबंधी अहम जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। ऐसे कर्मचारियों के साथ अपमानजनक भाषा का प्रयोग और दुर्व्यवहार उनके मनोबल को कमजोर करता है, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

## निरीक्षण के बाद सड़क मरम्मत के दिये निर्देश, दो दिनों में काम शुरू होने का आश्वासन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** बरमसिया छठ तालाब के समीप तालाब के पानी के बहाव से दुहाटांड़-बरमसिया मार्ग के जर्जर हो जाने की शिकायत पर गुरुवार को झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से सड़क की बदहाल स्थिति, जल निकासी की समस्या और आवागमन में हो रही परेशानियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान विधायक ने मौके से ही नगर आयुक्त से वीडियो कॉल पर बातचीत कर सड़क की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत एवं समस्या के स्थायी समाधान के लिए तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने विधायक को आश्वस्त किया कि आगामी दो दिनों के भीतर आवश्यक कार्य शुरू कर दिया जायेगा। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि जनसुविधाओं से जुड़े मामलों का त्वरित और स्थायी समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की नियमित निगरानी भी की जाएगी ताकि समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा हो सके। निरीक्षण के दौरान भाजपा युवा नेता भागीरथ दास, चंदू शर्मा, शंकर सिंह, राजकुमार, सुजीत कुमार, विनोद राम, सुजीत रवानी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## सिन्दरी में जनसुनवाई शिविर, सड़क, जलजमाव व सफाई व्यवस्था पर हुई चर्चा



**सिन्दरी (धनबाद) :** धनबाद नगर निगम के सिंदरी अंचल में गुरुवार को जुलाई माह के प्रथम गुरुवार के अवसर पर जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर आयुक्त आशीष गंगवार ने लोगों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया। उन्होंने कहा कि मानसून को देखते हुए नगर निगम ने जलजमाव, सीवरेज की समस्या और मच्छरों की रोकथाम के लिए व्यापक तैयारियां कर ली हैं। सिंदरी अंचल के लिए फॉगिंग मशीन उपलब्ध करा दी गई है तथा सफाई कर्मियों को दस्ताने, बूट, रिफ्लेक्टिव जैकेट, कुदाल, बेलचा और झाड़ू जैसी आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है। नगर आयुक्त ने बताया कि शिविर में प्राप्त छोटी-छोटी समस्याओं का तत्काल समाधान कर दिया गया, जबकि बड़ी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए योजनाएं तैयार कर निगम बोर्ड की स्वीकृति के लिए भेजी जाएंगी। उन्होंने स्थानीय पार्षदों के साथ क्षेत्र की विकास योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की। वार्ड 54 के पार्षद नीरज कुमार सिंह ने डोमगढ़ शिव मंदिर से डीके-4 तथा वीर कुंवर सिंह चौक से अस्पताल तक जर्जर सड़कों के जीर्णोद्धार की मांग उठाई। इस पर नगर आयुक्त ने बरसात से पहले मोरम डालकर सड़क की मरम्मत तथा बारिश के बाद स्थायी नवीनीकरण कराने का आश्वासन दिया।

## एसआईआर-2026 में लापरवाही पर 23 वॉलिंटियर्स से 24 घंटे में मांगा जवाब



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान में लापरवाही बरतने के मामले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने 23 वॉलिंटियर्स को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार, 30 जून को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ एवं बीएलए-2 की बैठक आयोजित की गई थी। इस दौरान वॉलिंटियर्स को बीएलओ के साथ उपस्थित रहकर पुनरीक्षण कार्य में सहयोग करने का निर्देश दिया गया था। इसके लिए उन्हें पूर्व में प्रशिक्षण भी दिया गया था। हालांकि जिला हेल्प डेस्क मैनेजर द्वारा दूरभाष पर सत्यापन के दौरान 23 वॉलिंटियर्स अपने-अपने बूथों से अनुपस्थित पाए गए। उपायुक्त ने इसे निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रति गंभीर लापरवाही तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निदेर्शों की अवहेलना माना है। उन्होंने सभी संबंधित वॉलिंटियर्स को 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। शो-कॉज नोटिस पाने वालों में निरसा विधानसभा क्षेत्र के छह, धनबाद विधानसभा क्षेत्र के 15 तथा झरिया विधानसभा क्षेत्र के दो वॉलिंटियर्स शामिल हैं। सभी संबंधित शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपने निर्धारित बूथों पर निर्वाचन कार्य में सहयोग के लिए तैनात किया गया था, लेकिन सत्यापन के दौरान उनकी अनुपस्थिति दर्ज की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन कार्य में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सिंदरी बचाओ सामूहिक मोर्चा के महिला विंग ने आवास नीति तक संघर्ष जारी रखने का लिया संकल्प



**सिन्दरी (धनबाद) :** सिन्दरी बचाओ सामूहिक मोर्चा के महिला विंग की समीक्षा बैठक गुरुवार को साईं मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रंजना शर्मा ने की। बैठक में पारदर्शी एवं न्यायसंगत आवास नीति लागू होने तक आंदोलन जारी रखने का सर्वसम्मति से संकल्प लिया गया। मोर्चा के संयोजक सेवानिवृत्त डीएसपी रविंद्र प्रसाद सिंह और धर्मजीत सिंह ने अब तक आवास नीति को लेकर चलाए गए आंदोलन की जानकारी देते हुए कहा कि विस्थापितों एवं प्रभावित परिवारों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा। महिला विंग की रंजना शर्मा, अनामिका तिवारी और गार्गी सिंह ने कहा कि आंदोलन के कारण आम लोगों का भरोसा बढ़ा है तथा मोर्चा के संयोजक रविंद्र प्रसाद सिंह के नेतृत्व में लोगों ने अपनी आस्था व्यक्त की है। बैठक में महिला विंग की 37 सदस्यों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से रंजना शर्मा को महिला विंग की अध्यक्ष तथा उषा सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया।

### पार्किंग ठेकेदार पर लगा अवैध उगाही का आरोप

## ई रिक्शा चालकों ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा/धनबाद :** रेलवे स्टेशन परिसर में पार्किंग ठेकेदार पर कथित अवैध वसूली, मनमानी, ई-रिक्शा चालकों के साथ दुर्व्यवहार और अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था के विरोध में गुरुवार को झारखंड ई-रिक्शा टोटो संघ ने मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) कार्यालय के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालक और संघ के पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने अवैध वसूली बंद करने, निर्धारित पार्किंग शुल्क लागू करने, प्रत्येक भुगतान पर वैध रसीद देने, चालकों के साथ दुर्व्यवहार रोकने और पार्किंग व्यवस्था को नियमित करने की मांग उठाई। धरना के बाद डीआरएम ने संघ के प्रतिनिधिमंडल के साथ वार्ता की। इस दौरान प्रतिनिधियों ने पार्किंग ठेकेदार द्वारा कथित अवैध वसूली, निर्धारित दरों का पालन नहीं होने, यात्रियों को छोड़ने-लेने आने वाले ई-रिक्शाओं से शुल्क वसूली, पार्किंग कर्मियों के दुर्व्यवहार, पार्किंग स्थल की बदहाल स्थिति और चार्जिंग स्टेशन की कमी जैसे मुद्दे प्रमुखता से रखे। डीआरएम ने सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन देते हुए एक सप्ताह के भीतर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने की बात कही। वार्ता के बाद संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा ने धरना स्थल पर मौजूद चालकों को डीआरएम के आश्वासन की जानकारी दी। संघ के अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि यह आंदोलन ई-रिक्शा चालकों के सम्मान, आजीविका और अधिकारों की लड़ाई है तथा अब किसी भी प्रकार की मनमानी या अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# झारखंड में पहली बार 785 दागियों की सामूहिक परेड, अपराध छोड़ने की दिलायी शपथ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में धनबाद पुलिस ने गुरुवार को एक अनूठी और ऐतिहासिक पहल की। पुलिस लाइन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के चिन्हित 785 दागी व्यक्तियों की सामूहिक परेड वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के समक्ष कराई गई। पुलिस का दावा है कि झारखंड में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में दागी व्यक्तियों की एक साथ परेड आयोजित की गई है।

अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी समय-समय पर इस प्रकार की पेशी कराई जायेगी। कार्यक्रम में नगर पुलिस अधीक्षक ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक एस. मोहम्मद याकूब, जिले के सभी डीएसपी, एसडीपीओ, इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी मौजूद रहे। परेड में शामिल अधिकांश लोग विभिन्न आपराधिक मामलों में आरोपित हैं या पूर्व में जेल जा चुके हैं। इस दौरान सभी का सत्यापन किया गया तथा उनकी अद्यतन जानकारी पुलिस अभिलेखों में दर्ज की गई। एसएसपी प्रभात कुमार ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराधियों को गिरफ्तार करना नहीं, बल्कि अपराध की पुनरावृत्ति रोकना भी है। उन्होंने कहा कि जो लोग अपराध का रास्ता छोड़कर सामान्य और सम्मानजनक जीवन जीना चाहते हैं, उन्हें धनबाद पुलिस पूरा सहयोग देगी। उन्होंने सभी से अपराध और असामाजिक गतिविधियों से दूर रहकर परिवार और समाज के बेहतर भविष्य के लिए कार्य करने की अपील की।

एसएसपी ने यह भी घोषणा की कि जिन लोगों का आचरण लंबे समय तक अच्छा रहेगा और वे किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल नहीं होंगे, उनका नाम दागी सूची से हटाने पर विचार किया जाएगा। वहीं यदि किसी का नाम गलत कारणों से सूची में शामिल हुआ है, तो उसे अपनी बेगुनाही साबित करने का पूरा अवसर दिया जाएगा। हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि दोबारा अपराध में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जायेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी 785 दागी व्यक्तियों को सामूहिक शपथ दिलाई गई कि वे भविष्य में किसी भी अपराध या गैर-सामाजिक गतिविधि में शामिल नहीं होंगे तथा जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज और पुलिस का सहयोग करेंगे। परेड के बाद सभी की फोटोग्राफी और पहचान संबंधी विवरण अद्यतन किए गए। पुलिस अब इन आंकड़ों के आधार पर थाना स्तर पर नई दागी सूची तैयार कर नियमित निगरानी की व्यवस्था करेगी। पुलिस का मानना है कि इस पहल से अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और समाज में शांति बनाए रखने में मदद मिलेगी।

## धनबाद में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने को एसएसपी ने की जवानों की ब्रीफिंग, सड़क अनुशासन पर दिया जोर

**धनबाद :** शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारु, सुरक्षित और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को धनबाद पुलिस केंद्र में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की विशेष ब्रीफिंग की। इस दौरान उन्होंने सड़क सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और आम नागरिकों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। एसएसपी ने कहा कि ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात जवान पूरी सतर्कता, अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने प्रमुख चौक-चौराहों पर यातायात सुचारु बनाए रखने, जाम की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल कार्रवाई करने, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को आम लोगों के साथ शालीन व्यवहार करने तथा त्योहारों, विशेष आयोजनों और व्यस्त समय के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा। साथ ही सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने पर भी विशेष बल दिया। ब्रीफिंग के दौरान बरसात के मौसम को देखते हुए ट्रैफिक ड्यूटी में तैनात जवानों और अधिकारियों के बीच छातों का वितरण भी किया गया, ताकि वे धूप और बारिश के बीच भी निर्बाध रूप से अपनी ड्यूटी का निर्वहन कर सकें। इस मौके पर सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब, ट्रैफिक डीएसपी रोहित साव सहित जिले के सभी डीएसपी एवं एसडीपीओ मौजूद रहे।

### एक झलक

#### बिहार से आयी प्रेमिका ने तेतुलमारी के युवक संग रचायी प्रेम विवाह

**बाघमारा (धनबाद):** प्रेम की मिसाल पेश करते हुए बिहार के औरंगाबाद से आई एक युवती ने तेतुलमारी के युवक के साथ हिंदू रीति-रिवाज से विवाह कर लिया। गुरुवार को युवती (काल्पनिक नाम काजल) अचानक तेतुलमारी थाना क्षेत्र के पीएसबी-2 स्थित अपने प्रेमी (काल्पनिक नाम बिट्टू) के घर पहुंच गई। युवती के पहुंचने की खबर फैलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। शुरुआत में दोनों पक्षों के परिजनों और ग्रामीणों ने पूरे मामले पर बातचीत की। काफी समझाइश और सहमति बनने के बाद प्रेमी के परिजन एवं स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों के रिश्ते को स्वीकार कर लिया। इसके बाद पास के नवनिर्मित देवी मंदिर परिसर में ग्रामीणों और परिजनों की उपस्थिति में हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार दोनों का विवाह संपन्न कराया गया। प्रेम विवाह की सूचना मिलते ही मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। विवाह के बाद उपस्थित लोगों ने दोनों के सुखद एवं सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों लंबे समय से एक-दूसरे के संपर्क में थे और साथ जीवन बिताने का निर्णय लेने के बाद युवती अपने प्रेमी के पास तेतुलमारी पहुंची। ग्रामीणों की पहल से दोनों का विवाह शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराया गया।

#### पत्नी पर घर छोड़ कर प्रेमी के साथ रहने का आरोप, पति ने प्रशासन से लगायी न्याय की गुहार

**पाथरडीह (धनबाद):** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के सीएफआरआई मुंडाघोड़ा निवासी बिंदेश्वर नाग ने गुरुवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता कर अपनी पत्नी, पुत्र और पुत्री पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उनकी पत्नी प्रमिला देवी पिछले तीन वर्षों से गिरिडीह निवासी नित्यानंद तिवारी के साथ रह रही हैं। उनका आरोप है कि पत्नी के घर छोड़ने के बाद उनका पुत्र दिनेश नाग उनके साथ मारपीट करता है, पुत्री पूजा नाग भी विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देती है। बिंदेश्वर नाग ने बताया कि उनकी शादी वर्ष 1990 में गुमला जिले के बसिया थाना क्षेत्र निवासी स्व. सुकू साव की पुत्री प्रमिला देवी से हुई थी। उनका कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में वे मानसिक रूप से काफी परेशान हैं और अपने परिवार के सदस्यों से अलग रहकर शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करना चाहते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उनकी चल एवं अचल संपत्ति से पत्नी प्रमिला देवी, पुत्र दिनेश नाग तथा पुत्री पूजा नाग को बेदखल करने की अनुमति दी जाये, ताकि भविष्य में संपत्ति को लेकर किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो और उन्हें स्वतंत्र रूप से जीवन जीने का अवसर मिल सके। बिंदेश्वर नाग ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने धनबाद उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, आरक्षी उपाधीक्षक सिंदरी तथा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। फिलहाल इस मामले में बिंदेश्वर नाथ की पत्नी से किसी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

#### डॉक्टर दिवस पर झरिया में चिकित्सकों का सम्मान, सेवा और समर्पण को मिला सलाम

**झरिया (धनबाद):** डॉक्टर दिवस के अवसर पर गुरुवार को मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा की ओर से क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिकित्सकों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में चिकित्सा सेवा, मानवीय संवेदनाओं और समाज के प्रति उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. एस. के. भगानिया, डॉ. ओमप्रकाश अग्रवाल, डॉ. कृष्णा अग्रवाल एवं डॉ. संस्कृति अग्रवाल को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाखा अध्यक्ष किरण शर्मा ने कहा कि डॉक्टर केवल शरीर का उपचार नहीं करते, बल्कि टूटती हुई उम्मीदों को भी नया जीवन देते हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों का सम्मान मानवता, सेवा और समर्पण के प्रति समाज की कृतज्ञता का प्रतीक है। कार्यक्रम संयोजिका किरण चमड़िया ने कहा कि डॉक्टर केवल शरीर का ही नहीं, टूटी उम्मीदों का भी उपचार करते हैं। उन्होंने चिकित्सकों की निस्वार्थ सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि समाज उनके योगदान का सदैव ऋणी रहेगा। समारोह में डॉ. एस. के. भगानिया के चिकित्सा के क्षेत्र में लंबे और उल्लेखनीय योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक मात्र 50 रुपये की नाममात्र परामर्श शुल्क लेकर आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को सुलभ चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई और हजारों जरूरतमंद लोगों के लिए उम्मीद की किरण बने रहे। वहीं, लाइफ लाइन अस्पताल के निदेशक एवं मारवाड़ी सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश अग्रवाल को चिकित्सा सेवा के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया गया। हाल ही में आयोजित रक्तदान शिविर में स्वयं रक्तदान कर उन्होंने युवाओं को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया।

सम्पादकीय.....

## चीन का नया कानून दुनिया में बहस का बड़ा मुद्दा

**भारत** में समान नागरिक संहिता यानी यूनिफॉर्म सिविल कोड को लेकर बहस अभी जारी है, लेकिन इसी दौरान चीन ने ऐसा कानून लागू कर दिया है, जिसने पूरी दुनिया में नई चर्चा छेड़ दी है। पहली नजर में इसे देखकर लगता है कि यह भी किसी तरह का 'यूनिफॉर्म कानून' है, लेकिन असलियत इससे कहीं ज्यादा गहरी है। 1 जुलाई 2026 से लागू हुआ 'एथनिक यूनिटी एंड प्रोग्रेस प्रमोशन लॉ' केवल कानून नहीं बल्कि चीन की उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, जिसके जरिए वह देश में मौजूद अलग-अलग जातीय पहचानों को एक साझा चीनी राष्ट्रीय पहचान में ढालना चाहता है। यही वजह है कि जहां बीजिंग इसे राष्ट्रीय एकता का सबसे बड़ा कदम बता रहा है, वहीं संयुक्त राष्ट्र, एमनेस्टी इंटरनेशनल और कई मानवाधिकार संगठन इसे अल्पसंख्यकों की पहचान मिटाने की कानूनी शुरुआत मान रहे हैं। करीब 1.41 अरब आबादी वाले चीन में सरकार आधिकारिक तौर पर 56 जातीय समूहों को मान्यता देती है। इनमें लगभग 91 प्रतिशत आबादी हान समुदाय की है, जबकि बाकी 55 समुदायों में उइगर, तिब्बती, मंगोल, हुई, झुआंग, मियाओ और कई अन्य समूह शामिल हैं। इन समुदायों की अपनी भाषाएं, संस्कृति, धार्मिक परंपराएं और सामाजिक पहचान है। चीन का संविधान इन्हें अधिकार देता है, लेकिन पिछले एक दशक में राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सरकार ने 'झोंगहुआ मिन्जु' यानी एकीकृत चीनी राष्ट्र की अवधारणा को सबसे ऊपर रखा है। अब उसी सोच को पहली बार एक व्यापक राष्ट्रीय कानून का रूप दे दिया गया है। दरअसल यह कहानी आज से नहीं बल्कि कई दशक पहले शुरू हुई थी। 1984 में चीन ने रीजनल एथनिक ऑटोनॉमी लॉ बनाया था, जिसके तहत अल्पसंख्यक क्षेत्रों को अपनी भाषा और संस्कृति बचाने के कुछ अधिकार मिले थे। लेकिन 2014 के बाद स्थिति बदलनी शुरू हुई। शी जिनपिंग ने राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद और अलगाववाद को सबसे बड़ी चुनौती बताते हुए नई नीति अपनाई। शिनजियांग में निगरानी व्यवस्था बढ़ाई गई, तिब्बत में शिक्षा व्यवस्था बदली गई, इनर मंगोलिया में स्थानीय भाषा की जगह मंदारिन को बढ़ावा दिया गया। उस समय इन फैसलों का विरोध हुआ, लेकिन सरकार पीछे नहीं हटी। अब वही सारी नीतियां एक नए कानून के जरिए स्थायी ढांचे में बदल गई हैं इस कानून का सबसे बड़ा आधार भाषा है। चीन चाहता है कि पूरे देश में एक साझा भाषा के रूप में मंदारिन ही प्रमुख रहे। प्री-स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय तक शिक्षा का मुख्य माध्यम मंदारिन होगा। सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक संस्थानों और आधिकारिक संचार में भी इसी भाषा को प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार का तर्क है कि साझा भाषा आर्थिक अवसर बढ़ाती है, रोजगार आसान बनाती है और राष्ट्रीय एकता मजबूत करती है। लेकिन विरोध करने वालों का कहना है कि भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि पहचान का सबसे बड़ा आधार होती है। यदि किसी समुदाय की मातृभाषा धीरे-धीरे स्कूलों और सरकारी व्यवस्था से बाहर हो जाएगी तो आने वाली पीढ़ियों में उसकी सांस्कृतिक पहचान भी कमजोर पड़ जाएगी। यही वजह है कि सबसे ज्यादा चिंता उइगर, तिब्बती और मंगोल समुदायों को लेकर जताई जा रही है। शिनजियांग में करीब 1.2 करोड़ उइगर मुसलमान, तिब्बत में लाखों तिब्बती बौद्ध और इनर मंगोलिया में बड़ी संख्या में मंगोल समुदाय रहता है। पिछले कुछ वर्षों से इन इलाकों में स्थानीय भाषाओं की जगह मंदारिन को बढ़ावा देने की नीति लागू की जा रही थी। अब नया कानून इस पूरी प्रक्रिया को कानूनी सुरक्षा देता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे आने वाले वर्षों में स्थानीय भाषाओं का प्रयोग केवल घरों तक सीमित रह सकता है। कानून केवल भाषा तक सीमित नहीं है।

# अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता

विशेष — कांतिलाल मांडोत



सुरक्षा की दृष्टि से सबसे पहली आवश्यकता पूरे यात्रा मार्ग पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की है। यात्रा के दोनों प्रमुख मार्गों पर सेना अर्धसैनिक बल जम्मू कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। संवेदनशील स्थानों पर लगातार गश्त निगरानी और आधुनिक तकनीक का उपयोग किसी भी संभावित खतरे को समय रहते पहचानने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए कई स्थान ऐसे होते हैं जहां अतिरिक्त सावधानी की आवश्यकता रहती है। यात्रा के दौरान खुफिया तंत्र की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। किसी भी संभावित खतरे की समय रहते जानकारी मिलना बड़ी घटनाओं को रोकने में मदद करता है।

**अमरनाथ** यात्रा केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का सबसे बड़ा पर्व है। हर वर्ष देश के अलग अलग राज्यों से लाखों श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए कठिन पहाड़ी मार्ग से गुजरते हैं। इस यात्रा का महत्व जितना धार्मिक है उतना ही राष्ट्रीय भी है क्योंकि यह यात्रा जम्मू कश्मीर में बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाला सबसे संवेदनशील आयोजन मानी जाती है। इसी कारण प्रशासन सेना अर्धसैनिक बल पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां कई महीने पहले से इसकी तैयारी शुरू कर देती हैं। इस वर्ष भी यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है और पंजीकरण केंद्रों पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। ऐसे समय में सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है ताकि यात्रा शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। हाल के वर्षों में जम्मू कश्मीर की सुरक्षा स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है। कई क्षेत्रों में सामान्य जीवन तेजी से पटरी पर लौटा है और पर्यटन गतिविधियों में भी वृद्धि हुई है। हालांकि सुरक्षा विशेषज्ञ लगातार यह मानते रहे हैं कि संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता कभी कम नहीं की जा सकती। किसी भी लंबे शांतिपूर्ण दौर के बाद सुरक्षा एजेंसियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होती है कि वे अपनी तैयारी और निगरानी में किसी प्रकार की ढील न आने दें। इसी कारण अमरनाथ यात्रा के दौरान चौबीसों घंटे सतर्क रहना आवश्यक माना जाता है। सुरक्षा की दृष्टि से सबसे पहली आवश्यकता पूरे यात्रा मार्ग पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने की है। यात्रा के दोनों प्रमुख मार्गों पर सेना अर्धसैनिक बल जम्मू कश्मीर पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। संवेदनशील स्थानों पर लगातार गश्त निगरानी और आधुनिक तकनीक का उपयोग किसी भी संभावित खतरे को समय रहते पहचानने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए कई स्थान ऐसे होते हैं जहां अतिरिक्त सावधानी की आवश्यकता रहती है। यात्रा के दौरान खुफिया तंत्र की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। किसी भी संभावित खतरे की समय रहते जानकारी मिलना बड़ी घटनाओं को रोकने में मदद करता है। विभिन्न एजेंसियों के बीच सूचनाओं का त्वरित आदान प्रदान और उनका तत्काल विश्लेषण सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाता है। स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बलों के बीच निरंतर संपर्क भी उतना ही आवश्यक है ताकि किसी भी असामान्य गतिविधि पर तुरंत प्रतिक्रिया दी जा सके। आधुनिक तकनीक आज सुरक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। ड्रोन निगरानी सीसीटीवी कैमरे हाई रिजॉल्यूशन कैमरे संचार प्रणाली और अन्य तकनीकी साधनों का उपयोग कठिन पहाड़ी क्षेत्रों में भी निगरानी को प्रभावी बना सकता है। कई स्थानों पर नियंत्रण कक्षों के माध्यम से पूरे मार्ग की लगातार निगरानी रखने से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत संबंधित दल तक पहुंचाई जा सकती है।

यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में वाहन और श्रद्धालु विभिन्न स्थानों से गुजरते हैं। ऐसे में प्रत्येक वाहन की जांच पहचान सत्यापन और सुरक्षा जांच अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। आरएफआईडी जैसी तकनीकों का उपयोग यात्रा प्रबंधन को अधिक व्यवस्थित बनाता है और आवश्यकता पड़ने पर यात्रियों की जानकारी तेजी से उपलब्ध कराई जा सकती है। इससे सुरक्षा के साथ साथ आपदा प्रबंधन में भी सहायता मिलती है। सुरक्षा व्यवस्था केवल यात्रा मार्ग तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। जम्मू श्रीनगर बालटाल पहलगाम और अन्य ट्रांजिट कैंपों में भी समान स्तर की सुरक्षा आवश्यक है। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होते हैं वहां प्रवेश और निकास की प्रभावी व्यवस्था भी महत्वपूर्ण होती है। भीड़ प्रबंधन की मजबूत योजना किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निपटने में सहायक होती है। संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार क्षेत्रीय निगरानी और तलाशी अभियान भी सुरक्षा रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकते हैं। दुर्गम पहाड़ी इलाकों में नियमित गश्त से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी समय पर मिल सकती है। मौसम और भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा बलों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना भी उतना ही आवश्यक है। सुरक्षा केवल हथियारों और बलों की संख्या से मजबूत नहीं होती बल्कि समन्वय और तैयारी से मजबूत होती है। किसी भी आपात स्थिति के लिए पूर्व निर्धारित कार्य योजना त्वरित संचार व्यवस्था चिकित्सा सहायता और राहत दलों की उपलब्धता भी अत्यंत आवश्यक है। यदि किसी कारण से प्राकृतिक आपदा मौसम परिवर्तन या अन्य अप्रत्याशित स्थिति उत्पन्न होती है तो यात्रियों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की व्यवस्था पहले से तैयार रहनी चाहिए। स्थानीय नागरिकों का सहयोग भी यात्रा की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वर्षों से स्थानीय लोग श्रद्धालुओं की सहायता करते आए हैं। प्रशासन और स्थानीय समुदाय के बीच विश्वास और सहयोग का वातावरण यात्रा को अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने में मदद करता है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना समय पर संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाना सामूहिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# शोक आमंत्रण में छिपा है बड़ा सियासी संदेश

गौरतलब — संजय सक्सेना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिला निमंत्रण इस बात का प्रमाण है कि ईरान भारत को अपने रणनीतिक भागीदारों की सूची में शीर्ष पर रखता है, लेकिन प्रधानमंत्री के स्थान पर बिहार के राज्यपाल को भारत के प्रतिनिधि के तौर पर भेजना यह दशार्ता है कि भारत कूटनीतिक शिष्टाचार और आंतरिक व्यस्तताओं के बीच एक संतुलित रुख अपना रहा है।

**ईरान** के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी के निधन के बाद चार जुलाई 2026 को उनके अंतिम संस्कार को लेकर उपजे कूटनीतिक घटनाक्रम ने भारतीय राजनीति और विदेश नीति के गलियारों में एक नई चर्चा को जन्म दे दिया है। ईरान सरकार द्वारा भारत की कई प्रमुख राजनीतिक और सामाजिक हस्तियों को इस शोक सभा में आमंत्रित करना न केवल दोनों देशों के बीच गहरे होते संबंधों का संकेत है, बल्कि यह पश्चिम एशिया की बदलती भू-राजनीति में भारत की बढ़ती अहमियत को भी रेखांकित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिला निमंत्रण इस बात का प्रमाण है कि ईरान भारत को अपने रणनीतिक भागीदारों की सूची में शीर्ष पर रखता है, लेकिन प्रधानमंत्री के स्थान पर बिहार के राज्यपाल को भारत के प्रतिनिधि के तौर पर भेजना यह दशार्ता है कि भारत कूटनीतिक शिष्टाचार और आंतरिक व्यस्तताओं के बीच एक संतुलित रुख अपना रहा है। यह आमंत्रण भारत के लिए एक जटिल स्थिति भी पैदा करता है। कांग्रेस सहित विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं को बुलावा जाना यह स्पष्ट करता है कि ईरान भारत के किसी एक धड़े या सरकार से नहीं, बल्कि पूरे भारतीय तंत्र से संवाद बनाए रखने का इच्छुक है। भारत के भीतर अयातुल्ला अली खामेनेई और ईरानी नेतृत्व के प्रति एक बड़े वर्ग की आस्था किसी से छिपी नहीं है। हाल ही में मोहर्रम के दौरान लखनऊ और देश के अन्य हिस्सों में खामेनेई के पोस्टर और उनकी विचारधारा के समर्थन में दिखने वाली सक्रियता इस बात का प्रमाण है कि भारत में ईरान के वैचारिक और धार्मिक अनुयायियों का एक मजबूत आधार मौजूद है। ऐसे में ईरान के शोक में शामिल होने का सरकार का यह निर्णय इस विशाल आबादी के प्रति एक संवेदनशील संदेश भी है। भारतीय राजनीति के दृष्टिकोण से देखें तो यह घटनाक्रम देश के भीतर सॉफ्ट पावर और सांस्कृतिक कूटनीति की जटिलताओं को उजागर करता है। जब भारत सरकार के प्रतिनिधि आधिकारिक तौर पर ईरान के इस शोक आयोजन में शामिल होते हैं, तो वे अनजाने में ही घरेलू राजनीति में मौजूद उन समर्थकों को एक सकारात्मक संदेश देते हैं, जो ईरान के शीर्ष नेतृत्व के प्रति गहरी श्रद्धा रखते हैं। यह कदम भारत की उस स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी (रणनीतिक स्वायत्तता) को भी पुष्ट करता है, जहां भारत अमेरिका और इजरायल जैसे अपने अन्य रणनीतिक सहयोगियों के साथ संबंधों को प्रभावित किए बिना ईरान के साथ अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जुड़ाव को प्राथमिकता देता है।

## आज का इतिहास

- पुर्तगाल ने 1661 में मुंबई और तंजौर इंग्लैंड के राजा चार्ल्स द्वीतीय को दिया।
- मुगल सम्राट के आदेश पर 1746 में बाबा बंदासिंह बहादुर को फांसी दे दी गयी।
- 1710 में उन्होंने मुगलों को हराया था।
- मराठा सेना ने 1760 में दिल्ली पर कब्जा किया।
- पर्शिया ने 1778 में के खिलाफ युद्ध की घोषणा की थी।
- अमेरिका ने 1819 में पहला बचत बैंक 'बैंक ऑफ सेविंग इन न्यूयॉर्क' शुरू हुआ।
- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बासुदेव बलवंत फड़के को 1879 में गिरफ्तार कर लिया गया।
- स्टॉक एक्सचेंज दाउ जोंस ने 1884 में अपना पहला स्टॉक इंडेक्स प्रकाशित किया।
- न्यूयॉर्क ट्रिब्यून छपाई मशीन का इस्तेमाल करने वाला पहला अखबार 1886 में बना।
- इडाहो 1890 में अमेरिका का 43वां प्रांत बना।
- इतावली वैज्ञानिक माकोर्नी ने 1897 को लंदन में रेडियो का पेटेंट कराया।
- बाल गंगाधर तिलक को 1908 में अंगरेज सरकार ने देशद्रोह का आरोप लगाकर गिरफ्तार किया।
- लंदन में पहली बार रंगीन टीवी कार्यक्रम का प्रसारण 1928 में हुआ।
- अमेरिकी कांग्रेस ने 1952 में प्यूर्टो रिको के संविधान को मंजूरी दी।
- फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने 1962 में अल्जीरिया की आजादी की घोषणा की।
- 105 यात्रियों वाला हवाई जहाज 1970 को स्पेन में लापता हो गया।
- अमेरिकी रॉक बैंड 'द डोर्स' के प्रसिद्ध गायक जिम मॉरिसन 1971 को अपने पेरिस स्थित घर में मृत पाये गये।
- भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद शिमला समझौता पर 1972 में हस्ताक्षर हुए।

## किसने क्या कहा



एआई को सिर्फ अपनाएं नहीं, बल्कि इसका बुद्धिमानी से करें उपयोग

डॉ. जितेन्द्र सिंह
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री



भारत और पाकिस्तान को बातचीत से मसले सुलझाने चाहिए

उमर अब्दुल्ला
मुख्यमंत्री (जम्मू-कश्मीर)

## अंकजाल - 8317

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 12 | 13 | 24 | 18 | 20 | ■ | 25 | 32 | ■ |
| 31 | 5 | | 5 | | 9 | ■ | 2 | | 9 |
| 25 | | 5 | | 8 | | ■ | | 3 | 10 |
| ■ | ■ | ■ | 2 | | 7 | | 3 | | 34 |
| 14 | | 5 | | ■ | | 5 | | 8 | 22 |
| 22 | 9 | | 3 | | ■ | | 6 | | 18 |
| 25 | | 6 | | 5 | | 5 | ■ | ■ | ■ |
| 9 | 6 | | ■ | | 7 | | 8 | | 32 |
| 14 | | 6 | ■ | 4 | | 8 | | 1 | 26 |
| ■ | 28 | 22 | ■ | 21 | 15 | 40 | 15 | 6 | ■ |

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

### अंकजाल 8316 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 21 | 13 | 45 | 33 | ■ | ■ | 21 | 23 | ■ |
| 21 | 9 | 3 | 7 | 2 | ■ | 5 | 5 | 4 | 14 |
| 3 | 9 | 2 | 7 | 5 | ■ | 8 | 7 | 5 | 20 |
| ■ | 3 | 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 2 | 6 | 35 |
| ■ | ■ | ■ | 7 | 7 | 2 | 5 | 7 | 8 | 36 |
| 33 | 9 | 2 | 3 | 8 | 5 | 6 | ■ | ■ | ■ |
| 38 | 7 | 3 | 6 | 4 | 5 | 2 | 5 | 6 | ■ |
| 14 | 3 | 4 | 7 | ■ | 8 | 8 | 5 | 8 | 29 |
| 13 | 1 | 6 | 6 | ■ | 4 | 6 | 8 | 7 | 25 |
| ■ | 20 | 15 | ■ | ■ | 27 | 44 | 18 | 21 | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## कोई भी परिस्थिति हो, ये काम कभी बन्द ना करें

**अपने** विचारों का मूल्यांकन करना कभी भी बंद न करें, क्योंकि विचारों का प्रवाह अनवरत और कभी-कभी अत्यधिक भी हो जाता है। हर नया विचार पुराने को चुनौती देता है। यहीं से भ्रम भी पैदा होता है और कभी-कभी अधिक विचार आने से निर्णय भी गलत हो जाते हैं। रावण के साथ यही हुआ। वह बहुत विद्वान था। लिहाजा उसके भीतर विचारों की भरमार थी। सुंदरकांड का दृश्य है। रावण के दरबार में हनुमानजी निर्भीक खड़े थे। दोनों का वातार्लाप शुरू होता है।

कह लंकेस कवन तैं कीसा। केहि कें बल घालेहि बन खीसा।।
की धौं श्रवन सुनेहि नहिं मोही।
देखउं अति असंक सठ तोही।।

लंकापति रावण ने कहा - रे वानर! तू कौन है? किसके बल पर तूने वन को उजाड़कर नष्ट कर डाला? क्या तूने कभी मेरा नाम और यश नहीं सुना? रे शठ! मैं तुझे अत्यंत निरूशंक देख रहा हूं। मारे निसिचर केहिं अपराधा। कहु सठ तोहि न प्रान कइ बाधा।। तूने किस अपराध से राक्षसों को मारा? बता, क्या तुझे प्राण जाने का भय नहीं है? यहां रावण ने हनुमानजी से पांच प्रश्न पूछे। इन शब्दों में अहंकार भरा हुआ था। रावण ने अपने ही विचारों को शब्दों से जोड़ने के लिए अहंकार का सेतु बनाया, जबकि विश्लेषण के साथ शब्द प्रस्तुत करने थे, क्योंकि सामने हनुमानजी खड़े थे।

## सुविचार

श्रेष्ठ होना कोई कार्य नही, बल्कि यह हमारी एक आदत है, जिसे हम बार-बार करते हैं।
अरस्तु

विजेता बोलते हैं कि मुझे कुछ करना चाहिए, जबकि हारनेवाले बोलते हैं कि कुछ होना चाहिए।
शिव खेरा

## राशिफल

**मेष** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। कार्यक्षेत्र में आगे बढने में रुकावट का एहसास होगा।

**तुला** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**वृष** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**वृश्चिक** — किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

**मिथुन** — जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**धनु** — बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। कुछ आर्थिक चिन्ताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे।

**कर्क** — शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे।

**मकर** — व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**सिंह** — पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी।

**कुंभ** — आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**कन्या** — शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**मीन** — कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

# डिजिटल प्राइवेसी की नयी परत, लेकिन भीतर छिपे बड़े खतरे



प्रो. आरके जैन

**मोबाइल** नंबर अब तक डिजिटल पहचान का सबसे भरोसेमंद आधार रहा है, लेकिन अब उसकी जगह यूजरनेम लेने की तैयारी है। बदलाव जितना आधुनिक दिखता है, जोखिम भी उतने ही बड़े हैं। व्हाट्सऐप यूजरनेम सुविधा ला रहा है, जिससे उपयोगकर्ता अपना मोबाइल नंबर छिपाकर यूजरनेम के माध्यम से नए संपर्कों से बातचीत कर सकेंगे। दावा है कि इससे निजता मजबूत होगी, लेकिन भारत सरकार ने इसके संभावित खतरों को समय रहते भांप लिया। मेटा को नोटिस भेजकर इस फीचर के भारत में रोलआउट पर अस्थायी रोक लगाना महज तकनीकी कदम नहीं, बल्कि भारत के 50 करोड़ से अधिक व्हाट्सएप यूजर्स की डिजिटल सुरक्षा का सवाल है। जिस देश में रोज हजारों साइबर ठगी होती हों, वहां पहचान को नंबर से हटाकर केवल यूजरनेम के भरोसे छोड़ना क्या अपराधियों को नया हथियार नहीं देगा? आखिर डिजिटल दुनिया में प्राथमिकता सुविधा को मिले या सुरक्षा को? पहली नजर में मेटा का यह प्रस्ताव बेहद आकर्षक लगता है। इसके तहत हर उपयोगकर्ता 3 से 35 कैरेक्टर्स (अक्षर, संख्या, पीरियड और अंडरस्कोर) वाला यूनिक यूजरनेम चुन सकेगा। इसके बाद बातचीत के लिए मोबाइल नंबर साझा करने की जरूरत नहीं होगी। नंबर केवल अकाउंट वेरिफिकेशन तक सीमित रहेगा, जबकि चैट में उसकी जगह यूजरनेम दिखाई देगा। कंपनी का दावा है कि ₹यूजरनेम की₹ जैसी अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था अनचाहे संदेशों और संदिग्ध संपर्कों पर प्रभावी नियंत्रण रखेगी। कागज पर यह व्यवस्था निजता को मजबूत करती दिखाई देती है, लेकिन तकनीक का इतिहास बताता है कि हर नई सुविधा अपने साथ नए जोखिम भी लाती है। इसलिए असली सवाल यह नहीं कि यह फीचर कितना आकर्षक है, बल्कि यह है कि इसकी सुरक्षा कितनी अभेद्य और भरोसेमंद है। भारत की चिंता वाजिब है। यहां साइबर अपराध पहले ही महामारी बन चुके हैं। डिजिटल अरेस्ट, फर्जी बैंक अलर्ट, निवेश घोटाले, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया इमपर्सनेशन और भावनात्मक ठगी लाखों लोगों को शिकार बना चुके हैं। ऐसे में यदि कोई ठग किसी अधिकारी, पत्रकार, उद्योगपति, लोकप्रिय हस्ती या आम नागरिक के नाम जैसा यूजरनेम पहले ही ले ले (यूजरनेम स्क्वाटिंग), तो छद्मवेश (इमपर्सनेशन) और पहचान की चोरी आसान हो जाएगी। इसके जरिए फर्जी प्रोफाइल बनाकर पैसे ऐंठना, संवेदनशील जानकारी हासिल करना, अफवाह फैलाना और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना आसान होगा। तब यह केवल व्यक्ति का नहीं, बल्कि जनविश्वास, कानून-व्यवस्था और राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा का संकट बन जाएगा। इसलिए सरकार की आशंका कल्पना नहीं, डिजिटल हकीकत है। इन्हीं आशंकाओं के बीच केंद्र सरकार ने मेटा से तीन दिनों में विस्तृत जवाब मांगा है। कंपनी को फीचर का डिजाइन, प्राइवेसी प्रोटोकॉल, सुरक्षा तंत्र, पहचान सत्यापन और दुरुपयोग रोकने के उपाय स्पष्ट करने होंगे। साथ ही समीक्षा पूरी होने तक भारत में इसका रोलआउट रोकने को कहा गया है। यह फैसला तकनीकी प्रगति का विरोध नहीं, बल्कि जिम्मेदार डिजिटल शासन का संकेत है। सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, साइबर सुरक्षा नीतियों और डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन कानून के तहत विदेशी डिजिटल प्लेटफॉर्मों का भारतीय कानूनों और सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य है।

# भारत-जापान की नयी रणनीतिक साझेदारी से बदलेंगे एशिया के शक्ति समीकरण

गौरतलब — अजय कुमार



1952 में राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद दोनों देशों के बीच विश्वास लगातार बढ़ता गया। 2000 में रिश्तों को नई दिशा मिली, 2006 में उन्हें 'स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप' का दर्जा मिला और 2014 में इन्हें 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप' में बदल दिया गया। यह वही दौर था, जब जापान ने भारत को केवल एक बड़ा बाजार नहीं, बल्कि एशिया में सबसे भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखना शुरू किया।

**नयी** दिल्ली के हैदराबाद हाउस में गुरुवार को जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची को अपनी 'छोटी बहन' कहकर संबोधित किया, तब यह केवल शिष्टाचार का एक वाक्य नहीं था। कूटनीति की दुनिया में शब्द अक्सर दस्तावेजों से ज्यादा गहरे संदेश देते हैं। इस संबोधन के पीछे वह भरोसा छिपा था, जिसे भारत और जापान ने पिछले ढाई दशकों में धीरे-धीरे तैयार किया है। लेकिन इस मुलाकात की असली अहमियत भावनात्मक रिश्ते से कहीं आगे है। यह उस दौर में हुई है, जब एशिया की राजनीति नए मोड़ पर खड़ी है, चीन का बढ़ता दबदबा पड़ोसी देशों की चिंता बढ़ा रहा है, वैश्विक सप्लाई चेन नए ठिकाने तलाश रही है और तकनीक भविष्य की सबसे बड़ी ताकत बन चुकी है। ऐसे समय में भारत और जापान ने दुनिया को यह संकेत दिया है कि दोनों देशों की साझेदारी अब केवल निवेश और व्यापार तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि रक्षा, तकनीक, ऊर्जा और सामरिक सुरक्षा की नई धुरी बनने जा रही है।

भारत और जापान के रिश्तों की सबसे बड़ी खासियत यह रही है कि इनमें कभी उतार-चढ़ाव की राजनीति नहीं दिखी। 1952 में राजनयिक संबंध स्थापित होने के बाद दोनों देशों के बीच विश्वास लगातार बढ़ता गया। 2000 में रिश्तों को नई दिशा मिली, 2006 में उन्हें 'स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप' का दर्जा मिला और 2014 में इन्हें 'स्पेशल स्ट्रैटेजिक एंड ग्लोबल पार्टनरशिप' में बदल दिया गया। यह वही दौर था, जब जापान ने भारत को केवल एक बड़ा बाजार नहीं, बल्कि एशिया में सबसे भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखना शुरू किया। दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल, मेट्रो परियोजनाएं और औद्योगिक टाउनशिप जैसे दर्जनों बड़े प्रोजेक्ट इसी सोच का परिणाम हैं। जापान ने पिछले दो दशकों में भारत में अरबों डॉलर का निवेश किया और आज करीब 1,400 जापानी कंपनियां भारतीय बाजार में सक्रिय हैं। लेकिन इस बार का शिखर सम्मेलन इसलिए अलग था क्योंकि पहली बार दोनों देशों ने रक्षा सह-विकास समझौते पर हस्ताक्षर किए। अब तक भारत और जापान संयुक्त नौसैनिक अभ्यास, रक्षा संवाद और समुद्री सुरक्षा तक सहयोग कर रहे थे, लेकिन रक्षा तकनीक के संयुक्त विकास की दिशा में यह पहला कदम है। इसका मतलब केवल हथियार बनाना नहीं है। इसका अर्थ है कि आने वाले वर्षों में दोनों देश ऐसी तकनीकों पर साथ काम करेंगे, जो समुद्री निगरानी, सुरक्षित संचार, ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित रक्षा प्रणाली और भविष्य की युद्ध तकनीकों की दिशा तय करेंगी। रक्षा विशेषज्ञ इसे भारत-जापान संबंधों का सबसे बड़ा रणनीतिक मोड़ मान रहे हैं, क्योंकि जापान लंबे समय तक रक्षा निर्यात और सैन्य तकनीक साझा करने में बेहद सतर्क रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं आया। इसके पीछे चीन की बढ़ती आक्रामकता सबसे बड़ा कारण है। पिछले एक दशक में दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीपों का निर्माण, ताइवान के आसपास लगातार सैन्य अभ्यास, पूर्वी चीन सागर में सेनकाकू द्वीपों को लेकर जापान के साथ तनाव और हिंद महासागर में चीनी नौसेना की बढ़ती मौजूदगी ने पूरे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था बदल दी है।


स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## प्रखंड स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प का शुभारम्भ, उपायुक्त ने किया उद्घाटन

# ऑन द स्पॉट 10 लाभुकों को मिला लर्निंग लाइसेंस

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित सेवाएं प्रखंड स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार, 02 जुलाई 2026 से प्रखंड स्तरीय ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का शुभारंभ किया गया। अभियान के प्रथम दिन लेस्लीगंज प्रखंड अंतर्गत लेस्लीगंज पंचायत सचिवालय में कैंप का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने किया।इस अवसर पर उपायुक्त श्री शेखावत ने कैंप में ऑन स्पॉट तैयार किए गए 10 लाभुकों के बीच लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस का वितरण किया। उन्होंने लाभुकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस केवल वाहन चलाने की अनुमति नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। कार्यक्रम के उपरांत भी कैंप में लर्निंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया लगातार जारी रही तथा बड़ी संख्या में लोगों ने इसका लाभ उठाया। उपायुक्त ने लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करने वाले युवाओं से वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, यातायात नियमों का सम्मान करने तथा नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश जानें लापरवाही के कारण जाती हैं। यदि सभी नागरिक यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करें तो दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से स्वयं जागरूक बनने के साथ-साथ अपने परिवार एवं समाज को भी सड़क सुरक्षा के प्रति प्रेरित करने का आह्वान किया। कैंप में आवेदकों की सुविधा के लिए परिवहन विभाग द्वारा सभी आवश्यक तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराए गए थे। साथ ही आवेदन एवं लाइसेंस निर्माण कार्य के सुचारू संचालन हेतु पर्याप्त संख्या में कंप्यूटर ऑपरेटरों की भी प्रतिनियुक्ति की गई थी, जिससे लाभुकों को त्वरित एवं सहज सेवा उपलब्ध कराई जा सके।इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी प्रमोद कुमार, लेस्लीगंज अंचलाधिकारी जागो महतो, स्थानीय मुखिया सहित परिवहन विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



रैयती मामले में लापरवाही पर बड़ी कार्रवाई

## चतरा उपायुक्त ने राजस्व उप निरीक्षक की पांच साल तक रोकी वेतनवृद्धि



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : चतरा जिला प्रशासन ने शासकीय कार्यों में लापरवाही और नियमों की अनदेखी पर सख्त रुख अपनाते हुए हंटरगंज अंचल में पदस्थापित तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक राजनन्दन चौधरी पर बड़ी कार्रवाई की है। टण्डवा अंचल के मौजा नईपारम में गैरमजरूआ खास और जंगल-झाड़ी भूमि की रैयती मान्यता के मामलों में केवल पंजी-02 के आधार पर गलत प्रतिवेदन देने और आवश्यक दस्तावेजों का समुचित परीक्षण न करने के कारण, उपायुक्त ने उन पर पाँच वर्षों तक असंचयात्मक प्रभाव से वेतनवृद्धि रोकने का लघु दंड अधिरोपित किया है। वर्ष 2021 से चल रही इस विभागीय कार्रवाई की दोबारा जांच में प्रक्रियागत त्रुटि की पुष्टि हुई है, हालांकि इससे किसी आवेदक को अनुचित लाभ या मुआवजा नहीं मिला और न ही इस दंड का कर्मी की पेंशन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय दायित्वों के निर्वहन में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शुरूआती जांच में आरोपी कर्मी को सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ने की अनुशंसा की गई थी, लेकिन उपायुक्त ने तथ्यों और साक्ष्यों की कमी पाते हुए उस रिपोर्ट को पूरी तरह खारिज कर दिया। इसके बाद मामले की गहराई से जांच के लिए अपर समाहर्ता को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया, जिन्होंने अपनी विस्तृत रिपोर्ट में विभागीय दिशा-निर्देशों के उल्लंघन और गंभीर प्रक्रियागत त्रुटियों को उजागर किया। इस कार्रवाई के जरिए जिला प्रशासन ने चतरा के सभी अंचलों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों को कड़ा संदेश दिया है कि वे अपनी कार्यप्रणाली में पूरी पारदर्शिता और सजगता बरतें।

## एक झलक

### डीटीओ के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान जारी

**चतरा** : यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। टंडवा के विभिन्न इलाकों में बृहस्पतिवार को एक व्यापक वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर भारी जुर्माना लगाया गया। मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई मोटर वाहन अधिनियम 1988 की विभिन्न धाराओं के उल्लंघन मामले में कुल 15 वाहनों को पकड़ा गया। पकड़े गए इन वाहनों से कुल 1,57,502 (एक लाख सत्तावन हजार पांच सौ दो रुपये) का जुमार्ना वसूला गया है। प्रशासन की इस अचानक हुई कार्रवाई से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।
अधिकारियों का कहना है कि सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए आने वाले दिनों में भी ऐसा चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

### ब्रेक फेल होने से दो ट्रकों में भिड़ंत, 01 की मौत, 03 घायल

**लातेहार** : जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के लुकुइया घाटी में आज दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जिसमें सरिया लदे दो ट्रकों की भीषण टक्कर में एक चालक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए।
दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना चंदवा पुलिस को दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों ट्रक राउरकेला से उत्तर प्रदेश की ओर सरिया लेकर जा रहे थे। आगे चल रहे 14 चक्का ट्रक (नंबर यूपी 75 एटी 3909) में सरिया लोड था। इसी दौरान पीछे से आ रहे 16 चक्का ट्रक (नंबर आरजे 11 सीजी 1994) का ब्रेक अचानक फेल हो गया। इस ट्रक में भी सरिया लोड था। अनियंत्रित ट्रक ने आगे चल रहे ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक में लदा सरिया आगे वाले ट्रक के केबिन को चीरते हुए अंदर घुस गया और चालक उसी में दब गया। गंभीर रूप से फंस जाने के कारण चालक राजेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपने पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। दुर्घटना में घायल उमेश यादव पिता अमित सिंह यादव (28 वर्ष), दीपक तिवारी पिता कैलाश तिवारी (27 वर्ष) सहित रिंकु यादव पिता मोहन सिंह (25 वर्ष) सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चंदवा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं।मृतक का शव ट्रक के क्षतिग्रस्त केबिन में बुरी तरह फंस गया था। इसके बाद प्रशासन ने हाइड्रा मशीन की मदद से केबिन को हटा कर काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण पीछे वाले ट्रक का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है।

## जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2026-27 का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : झारखंड शिक्षा परियोजना, गुमला के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2026-27 का शुभारंभ गुरुवार को संत इग्नेशियुस उच्च विद्यालय के जुबली स्टेडियम में हुआ। मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त अनिमेश रंजन ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और फुटबॉल को किक मारकर पहले मैच की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से अनुशासन, खेल भावना और टीमवर्क के साथ खेलने का आह्वान किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने जिले के सभी 12 प्रखंडों की विजेता टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के मुकाबले संत इग्नेशियुस उच्च विद्यालय के जुबली स्टेडियम एवं ग्राउंड-बी में आयोजित किए जा रहे हैं। पहले दिन अंडर-17 बालक वर्ग के मैच खेले गए। 3 जुलाई को अंडर-17 बालिका वर्ग तथा 4 जुलाई को अंडर-15 बालक वर्ग के मुकाबले होंगे। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी 12 प्रखंडों की विजेता टीमें भाग ले रही हैं। आयोजन का उद्देश्य विद्यालयी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना, खिलाड़ियों में खेल भावना का विकास करना तथा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन करना है।

## लातेहार सदर अस्पताल में सीटी स्कैन केन्द्र शुरू

# अब मरीजों को नहीं जाना होगा बाहर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : सदर अस्पताल, लातेहार में गुरुवार को सीटी स्कैन केंद्र का शुभारंभ किया गया। चतरा सांसद कालीचरण सिंह, राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह और उपायुक्त संदीप कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर केंद्र का उद्घाटन किया। यह सीटी स्कैन केंद्र प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना (पीएमकेकेकेवाई) के तहत जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड से स्थापित किया गया है। इसके शुरू होने से अब जिले के मरीजों को सीटी स्कैन कराने के लिए रांची या अन्य बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि यह लातेहार के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है और कई ऐसी सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं, जो कई प्रमंडल मुख्यालयों में भी नहीं हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में जिले की स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी। राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम ने इस दिन को लातेहार के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि सीटी स्कैन केन्द्र शुरू होने से मरीजों का समय और पैसा दोनों बचेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन को इस पहल के लिए बधाई दी। मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि कोरोना काल के बाद से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में लगातार सुधार हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में लातेहार चिकित्सा सुविधाओं के मामले में राज्य के अग्रणी जिलों में शामिल होगा।



## तम्बोली मुंडाटोली में पुल के बिना सड़क बेकार बरसात में कट जाता है गांव का सम्पर्क

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)** : महुआडांड़ प्रखंड के सुदूरवर्ती तम्बोली मुंडाटोली गांव में सड़क बनने के बावजूद ग्रामीणों की परेशानी कम नहीं हुई है। नाले पर पुल नहीं बनने से हर बरसात में गांव का संपर्क बाहरी दुनिया से टूट जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन पुल नहीं बनने के कारण पूरी योजना अधूरी रह गयी। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण के समय ही नाले पर पुल बनाने की मांग की गयी थी। उन्होंने सम्बन्धित विभाग को यह भी बताया था कि बिना पुल के सड़क का लाभ नहीं मिल पायेगा। इसके बावजूद केवल सड़क बनाई गई। अब बारिश के दौरान नाले में तेज बहाव आने पर आवागमन पूरी तरह बंद हो जाता है और गांव टापू जैसा बन जाता है। करीब 35 से 40 परिवारों वाले इस गांव में आज भी कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। यहां न आंगनबाड़ी केन्द्र है और न ही प्राथमिक विद्यालय। बच्चों को पढ़ाई के लिए सरनाडीह गांव जाना पड़ता है, लेकिन बरसात में नाला उफान पर रहने से कई दिनों तक स्कूल जाना संभव नहीं हो पाता। इससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है। बीमारी की स्थिति में ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। नाला पार नहीं कर पाने के कारण मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाना कठिन हो जाता है। कई बार लोगों को घंटों तक पानी कम होने का इंतजार करना पड़ता है।



## रोजगार मेले में 166 युवाओं को मिला ऑफर लेटर, 25 कम्पनियों ने किया चयन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू की ओर से गुरुवार को मेदिनीनगर स्थित टाउन हॉल में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2026 का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सहायक समाहर्ता ऋत्विक मेहता एवं जिला नियोजन पदाधिकारी नीरज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। रोजगार मेले में जिले सहित आसपास के क्षेत्रों से 1200 से अधिक अभ्यर्थियों ने भाग लिया। मेले में 25 प्रतिष्ठित कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए। विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के बाद 411 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया, जिनमें से 166 युवाओं को मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को गार्ड, ट्रेनर, स्टोर कीपर, टेक्नीशियन, मशीन ऑपरेटर सहित विभिन्न पदों पर रोजगार मिला। इनमें कई पदों पर प्रतिमाह 20 हजार रुपये तक के वेतन का ऑफर दिया गया। उपायुक्त ने कुछ चयनित अभ्यर्थियों को सांकेतिक रूप से ऑफर लेटर भी सौंपा। इस अवसर पर उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के बाद सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव रोजगार है।

### विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत कांग्रेस नेताओं ने किया बूथों का निरीक्षण

**गुमला** : मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत कांग्रेस नेताओं ने गुरुवार को बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के घाघरा प्रखंड स्थित चुन्दरी एवं नवडीहा पंचायत के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान मतदाता सूची से संबंधित शिकायतों का संज्ञान लेकर उन्हें निर्वाचन पदाधिकारियों तक पहुंचाने की बात कही गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि पार्टी के कार्यकर्ता और बूथ लेवल एजेंट घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं तथा सूची में त्रुटियों को दूर कराने का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान स्टेट टीम के सपोर्ट कोऑर्डिनेटर अनिरुद्ध चौबे ने बूथ लेवल एजेंटों को बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने तथा मतदाता सूची सत्यापन की प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान घाघरा प्रखंड अध्यक्ष आदित्य भगत, रूपेश कुमार, दिलशाद अंसारी सहित कांग्रेस के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झमाझम बारिश से तपिश पर लगा विराम मेदिनीनगरवासियों ने ली राहत की सांस

**ओम प्रकाश**

**मेदिनीनगर** : पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और उमस की मार झेल रहे मेदिनीनगर के लोगों को आखिरकार बारिश ने बड़ी राहत पहुंचाई है। मंगलवार को हुई झमाझम बारिश के बाद मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। तापमान में गिरावट आने से लोगों ने राहत की सांस ली, जबकि सड़कों, बाजारों और मोहल्लों में भी मौसम सुहावना हो गया। पिछले कुछ दिनों से जिले में पड़ रही तेज गर्मी के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया था। दोपहर के समय घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा था। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों को उठानी पड़ रही थी। गर्मी इतनी अधिक थी कि पंखे और कूलर भी राहत देने के बजाय गर्म हवा ही फेंक रहे थे। स्थिति को और कठिन बिजली की अनियमित आपूर्ति ने बना दिया था। बार-बार बिजली कटने से लोग उमस और गर्मी से बेहाल थे। खासकर रात के समय बिजली बाधित रहने के कारण लोगों की नींद भी प्रभावित हो रही थी। ऐसे में बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से काफी हद तक राहत दिलाई। बारिश के बाद वातावरण में ठंडक घुल गई, जिससे बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही बढ़ गई। बच्चों ने भी बारिश का आनंद लिया, जबकि किसानों ने इसे खरीफ फसलों के लिए शुभ संकेत बताया। लोगों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में इसी तरह मौसम अनुकूल बना रहा तो गर्मी से पूरी तरह राहत मिलने के साथ-साथ खेती-किसानी के कार्यों को भी गति मिलेगी। मौसम में आए इस बदलाव से मेदिनीनगर के लोगों के चेहरों पर राहत साफ दिखाई दी। लंबे समय से भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों के लिए यह बारिश किसी सौगात से कम नहीं रही। अब लोगों की उम्मीद है कि आने वाले दिनों में भी मौसम इसी तरह सुहावना बना रहेगा और गर्मी का प्रकोप कम होगा।



## 18 जुलाई को चेक बाउंस मामलों के लिए विशेष लोक अदालत, तैयारियां तेज

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले में चेक बाउंस (एनआई एक्ट) से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे के लिए 18 जुलाई 2026 को व्यवहार न्यायालय परिसर में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश शेष नाथ सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। साथ ही मामलों के समाधान के लिए पूर्व-सुलह बैठकों का दौर भी शुरू कर दिया गया है। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने विशेष लोक अदालत की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी न्यायिक पदाधिकारियों को एनआई एक्ट के लंबित मामलों को चिन्हित करने और दोनों पक्षों को समय पर नोटिस तामील कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति के आधार पर निपटारा सुनिश्चित किया जाए। श्री सिंह ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य लंबित मुकदमों का बोझ कम करना और लोगों को सुलभ, त्वरित एवं कम खर्च में न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को बैंक अधिकारियों, अधिवक्ताओं तथा सम्बन्धित पक्षों के साथ पूर्व-सुलह बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि समझौते की प्रक्रिया सरल और प्रभावी बन सके। उन्होंने आम लोगों और वादकारियों से अपील की कि वे 18 जुलाई को आयोजित विशेष लोक अदालत में पहुंचकर चेक बाउंस से जुड़े मामलों का आपसी सहमति से निपटारा कराएं। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी तथा लंबे समय से लंबित विवादों का शीघ्र समाधान भी संभव हो सकेगा।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान : डीसी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

# बीएलओ को दिये आवश्यक निर्देश

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिलेश्वर महत्तो ने गुरुवार को गुमला सदर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ से अभियान की प्रगति की जानकारी ली और कार्य को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बीएलओ को प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचकर सावधानीपूर्वक सत्यापन करने तथा निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को जिला स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सभी अधिकारी एवं कर्मी समन्वय और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही और अद्यतन रूप में दर्ज हो सके। उन्होंने आम नागरिकों से भी अभियान में सहयोग करने और आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, निर्वाचन कार्यालय के कर्मी तथा बीएलओ सुपरवाइजर उपस्थित थे।



## महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय के बैटरी बैकअप रूम में लगी आग, समय रहते टला बड़ा हादसा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार)** : महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित बैटरी पावर बैकअप रूम में गुरुवार को अचानक आग लगने से कार्यालय परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गयी। बैकअप रूम से धुआं और आग की लपटें निकलती देख कर्मचारियों ने तत्काल इसकी सूचना अधिकारियों को दी। इसके बाद सभी कर्मी सतर्क हो गए और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए गए। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी मनोज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अनुमंडल कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी भी घटनास्थल पर मौजूद रहकर स्थिति की निगरानी करते रहे। आग की सूचना मिलने के बाद आसपास के लोगों की भीड़ भी कार्यालय परिसर में जुट गई। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट या बैटरी बैकअप सिस्टम में आई किसी तकनीकी खराबी को माना जा रहा है। हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा। प्रशासन द्वारा बैटरी बैकअप रूम में हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है। आग से बैटरी और उससे जुड़े उपकरणों को क्षति पहुंचने की आशंका जताई जा रही है।



बिरसा कृषि रथ को उपायुक्त ने दिखायी हरी झंडी

# गांव-गांव पहुंच कर किसानों को देगा योजनाओं की जानकारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त संदीप कुमार ने समाहरणालय परिसर से गुरुवार को कृषि विभाग की ओर से संचालित बिरसा कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत खेती के तरीकों और सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी देगा। साथ ही किसानों को इन योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया जाएगा।इस अवसर पर उपायुक्त ने जिले के किसानों से सरकार द्वारा संचालित कृषि योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, खेती को लाभकारी बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं की सही जानकारी मिलने से किसान आधुनिक तकनीकों को अपनाकर बेहतर उत्पादन और अधिक आय प्राप्त कर सकते हैं। जिला कृषि पदाधिकारी नेहा निश्चल ने बताया कि बिरसा कृषि रथ झारखंड सरकार की एक विशेष जागरूकता पहल है। इसका उद्देश्य कृषि संबंधी नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी सीधे किसानों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि रथ के माध्यम से किसानों को उन्नत बीज, आधुनिक वैज्ञानिक खेती, प्राकृतिक एवं जैविक कृषि, फसल प्रबंधन, कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी तथा मिट्टी की जांच के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षित कृषि कर्मी भी रथ के साथ गांवों का भ्रमण करेंगे और किसानों की समस्याओं का समाधान करेंगे। जिला कृषि विभाग को उम्मीद है कि इस अभियान से अधिक से अधिक किसान सरकारी योजनाओं से जुड़ेंगे और आधुनिक खेती अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगे।



### गांव-गांव पहुंच कर बिरसा कृषि रथ किसानों को देगा नयी तकनीकों की जानकारी

**महुआडांड़ (लातेहार)** : किसानों को आधुनिक खेती और सरकारी कृषि योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से गुरुवार को महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय से बिरसा कृषि रथ 2026 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा और प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर ने संयुक्त रूप से रथ को रवाना किया।अधिकारियों ने बताया कि यह कृषि जागरूकता रथ प्रखंड की विभिन्न पंचायतों और गांवों का दौरा करेगा। भ्रमण के दौरान किसानों को उन्नत खेती की तकनीक, फसल विविधीकरण, प्राकृतिक खेती, पशुपालन, बागवानी और कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही विशेषज्ञ किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियां अपनाने और उत्पादन बढ़ाने के उपायों से भी अवगत कराएंगे।प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार कई योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं का लाभ तभी संभव है, जब उनकी सही जानकारी हर किसान तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि बिरसा कृषि रथ इसी उद्देश्य से गांव-गांव जाकर किसानों को जागरूक करेगा और उन्हें योजनाओं से जोड़ने का प्रयास करेगा। प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर ने किसानों से बदलते समय के अनुरूप नई कृषि तकनीकों को अपनाने की अपील की।

### डीएमएफटी फंड से पीवीटीजी गांवों के विकास की मांग को लेकर 5-6 जुलाई को रात्रि पड़ाव करेंगे पंसस अयुब खान

**लातेहार** : चंदवा प्रखंड की कामता पंचायत के पीवीटीजी (विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह) बहुल गांवों में बुनियादी सुविधाओं की कमी को लेकर पंचायत समिति सदस्य अयुब खान 5 और 6 जुलाई को चटुआग और दामोदर गांव के परहैया टोलों में रात्रि विश्राम कर ग्रामीणों से मिलेंगे और उनकी समस्याओं की जानकारी लेंगे। अयुब खान ने बताया कि 5 जुलाई को चटुआग के परहैया टोला तथा 6 जुलाई को दामोदर के परहैया टोला में शाम 7 बजे से सुबह 4 बजे तक रात्रि पड़ाव का कार्यक्रम रहेगा। इस दौरान पानी, बिजली, सड़क, कुपोषण, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे पीवीटीजी परिवारों से सीधे संवाद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद भी इन गांवों के लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सांसद आदर्श पंचायत होने के बावजूद कामता पंचायत के कई इलाके विकास की मुख्यधारा से पीछे हैं। उनका कहना है कि जिला खनिज प्रतिष्ठान न्यास (डीएमएफटी) फंड का उपयोग कर इन गांवों में सड़क, पेयजल, बिजली और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं।

## एक झलक

### आखिरकार पुलिस ने बच्ची को रजाई के पीछे से खोज निकाला

**बोकारो :** बोकारो के माराफारी थाना क्षेत्र के बांसगोड़ा निवासी पुनित चौहान ने अपने 06 वर्षीय पुत्री राधा ऊर्फ आराध्या का गुमशुदगी की प्राथमिकी सम्बन्धित थाना में दर्ज करवायी थी, पुलिस की सक्रियता से महज कुछ ही घंटों में बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया है। बोकारो पुलिस की 6 टीमें करीब 6 घंटे तक काफी सक्रिय रहकर सीसीटीवी जांच, टेक्निकल जांच, जिले के सभी रूट की चेकिंग इत्यादि किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बच्ची अपने घर में ही बक्से के पीछे रजाई से कवर करके छुपी हुई थी इस संबंध में बच्ची से अलग से पूछताछ किया भी किया गया।

### सघन वाहन जांच अभियान 10 वाहनों से 92,500 रुपये का ई-चालान

**लातेहार :** उपायुक्त संदीप कुमार के निर्देश पर गुरुवार को जिला परिवहन विभाग ने सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से चंदवा थाना क्षेत्र के दुर्घटना संभावित इलाकों में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल ने किया।जांच अभियान सिकनी पिकेट, डेढ़टंगवा घाटी और बोरसीदाग क्षेत्र में चलाया गया। ये इलाके लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए संवेदनशील माने जाते हैं। अभियान के दौरान भारी वाहनों के साथ-साथ दोपहिया वाहनों की भी सघन जांच की गयी। परिवहन विभाग की टीम ने कुल 132 वाहनों की जांच की। इस दौरान वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन से जुड़े आवश्यक दस्तावेज, फिटनेस, प्रदूषण प्रमाणपत्र, हेलमेट और अन्य यातायात नियमों का निरीक्षण किया गया। जांच में नियमों का उल्लंघन करने वाले 10 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 92,500 रुपये का ई-चालान किया गया।जांच के बाद अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी। उन्हें बताया गया कि तेज गति, लापरवाही से वाहन चलाना, बिना हेलमेट या बिना आवश्यक दस्तावेज के वाहन चलाना दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनता है। चालकों से सुरक्षित और जिम्मेदारी के साथ वाहन चलाने की अपील की गयी। जिला परिवहन पदाधिकारी उमेश मंडल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आगे भी नियमित रूप से ऐसे जांच अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

## 06 से 16 जुलाई तक चलेगा रात्रिकालीन फाइलेरिया ब्लड सैम्पल संग्रह अभियान

# रात 10 बजे के बाद लिया जायेगा ब्लड सैम्पल : डीसी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने गुरुवार को अपने कार्यालय कक्ष से वर्चुअल माध्यम से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत रात्रिकालीन ब्लड सैंपल संग्रह को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सदर, चैनपुर, लेस्लीगंज, पाटन, नावा बाजार, पांकी, मनातू, छतरपुर, नौडीहा बाजार, विश्रामपुर, हरिहरगंज, तरहसी, सतबरवा, हैदरनगर एवं हुसैनाबाद के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।



बैठक में ट्रेनी आईएएस, जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम), जबकि सिविल सर्जन एवं जिला पंचायती राज पदाधिकारी उपायुक्त कार्यालय से उपस्थित रहे। बैठक में उपायुक्त ने बताया कि जिले में 6 जुलाई से 16 जुलाई तक प्रतिदिन रात 10 बजे के बाद फाइलेरिया की जांच हेतु ब्लड सैंपल संग्रह अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने सभी प्रखंडों को निर्देश दिया कि सैंपल संग्रह के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करें तथा संबंधित थाना को पूर्व से इसकी सूचना अवश्य दें, ताकि अभियान सुचारु एवं सुरक्षित ढंग से संचालित हो सके। उपायुक्त ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजनों को अभियान की पूर्व जानकारी दें तथा उन्हें जागरूक करें, जिससे किसी प्रकार की भ्रांति या असमंजस की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया के परजीवी (माइक्रोफाइलेरिया) रात के समय ही रक्त की सतही नसों में अधिक संख्या में पाए जाते हैं। इसी कारण इस बीमारी की सटीक जांच के लिए रात 10 बजे के बाद ब्लड सैंपल लिया जाता है। यह एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है और राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पूरे देश में इसी प्रकार अपनाई जाती है। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील की है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम जब निर्धारित अवधि के दौरान रात्रि में ब्लड सैंपल लेने पहुंचे तो वे सहयोग करें। यह जांच पूरी तरह सुरक्षित है और इसका उद्देश्य समय पर संक्रमित व्यक्तियों की पहचान कर फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के उन्मूलन में सफलता प्राप्त करना है।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन

# विद्यार्थियों ने दिखायी लेखन प्रतिभा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया :** स्थानीय मॉडर्न पब्लिक स्कूल में कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में सुंदर एवं शुद्ध हस्तलेखन की आदत विकसित करना, हिंदी भाषा के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना बढ़ाना तथा लेखन कौशल को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और एकाग्रता के साथ भाग लिया। बच्चों ने अपनी साफ, सुंदर और आकर्षक लिखावट से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। प्रतियोगिता में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली, जिसके बाद प्रत्येक वर्ग से



प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य गुरुचरण वर्मा ने विजेता विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सुलेख केवल सुंदर लिखावट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, धैर्य, एकाग्रता और व्यक्तित्व विकास का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में भी हस्तलेखन का अपना विशेष महत्व है और ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। विद्यालय की निदेशिका संगीता शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों का झुकाव डिजिटल माध्यमों की ओर बढ़ रहा है, जिससे हाथ से लिखने की आदत प्रभावित हो रही है। ऐसे में विद्यालय समय-समय पर इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विद्यार्थियों की लेखन क्षमता, आत्मविश्वास और रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि अच्छी लिखावट बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन को भी बेहतर बनाती है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के लिए ऐसे रचनात्मक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का नियमित आयोजन करता रहेगा।

# लूट व छिनतई में सात अपराधी गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** बोकारो जिले में लगातार हो रही झपटमारी और छिनतई के मामले में बोकारो पुलिस ने सात अपराधियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक नाथु सिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह गिरोह बोकारो सहित आसपास के जिलों में भी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में जुटा हुआ था। जाजपुर उड़ीसा का रहनेवाला 30 वर्षीय भोला दास, धनबाद के बलियापुर का रहनेवाला 18 वर्षीय राणा उर्फ रजनीश सिंह, धनबाद का ही 24 वर्षीय बिट्टू कुमार सिंह, खासकुआं का रहनेवाला 18 वर्षीय श्रवण सिन्हा एवं लालबंगला धनबाद का रहनेवाला 52 वर्षीय परमानंद वर्मा को गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक आरोपी की पहचान के बाद सभी की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस गिरफ्त में आए लोगों में पुलिस ने इनके पास से सोने जैसा दिखनेवाला एक लॉकेट, एक टीवीएस बाइक,48 हजार नकद बरामद किया है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्त में आए आरोपियों का विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने दो शातिर बदमाश 19 वर्षीय पथूरिया जारीडीह निवासी विक्रम कुमार दास तथा रजवारडीह निवासी 19 विक्रम कुमार रजवार गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की विशेष टीम ने दबोचने में सफलता हासिल की है।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



ARYAN KUMAR

नाम एवं पहनावा

आर्यन कुमार, रंग–सांवला, ऊँचाई– 5 फीट 6 ईंच,
पहनावा– सफेद शर्ट एवं काला जींस पैंट।

उपरोक्त अपृहत/गुमशुदा आर्यन कुमार उम्र–17 वर्ष पे0 स्व0 संतोश चौधरी वर्तमान में अपने नाना के घर देवी नगर–भवानी नगर रोड नं0–01, हेसाग, थाना जगरनाथपुर, जिला राँची दिनांक–12.06.26 को लगभग 02: बजे से धुर्वा क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट मैच देखने गया एवं अबतक लौट कर घर नही आया है। जिसके संबंध में जगरनाथपुर थाना काण्ड संख्या–146/2026, दिनांक–14.06.2026, धारा–137(2) दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त अपृहत/गुमशुदा कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, राँची। – 9431706143
पु0नि0सह–थाना प्रभारी
जगरनाथपुर, राँची। – 9431706169

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 383788 Police (26-27)_D


# बीएसएल के आरएमएचपी विभाग में 'स्पर्श - वेलफेयर वॉक : केयर एंड कनेक्ट' का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट में कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों के कल्याण, सहभागिता तथा कार्यस्थल पर उपलब्ध सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 'स्पर्श वेलफेयर वॉकः केयर एंड कनेक्ट' पहल के अंतर्गत आरएमएचपी विभाग में वेलफेयर वॉक का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों से उनके कार्यस्थल पर सीधा संवाद स्थापित कर उनके अनुभवों को समझना, उपलब्ध कल्याणकारी सुविधाओं का आकलन करना तथा आवश्यक सुधारों एवं नयी पहलों की संभावनाओं की पहचान करना है।इस वेलफेयर वॉक का नेतृत्व मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने किया। उनके साथ आरएमएचपी, सीईडी एवं मानव संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा संबंधित विभागों की टीम ने आरएमएचपी विभाग के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया। इस दौरान कार्यस्थल की परिस्थितियों, उपलब्ध कल्याणकारी सुविधाओं तथा उनके प्रभावी उपयोग का अवलोकन किया गया और इन्हें और अधिक सुदृढ़ बनाने एवं नए वेलफेयर उपायों को लागू करने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर कार्यस्थल को और अधिक सुरक्षित, समावेशी एवं संवेदनशील बनाने के संबंध में कई उपयोगी सुझाव भी प्राप्त हुए।

## सीमावर्ती इलाकों की सुरक्षा पर झारखंड-छत्तीसगढ़ पुलिस की संयुक्त बैठक

# अपराध नियंत्रण की बनी रणनीति

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** झारखंड और छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा अपराध नियंत्रण को लेकर गुरुवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) कार्यालय, महुआडांड़ में अंतरराज्यीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व महुआडांड़ (झारखंड) के एसडीपीओ और कुसमी (छत्तीसगढ़) के एसडीपीओ ने संयुक्त रूप से किया।बैठक में छत्तीसगढ़ के कुसमी थाना तथा झारखंड के करौंधा थाना के थाना प्रभारियों सहित संबंधित पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। दोनों राज्यों के अधिकारियों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा अपराधियों पर संयुक्त कार्रवाई की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।बैठक में



सीमा पार होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए समन्वित कार्रवाई की रूपरेखा तैयार की गई। इसके साथ ही उग्रवादी गतिविधियों से जुड़े खुफिया इनपुट के संकलन, विश्लेषण और समय पर साझा करने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों और संदिग्ध तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी तथा दोनों राज्यों की पुलिस आवश्यक सूचनाओं का तत्काल आदान-प्रदान करेगी। अधिकारियों ने सीमावर्ती थाना क्षेत्रों के बीच नियमित समन्वय बैठकें आयोजित करने, संयुक्त गश्त बढ़ाने और आवश्यकता पड़ने पर संयुक्त अभियान चलाने पर भी सहमति जतायी। उनका कहना था कि बेहतर तालमेल और त्वरित सूचना साझा करने से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के साथ-साथ उग्रवादी गतिविधियों पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

# कोडरमा पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद की, दो अंतर्राज्यीय चोर गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** कोडरमा थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल बरामद करते हुए मामले में शामिल दो अंतर्राज्यीय चोरों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, 28 जून को वसुधरा गार्डन के पास से हीरो होंडा मोटरसाइकिल (जेएच12क्यू-9785) चोरी हो गई थी। इस संबंध में कोडरमा थाना में कांड संख्या 130/2026 दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष छापेमारी दल ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली तथा मामले में बिहार के नवादा जिले के सीतामढ़ी थाना क्षेत्र निवासी अभिराज कुमार (18) और रौशन कुमार (19) को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में कोडरमा थाना प्रभारी, पुलिस अवर निरीक्षक रोहित कुमार सिंह, सहायक अवर निरीक्षक विकेश कुमार तथा पैंथर मोबाइल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गुमला को मिला ब्लड सेंटर का नया लाइसेंस

# अब जिले में रक्त की उपलब्धता होगी सुनिश्चित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला :** गुमला सदर अस्पताल स्थित ब्लड सेंटर को नया लाइसेंस मिलने के साथ जिले में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होने का रास्ता साफ हो गया है। इसकी जानकारी उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने गुरुवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने इसे जिले की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उपायुक्त ने बताया कि सदर अस्पताल का ब्लड सेंटर वर्ष 2018 से संचालित था, लेकिन वर्ष 2022 में लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं होने के कारण इसकी अनुज्ञप्ति समाप्त हो गई थी। बाद में नियमानुसार ब्लड सेंटर का संचालन भी बंद करना पड़ा, जिससे जिले में रक्त की उपलब्धता प्रभावित हुई और मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के लगातार प्रयासों के बाद करीब छह से सात माह की प्रक्रिया पूरी होने पर ब्लड सेंटर को नया



लाइसेंस प्राप्त हुआ है। अब जिले में एकत्रित रक्त का स्थानीय स्तर पर ही सुरक्षित भंडारण और जरूरतमंद मरीजों को वितरण किया जाएगा। इससे विशेष रूप से सिकल सेल एनीमिया और थैलेसीमिया से पीड़ित मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को जिले में नियमित रक्तदान शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 13 जुलाई को जिला समन्वय समिति की बैठक के दौरान समाहरणालय परिसर में रक्तदान शिविर लगाने तथा सभी प्रखंडों और अंचलों में भी व्यापक स्तर पर रक्तदान अभियान चलाने की बात कही। सिविल सर्जन डॉ. शंभूनाथ चौधरी ने कहा कि नए लाइसेंस के साथ गुमला जिला रक्त उपलब्धता के मामले में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने नागरिकों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील करते हुए कहा कि नियमित रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है।


**झारखण्ड सरकार**
**जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी**

**2026–27 चापू नाव प्राप्त करने के लिए अवसर**

झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या–15रा(वि0), दिनांक–23.06.2026(तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना, वित्तीय वर्ष 2026–27) द्वारा जिला–खूँटी को कुल 04 चापू नाव वितरित करने का भौतिक लक्ष्य प्राप्त है। जलाशय स्तरीय मत्स्य जीवी सहयोग समिति अथवा उनके सदस्य/निजी स्वामित्व के 04 हेक्टेयर से बड़े जलकरों के स्वामी/केज लाभुक इस योजना हेतु आवेदन कर सकते हैं।

योजना की विवरणी निम्नलिखित है:–

| क० | योजना का नाम | इकाई | कोटि | लक्ष्य | इकाई लागत | राज्य सरकार का अनुदान | लाभुक अंशदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चापू नाव | सं० में | ST/OBC/GEN | 4 | मो० 40,000/– रु० प्रति नाव | मो० 36,000/– रु० प्रति नाव | मो० 4,000/– रु० प्रति नाव | नाव का क्रय करते हुए GST अभिश्रव/बिल कार्यालय में समर्पित करने के बाद अनुदान की राषि लाभुक के बैंक खाता में डी०बी०टी० के माध्यम से उपलब्ध करायी जाएगी। नाव के साथ लाभुक का GPS फोटोग्राफ भी समर्पित करना होगा। |

योजना हेतु ऑफलाईन(Offline) आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। साथ ही Blockchain Platform में ऑनलाईन(Online) निबंधन कराना आवश्यक है। वांछित कागजातों के साथ प्राप्त आवेदन ही चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किये जायेंगे। **दिनांक–20/07/2026** तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में ऑफलाईन(Offline) आवेदन जमा करना होगा। योजना की विस्तृत जानकारी जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी से प्राप्त की जा सकती है एवं नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है।

"पहले आओ पहले पाओ" की तर्ज पर लाभुक चयन किया जाएगा।

PR 383844 (Fish)26-27*D

जिला मत्स्य पदाधिकारी खूँटी



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी 835210**
**email : witikhunti@gmail.com**

**महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी में शैक्षणिक सत्र 2026–27–28 में नामांकन अंतर्गत तिथि में परिवर्तन संबंधित सूचना**

निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण , श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, के पत्रांक–05/प्रशि0–03/2026–740, दिनांक–25.06.2026 द्वारा NCVT/SCVT से मान्यता प्राप्त सरकारी महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खूँटी में शैक्षणिक सत्र 2026–27–2028 में नामांकन के लिए योग्य आवेदकों से जो झारखण्ड राज्य के स्थायी/स्थानीय निवासी की श्रेणी में आते हैं, और नीचे दिये गये शैक्षणिक योग्यता धारित करते हैं, उनसे ऑनलाइन (https://iti.jharkhand.gov.in) Admission tab ) आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1 न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता:– Electronic Mechanic, Fashion Design & Technology, Basic Cosmetology व्यवसायों में नामांकन के लिए आवेदक को दसवीं (10) कक्षा उत्तीर्णता आवश्यक है।

2.महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खूँटी में संचालित व्यवसाय एवं रिक्त सीट

| क्र0 सं0 | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | रिक्त सीटों की संख्या | शैक्षणिक योग्यता | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Electronic Mechanic | 2 वर्षीय | 24 | मैट्रिक पास | NCVT |
| 2 | Basic Cosmetology | 1 वर्षीय | 24 | मैट्रिक पास | SCVT |
| 3 | Fashion Design & Technology | 1 वर्षीय | 20 | मैट्रिक पास | SCVT |

02 ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि:–

| क्र0 सं0 | विवरणी | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | 02.06.2026 |
| 02 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 15.07.2026 अपराह्न 5.00 बजे तक |
| 03 | औपबंधिक मेधा सूचियों (आठवीं एवं दसवीं कक्षा) का प्रकाशन | 20.07.2026 पूर्वाह्न 12.00 बजे तक |

03. 01.08.2026 को आवेदक की आयु 14 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

04– महानिदेशालय प्रशिक्षण, भारत सरकार के निर्देश के आलोक में नामांकन हेतु इच्छुक अभ्यर्थी के निबंधित मोबाइल नम्बर एवं ईमेल आईडी पर पूरे शैक्षणिक सत्र में OTP प्राप्त होते रहेंगें। अतः अभ्यर्थी NTC Certificate प्राप्त करने तक मोबाईल नम्बर एवं ईमेल आईडी नहीं बदलना सुनिश्चित करेंगें।

उक्त सूचना को Jharkhand के ITI Webportal (https://iti.jharkhand.gov.in) के Download Section के Notification Tab में देखा/ Download किया जा सकता है।

नोट:– ऑनलाईन करने संबंधी किसी भी प्रकार के सहायता के लिए महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खूँटी में सम्पर्क कर सकते है मो0 न0– 7903099566/8081192330

प्रभारी प्राचार्य,
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,खूँटी

PR 383756 Labour Employment and Traning(26-27).D


## मारवाड़ी युवा मंच की आम बैठक सम्पन्न, सीए व डॉक्टर का किया गया सम्मान

# सामाजिक कार्यों की समीक्षा, आगामी योजनाओं पर हुई चर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच, झुमरीतिलैया शाखा की मासिक आम बैठक श्री महेश्वरी भवन में अध्यक्ष मोहित संघई की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पिछले माह किए गए सेवा कार्यों की समीक्षा की गई एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक के दौरान समाज में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए शहर के प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए प्रदीप हिसारिया,विजय बजाज, अंकित खेतान ,मीशंक केडिया, ऋषभ पहाड़िया, हार्दिक लड्डा,श्रेयस केडिया और आर्चा जैन को अंगवस्त्र और कलम देकर सम्मानित किया गया। सीए प्रदीप हिसारिया ने अपने जीवन संघर्ष और सीए बनने तक का सफर की जानकारी साझा की और वहां उपस्थित सभी को चार्टर्ड अकाउंटेंट एक्ट की जानकारी दी। सम्मान समारोह के बाद केक कटिंग का कार्यक्रम किया गया जिसमें सभी सीए ने मिलकर केक कटिंग किया। अध्यक्ष मोहित संघई ने बताया कि जुलाई माह में वृक्षारोपण अभियान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### सीए डे व डॉक्टर्स डे पर अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति ने युवा सीए और चिकित्सकों का किया सम्मान



**झुमरीतिलैया :** चार्टर्ड अकाउंटेंट डे एवं डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला समिति, झुमरीतिलैया द्वारा शहर के युवा चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं चिकित्सकों को सम्मानित कर उनके उत्कृष्ट योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर सीए हार्दिक अग्रवाल, सीए अर्चा जैन, सीए श्रेष्ठ केडिया तथा डॉक्टर ईशान जोशी को पुष्पगुच्छ एवं सम्मान देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समिति की अध्यक्ष उषा शर्मा ने कहा कि यह पूरे शहर के लिए गर्व का विषय है कि झुमरीतिलैया के बच्चे अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर चार्टर्ड अकाउंटेंसी एवं चिकित्सा जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्रों में सफलता हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे युवा समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं और इनके सम्मान से अन्य युवाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। कार्यकारिणी सदस्या पायल पंकज जोशी ने कहा कि आज सम्मानित किए गए सभी युवा आने वाली पीढ़ी के लिए आदर्श हैं। उनकी उपलब्धियां समाज के अन्य बच्चों को भी कठिन परिश्रम, समर्पण और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संदेश देती हैं।

## एक झलक

### 13.98 ग्राम स्मैक और 200 ग्राम गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सुपौल** : जिले के निर्मली थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 13.98 ग्राम स्मैक एवं 200 ग्राम गांजा के साथ दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की खरीद–बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। इस दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली गई, जिसमें उनके पास से 13.98 ग्राम स्मैक और 200 ग्राम गांजा बरामद किया गया। बरामद मादक पदार्थों को जब्त कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उनके विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि तस्करों का संबंध किसी बड़े नेटवर्क से तो नहीं है और वे मादक पदार्थों की आपूर्ति कहां से कर रहे थे।

### सुपौल में पिपिंग सेरेमनी आयोजित

**सुपौल** : पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सुपौल में गुरुवार को पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सार्जेंट खुशबू कुमारी एवं सार्जेंट शशि कुमार को पदोन्नति के उपरांत उनके कंधों पर एक–एक सितारा लगाकर सार्जेंट मेजर पद पर अलंकृत किया गया। समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक ने दोनों पदोन्नत अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि पदोन्नति केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि नई जिम्मेदारियों का भी प्रतीक है। ऐसे में अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ करना चाहिए।

### खगड़िया रेल मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में चला रेलवे स्टेशन और परिसर में सघन जांच अभियान

**सहरसा** : समस्तीपुर डिविजन अंतर्गत खगड़िया रेलवे न्यायालय के मजिस्ट्रेट मो काजिब गुरुवार को सहरसा रेलवे जंक्शन पहुंचे। उनके साथ रेलवे के कई अधिकारी मौजूद थे। जिसके बाद उनके नेतृत्व में आरपीएफ और जीआरपी के सहयोग से सहरसा रेलवे जंक्शन के सभी पांच प्लेटफार्म, परिसर और परिक्षेत्र में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना रेल टिकट के रेलवे प्लेटफार्म और ट्रेन में मौजूद लोगों को हिरासत में लिया गया। जिन्हें आरपीएफ थाना ले जाया गया। जहां उनसे जुड़वाना वसूला गया। कुछ यात्रियों ने तत्काल जुर्माना का भुगतान कर जमानत ले लिया था। जबकि कुछ रेल यात्रियों को जमानत की रकम जमा नहीं कर पाने पर उन्हें खगड़िया जेल भेज दिया गया। रेल मजिस्ट्रेट मो काजिब ने बताया कि रेलवे स्टेशन और स्टेशन पहुंचने वाले कई ट्रेनों की जांच की गई थी। बिना रेल टिकट के यात्रा करने वाले रेल यात्रियों से जुड़वाना वसूला गया था। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### छपरा–पटना के बीच नयी पैसेंजर ट्रेन की मांग पर रेल मंत्री ने दिया आश्वासन

**सारण** : छपरा के दैनिक रेल यात्रियों के लिए एक उत्साहजनक खबर है। छपरा से पटना के बीच प्रतिदिन एक नई पैसेंजर ट्रेन चलाने की जनहित की मांग पर रेल मंत्रालय ने सकारात्मक रुख दिखाया है। बिहार विधान परिषद सदस्य ई. सच्चिदानन्द राय द्वारा 19 जून को लिखे गए पत्र पर त्वरित संज्ञान लेते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आश्वासन दिया है। एमएलसी कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, रेल मंत्री ने पत्र का जवाब देते हुए कहा कि इस प्रस्ताव की गंभीरता से जांच कराई जा रही है और जल्द ही इस पर उचित व सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस पहल का स्वागत करते हुए ई. सच्चिदानन्द राय ने कहा कि छपरा–पटना मार्ग पर नई नियमित ट्रेन सेवा शुरू होने से नौकरीपेशा, छात्रों और व्यापारियों सहित हजारों दैनिक यात्रियों को आने–जाने में बड़ी राहत मिलेगी।

# स्वास्थ्य संस्थान में अनावश्यक रेफरल पर रोक लगायें : सम्राट

एजेंसी

**पटना** : मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार देर शाम स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य संस्थान में अनावश्यक रेफरल पर रोक लगायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को समय पर, गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, इसके लिए पूरी संवेदनशीलता से कार्य करें। अनावश्यक रेफरल की प्रवृत्ति पर रोक लगायें, इसके लिये प्रभावी व्यवस्था विकसित करें और स्पष्ट नीति के साथ कार्रवाई करें। 15 अगस्त 2026 से अनुमण्डलीय अस्पताल एवं




जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज, उच्च स्वास्थ्य संस्थान में अनावश्यक रेफरल पर रोक लगायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैथोलॉजी सेवाओं, एनेस्थीसिया, एमआरआई एवं मैमोग्राफी जैसी आधुनिक जांच सुविधाओं का विस्तार करें तथा इन्हें इन्हें अधिक सुलभ बनायें। हड्डी रोग एवं न्यूरो से संबंधित बीमारियों के उपचार हेतु विशेष तौर पर ट्रॉमा सेंटर का सुदृढ़ीकरण एव क्रियाशील करने पर फोकस किया जाय। प्रमण्डलीय आयुक्त, जिला पदाधिकारी एवं अन्य वरीय पदाधिकारी सरकारी अस्पतालों का नियमित रूप से रात्रिकालीन निरीक्षण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों में डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से आपातकालीन सेवाओं, एम्बुलेंस सेवाओं सहित अन्य जानकारियों को प्रमुखता से प्रदर्शित करायें। जिला अस्पतालों में उपलब्ध उपकरणों का नियमित उपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा मेडिकल कॉलेजों की सतत निगरानी जिला पदाधिकारियों के माध्यम से की जाए। रोगी कल्याण समिति के सदस्यों का पुनर्गठन किया जाय तथा समिति को सक्रिय एवं क्रियाशील बनाया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्सों की पदस्थापना पर विशेष ध्यान दिया जाय तथा यथासंभव इन्हें उनके गृह जिलों में पदस्थापित करने पर विचार किया जाय। नए मेडिकल कॉलेजों के संचालन एवं स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए आवश्यक परियोजनाओं को पीपीपी मॉडल के माध्यम से आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर भी विचार करें। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण समिति के गठन के निर्देश दिए, जिसकी अध्यक्षता संबंधित जिला पदाधिकारी करेंगे। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी निर्माण में तेजी लाने को कहा।

## जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक आयोजित बिजली आपूर्ति व्यवस्था की हुई समीक्षा

एजेंसी

**सहरसा** : समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में गुरुवार को उत्तर बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की जिला स्तरीय विद्युत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सांसद दिनेशचंद्र यादव ने की। बैठक में जिलाधिकारी सह संयोजक, जिला विद्युत समिति, विद्युत अधीक्षण अभियंता सह सदस्य सचिव संतोष कुमार, वरीय प्रबंधक राजस्व सह सदस्य दीपक कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता अमित कुमार, विद्युत कार्यपालक अभियंता अजीत कुमार सहित सहायक अभियंता सुशील आनंद, सुशील सुधांशु, विजेंद्र कुमार, आई टी मैनेजर, कनीय अभियंता एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में वरीय प्रबंधक राजस्व अभियंता दीपक कुमार द्वारा विस्तृत रूप से केंद्र प्रायोजित विद्युत योजनाओं की प्रगति के सम्बंध में जानकारी दी गई। सांसद द्वारा इसकी समीक्षा करते हुए सभी संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दी गई. साथ ही जिले में विद्युत संरचना के निर्माण कार्यों का सतत अनुश्रवण एवं समन्वय स्थापित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने जिले में संचालित विभिन्न विद्युत परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता तथा समयबद्ध क्रियान्वयन की समीक्षा की।बैठक के दौरान सभी केंद्रीय प्रायोजित विद्युत परियोजनाओं की कार्य प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा की गई। विद्युत संरचना एवं विद्युत नेटवर्क के विस्तार, संचालन एवं अनुरक्षण कार्यों के लिए नई विद्युत संरचनाओं के निर्माण की आवश्यकता पर भी विचार-विमर्श हुआ।

# वीबी-जी राम जी : 15 दिन में रोजगार नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता के दावेदार होंगे मजदूर : श्रवण कुमार

एजेंसी

**पटना** : विकसित भारत-ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका गारंटी अधिनियम, 2025 (वीबी-जी राम जी) का गुरुवार को पटना के अभिवेशन भवन में भव्य शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विभागीय मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि मनरेगा के 20 वर्षों के लंबे सफर के बाद अब वीबी-जी राम जी के रूप में नई यात्रा की शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि वीबी-जी राम जी योजना के तहत 15 दिन में रोजगार नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता के दावेदार होंगे मजदूर। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इस नई योजना में कामगारों को कई तरीके के लाभ होंगे। इसमें मुख्य रूप से रोजगार के लिए आवेदन करने वाले कामगारों को निर्धारित समय के भीतर (15 दिन) में काम नहीं दिए जाने पर उन्हें सरकार



बेरोजगारी भत्ता देगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रथम 30 दिनों के लिए बेरोजगारी भत्ते का दर एक चौथाई और शेष वित्तीय वर्ष के लिए आधा निर्धारित है। अकुशल कामगारों को भुगतान की गई बेरोजगारी भत्ता राशि का वहन राज्य सरकार करेगी और इसकी वसूली उत्तरदायी पदाधिकारी, अभिकरणों से 30 दिन के भीतर की जाएगी। मंत्री कुमार ने बताया कि अकुशल मजदूरों का मास्टर रोल बंद होने पर मजदूरी का भुगतान 15 दिन में नहीं होने पर बकाया राशि का 0.05 फीसदी प्रतिदिन के हिसाब से स्वतः क्षतिपूर्ति देय होगा। उन्होंने कहा कि मनरेगा में केंद्र सरकार मांग आधारित फंडिंग करती थी जबकि वीबी-जी राम जी में राज्यों की जनसंख्या, प्रति व्यक्ति आय और पिछड़ापन के आधार पर वित्तीय वर्ष के शुरूआत में ही प्रत्येक राज्य के लिए एक निश्चित बजट बनाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि वीबी-जी राम जी योजना में ग्राम पंचायतों को उनकी स्थानीय आवश्यकताओं एवं विकास इंडेक्स, संसाधनों के आधार पर ए, बी, सी यानी तीन श्रेणियों में बांटा गया है। इसका मुख्य उद्देश्य विकेंद्रित और स्थानीय योजनाओं को बेहतर बनाने के साथ विकसित भारत 2047 के अनुरूप काम करना है। मंत्री कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थिति विभागों के पदाधिकारी, जीविका दीदियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन ग्रामीण विकास के इतिहास में काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि वीबी-जी राम जी योजना न सिर्फ हमारे प्रदेश के लिए बल्कि देश के करोड़ों ग्रामीण श्रमिक परिवारों के जीवन को बदलना की क्षमता रखती है। मनरेगा और नई योजना वीबी-जी राम जी में कई भिन्नता है।

# पूर्णिया विश्वविद्यालय की सिंडिकेट बैठक में छात्रहित के 20 सूत्री मांगपत्र पर सौंपा गया ज्ञापन

एजेंसी

**पूर्णिया** : पूर्णिया विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में आयोजित सिंडिकेट बैठक के दौरान छात्र-छात्राओं से जुड़े विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक मुद्दों को लेकर छात्र प्रतिनिधियों ने सिंडिकेट सदस्यों को 20 सूत्री मांगपत्र सौंपा। ज्ञापन सिंडिकेट सदस्य अशोक कुमार बादल एवं एम.पी. सिंह को सौंपा गया। ज्ञापन में विश्वविद्यालय में लंबित शैक्षणिक कार्यों, परीक्षा व्यवस्था, नामांकन प्रक्रिया, पीएच.डी., प्रमाण-पत्र वितरण, समर्थ पोर्टल की तकनीकी समस्याओं, कथित अनियमितताओं तथा छात्रहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई। मांगपत्र में प्रमुख रूप से पीएच.डी. सत्र 2024 एवं 2025 की प्रवेश परीक्षा शीघ्र आयोजित करने, लंबित अंकपत्र, मूल प्रमाण-पत्र एवं प्रोविजनल प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने, दीक्षांत समारोह आयोजित कर डिग्री वितरण सुनिश्चित करने, स्नातक पार्ट-1 के छूटे विद्यार्थियों के लिए विशेष परीक्षा आयोजित करने, विभिन्न सत्रों के लंबित अंकपत्र जारी करने, एमबीए, बीसीए एवं अन्य पाठ्यक्रमों में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ करने, पीएच.डी. शोध कार्यों में हो रही देरी दूर करने, अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा पीएच.डी. कोर्स वर्क परीक्षा शीघ्र कराने की मांग की गई। इसके अतिरिक्त समर्थ पोर्टल की तकनीकी त्रुटियों, निजी पोर्टलों के माध्यम से अतिरिक्त शुल्क वसूली, पीएटी-2023 के अभ्यर्थियों को अंकपत्र एवं क्वालिफाइंग प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने, पीजी एवं एलएलबी नामांकन प्रक्रिया शुरू करने, परीक्षा विभाग में कथित अवैध वसूली एवं आउटसोर्सिंग व्यवस्था की जांच, प्रमाण-पत्रों की गुणवत्ता एवं सुरक्षा होलोग्राम से जुड़े मामलों की उच्चस्तरीय जांच, एमएचएनडी महाविद्यालय में 6,500 रुपये की कथित अवैध वसूली की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने तथा यूएमआईएस जैसी समानांतर व्यवस्था समाप्त कर केवल समर्थ पोर्टल के माध्यम से नामांकन सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई। छात्र प्रतिनिधियों ने कहा कि विश्वविद्यालय में लंबे समय से लंबित समस्याओं के कारण हजारों विद्यार्थियों का शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सिंडिकेट सदस्यों से आग्रह किया कि सभी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर छात्र जदयू के जिला अध्यक्ष अंकित झा, उपाध्यक्ष किशन भारद्वाज, अमन श्रीवास्तव, सम्राट सिंह, आयुष तथा विद्यार्थी परिषद की ओर से रितेश यादव, डीएम कुमार, विकाश कुमार, आयुष राज आनंद, चंदन, हिमांशु, नितीश पासवान, नितिन एवं पीयूष, रौनक कुमार सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे।

## व्हाट्सऐप चैटबॉट के जरिये आयुष्मान सारथी से घर बैठे बनेगा आयुष्मान कार्ड

एजेंसी

**सारण** : आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों के लिए अब सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं होगी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने आयुष्मान सारथी नाम से आधिकारिक व्हाट्सऐप चैटबॉट सेवा शुरू की है। इसके माध्यम से जिले लाभार्थी 24 घंटे अपने मोबाइल से ही योजना की विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इसके जरिए लोग घर बैठे अपनी पात्रता जांचने, नया आयुष्मान कार्ड बनाने, कार्ड डाउनलोड करने, ई-केवाईसी कराने और इलाज का पूरा रिकॉर्ड देखने जैसी सुविधाएं प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा, नजदीकी सूचीबद्ध अस्पतालों की जानकारी और 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान वयो वंदना कार्ड की जानकारी भी यहाँ उपलब्ध होगी। सिविल सर्जन डॉ राजकुमार चौधरी ने बताया कि यह डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवाओं को पारदर्शी बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के समय और पैसे दोनों की बचत होगी। इस प्लेटफॉर्म के जरिए मरीज अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद अपना फीडबैक भी दे सकते हैं और अपनी शिकायतों का त्वरित निवारण भी पा सकते हैं। लाभार्थी अपने मोबाइल में +91 72908 23838 नंबर सेव कर व्हाट्सऐप पर ळ लिखकर भेजें। इसके बाद चैटबॉट स्वतः सक्रिय हो जाएगा और इसके बाद आप सेवा का विकल्प चुन सकेंगे।

# पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने 10 सर्कुलर रोड आवास किया खाली

एजेंसी

**पटना** : राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार ने गुरुवार को 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली कर दिया है। लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी अब कौटिल्य नगर स्थित अपने नए आवास में शिफ्ट हो गए हैं। वहीं, तेजस्वी यादव अपने परिवार के साथ 1 पोलो रोड स्थित सरकारी आवास में रहेंगे। लालू यादव परिवार का 10 सर्कुलर रोड से लंबे समय तक नाता रहा है। यह बिहार की राजनीति के कई महत्वपूर्ण फैसलों का केंद्र भी माना जाता रहा है। अब परिवार के नए आवास में स्थानांतरित होने के साथ इस पते का एक लंबा राजनीतिक अध्याय समाप्त हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी को आवंटित 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने की समय-सीमा सोमवार को समाप्त हो गई थी। सरकार ने उन्हें सात दिनों के भीतर बंगला खाली करने का नोटिस दिया था। हालांकि, 2 दिन पहले ही राबड़ी देवी के आप्त सचिव ने भवन निर्माण विभाग को पत्र लिखकर 5 जुलाई तक आवास खाली करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा था। इससे पहले तेजस्वी यादव सोमवार को ही यह आवास खाली कर चुके थे और 1 पोलो रोड स्थित अपने सरकारी आवास में शिफ्ट हो गए थे। राबड़ी देवी की ओर से जो भवन निर्माण विभाग को चिट्ठी लिखी गई है, उसमें कहा गया है कि विभाग की तरफ से चार्ज रजिस्टर उपलब्ध नहीं करवाया जा सका है। इस रजिस्टर में उन सभी सामानों की लिस्ट दर्ज है, जिन्हें इस बंगले में शिफ्ट होते वक्त राबड़ी देवी को उपलब्ध करवाया गया था। ये चार्ज रजिस्टर राबड़ी देवी को साल 2006 में उपलब्ध करवाया गया था। राबड़ी देवी ने इस लेटर के जरिए चार्ज रजिस्टर दोबारा से उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि सामानों के मिलान में किसी तरह का कन्फ्यूजन न हो। उल्लेखनीय है कि सरकार पहले ही यह बंगला मंत्री नंदकिशोर राम को आवंटित कर चुकी है, लेकिन राबड़ी देवी के कब्जे में होने के कारण नए आवंटी को अब तक इसका कब्जा नहीं मिल सका है।

## दिनदहाड़े हथियार के बल पर कलेक्शन एजेंट से 60 हजार की लूट

एजेंसी

**कटिहार** : जिले के मनिहारी प्रखंड स्थित नवाबगंज आईटीआई के समीप गुरुवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने एक निजी कंपनी के कलेक्शन एजेंट से 50 से 60 हजार रुपये लूट लिए। अपराधी बंदूक की नोक पर घटना को अंजाम देकर तेज रफ्तार बाइक से फरार हो गए। व्यस्त मार्ग पर दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ित कलेक्शन एजेंट सोनू कुमार बोलिया क्षेत्र में दुकानों और ग्राहकों से रुपये का कलेक्शन करने गया था। वहां से नकदी लेकर वह वापस मनिहारी लौट रहा था। इसी दौरान नवाबगंज आईटीआई के पास पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे रोक लिया। अपराधियों ने सोनू को हथियार दिखाया और डरा-धमका कर उसके पास रखे कलेक्शन के 50 से 60 हजार रुपये नकद छीन लिए। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही मनिहारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) विनोद कुमार और थाना अध्यक्ष संतोष कुमार झा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। अपराधियों की पहचान के लिए पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मनिहारी थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी गई है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# पारदर्शिता और शुद्धता के साथ पूरा करें जनगणना का प्री-टेस्ट : जिलाधिकारी



एजेंसी

**सारण** : आगामी जनगणना के जनसंख्या गणना पूर्व परीक्षण को त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से सोनपुर नगर परिषद सभागार में प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है।प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रतिभागियों को फील्ड में पूछे जाने वाले प्रश्नों, प्रपत्रों के सही संधारण और डिजिटल माध्यम से आंकड़ों के संकलन की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान नागरिकों से संवाद स्थापित करने के तरीकों तथा संभावित व्यावहारिक समस्याओं के समाधान पर गहन चर्चा की गई। जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी सह प्रधान जनगणना अधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने कहा कि यह देश की सबसे महत्वपूर्ण सांख्यिकीय गतिविधियों में से एक है, जिसके आधार पर सरकार जनकल्याणकारी नीतियों और विकास योजनाओं का निर्माण करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पूर्व परीक्षण का मुख्य उद्देश्य वास्तविक जनगणना से पहले संपूर्ण व्यवस्था का परीक्षण करना तथा कमियों की पहचान कर उन्हें दूर करना है। जिलाधिकारी ने सभी कर्मियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही, जिला नोडल अधिकारी सह डीएसओ अंजनी कुमार लाल को अपनी टीम के साथ सक्रिय रहने तथा प्रतिदिन सत्र की समाप्ति पर जांच परीक्षा आयोजित करने की हिदायत दी। सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी के माध्यम से अपर जिला जनगणना अधिकारी सह डीआईओ तारणी कुमार ने बताया कि यह प्री-टेस्ट मुख्य कार्य का एक ट्रायल है, जिसके तहत सोनपुर नगर परिषद क्षेत्र के चयनित 10 वार्डों में 1 से 5 जुलाई तक आम जनता को स्व गणना का अवसर दिया जा रहा है।

# 11 करोड़ का पुल अधूरा, दूल्हे को नाव और कंधों के सहारे पहुंचना पड़ा दुल्हन के घर

एजेंसी

**किशनगंज** : जिले के ठाकुरगंज प्रखंड की दिगली-दल्लेगांव पंचायत में करोड़ों रुपये की लागत से बन रहे पुल के अधूरे रहने का खामियाजा ग्रामीण आज भी भुगत रहे हैं। हाल ही में एक शादी समारोह के दौरान दूल्हे को अपनी बारात के साथ मेची नदी नाव से पार करनी पड़ी। नदी पार करने के बाद ग्रामीणों ने दूल्हे को कंधों पर उठाकर दूसरी ओर पहुंचाया। इस घटना ने क्षेत्र में अधूरे पड़े पुल निर्माण और विकास कार्यों की हकीकत को एक बार फिर उजागर कर दिया। जानकारी के अनुसार, बारात जब मेची नदी के किनारे पहुंची तो आगे जाने के लिए कोई सुगम रास्ता नहीं था। ऐसे में पहले



दूल्हे को नाव के सहारे नदी का एक हिस्सा पार कराया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने उसे कंधों पर बैठाकर दुल्हन के घर तक पहुंचाया। इस दौरान मौजूद लोगों ने पूरी घटना का वीडियो भी बनाया, जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि दिगली से दल्लेगांव को जोड़ने वाले पुल का निर्माण कार्य 28 जनवरी 2021 को शुरू हुआ था। निर्माण कार्य जनवरी 2023 तक पूरा होना था, लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी पुल पूरी तरह चालू नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस परियोजना पर करीब 11 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, बावजूद इसके पुल के दोनों ओर का संपर्क मार्ग और अन्य कार्य अधूरे पड़े हैं। दल्लेगांव पंचायत के हजारों ग्रामीणों के लिए यह पुल आवागमन की महत्वपूर्ण कड़ी है। मरीजों को अस्पताल पहुंचाने, बच्चों को स्कूल भेजने तथा दैनिक जरूरतों के लिए लोगों को आज भी नदी पार करनी पड़ती है। बरसात के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है।दल्लेगांव पंचायत संघर्ष समिति ने पुल निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने की मांग दोहराई है।ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में लगातार हो रही देरी और प्रशासनिक उदासीनता के कारण

# किशनगंज में बनेंगे दो आर्मी स्टेशन, पूर्वी सुरक्षा तंत्र को मिलेगी नयी मजबूती

एजेंसी

**किशनगंज** : सीमांचल का किशनगंज जिला जल्द ही देश के पूर्वी सुरक्षा तंत्र का एक महत्वपूर्ण सैन्य केंद्र बन सकता है। भारत-नेपाल सीमा से सटे तथा पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के निकट स्थित इस सामरिक जिले में भारतीय सेना के दो स्थायी आर्मी स्टेशन स्थापित करने की दिशा में प्रक्रिया तेज हो गई है। प्रशासन ने ठाकुरगंज और कोचाधामन प्रखंड में करीब 400 एकड़ भूमि चिह्नित कर दी है। सेना के अधिकारी प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण कर रहे हैं। अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद भूमि अधिग्रहण और निर्माण



कार्य शुरू किया जाएगा। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, ठाकुरगंज प्रखंड के भेलागुड़ी में राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप 203 एकड़ भूमि सेना स्टेशन के लिए चिह्नित की गई है। वहीं कोचाधामन प्रखंड के सकोर-नटुवापाड़ा क्षेत्र में करीब 200 एकड़ भूमि का चयन किया गया है। हालांकि कोचाधामन में स्थानीय लोगों के विरोध के कारण अंतिम निर्णय अभी लंबित है। दोनों प्रस्तावों पर प्रशासन और सेना के बीच तकनीकी प्रक्रिया जारी है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना केवल किशनगंज तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध पूर्वी भारत की सुरक्षा, सिलीगुड़ी कॉरिडोर (चिकन नेक) की रणनीतिक मजबूती तथा नेपाल-बांग्लादेश सीमा पर बेहतर सैन्य समन्वय से है। किशनगंज की भौगोलिक स्थिति इसे सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बनाती है। यहां सेना की स्थायी मौजूदगी से सीमावर्ती गतिविधियों पर निगरानी मजबूत होगी और आपात परिस्थितियों में सैनिकों की त्वरित तैनाती संभव हो सकेगी। आर्मी स्टेशन को एक आधुनिक सैन्य परिसर के रूप में विकसित किया जाएगा। इसमें सैन्य मुख्यालय, सैनिकों के आवास, प्रशिक्षण एवं अभ्यास मैदान, हथियार और गोला-बारूद के सुरक्षित भंडार, हाई-टेक संचार एवं कंट्रोल सेंटर तथा बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही क्षेत्र में सड़क, बिजली और अन्य आधारभूत संरचनाओं का भी विस्तार होने की संभावना है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत कुमार ने बताया कि ठाकुरगंज और कोचाधामन में दो आर्मी स्टेशन स्थापित करने की दिशा में पहल की जा रही है। दोनों स्थानों पर भूमि का चयन कर लिया गया है और आगे की प्रशासनिक प्रक्रिया जारी है। रक्षा एवं गृह मंत्रालय से अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद भूमि अधिग्रहण, मुआवजा वितरण और निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। यदि सभी औपचारिकताएं समय पर पूरी होती हैं तो आने वाले वर्षों में किशनगंज पूर्वी भारत के प्रमुख सैन्य केंद्रों में शामिल हो सकता है।

# जोकोविच ने सितसिपास को हरा कर तीसरे दौर में बनायी जगह




**एजेंसी**

**लंदन** : सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने बुधवार को विंबलडन 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरे दौर में ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास को सीधे सेटों में 6-3, 6-4, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। सेंटर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में 39 वर्षीय सर्बियाई दिग्गज ने शुरू से अंत तक मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा। लगभग दो घंटे तक चले इस मुकाबले में जोकोविच ने अनुभव और सटीक खेल का शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे सेट के आठवें गेम में सितसिपास के पास ब्रेक प्वाइंट बचाने का शानदार मौका था, लेकिन उन्होंने लगातार दो आसान स्मैश बाहर मार दिए। जोकोविच ने इस गलती का पूरा फायदा उठाते हुए सर्विस ब्रेक किया और इसके बाद सितसिपास की वापसी की उम्मीद पूरी तरह खत्म हो गई। इस जीत के साथ जोकोविच ने सितसिपास के खिलाफ लगातार 12वीं जीत दर्ज की। अब तीसरे दौर में उनका मुकाबला 25वीं वरीयता प्राप्त फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच से होगा। जोकोविच आठवां विंबलडन खिताब और रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीतने की दौड़ में बने हुए हैं। जीत के बाद जोकोविच ने कहा, जब आप इस तरह का टेनिस खेलते हैं तो कोर्ट पर बेहद खुशी और संतुष्टि महसूस होती है। विंबलडन के सेंटर कोर्ट पर खेलना हमेशा मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं इन पलों को कभी हल्के में नहीं लेता। उन्होंने आगे कहा, उम्र सिर्फ एक संख्या है। 30 वर्ष से अधिक की उम्र में भी इस कोर्ट पर उतरना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। वहीं, सितसिपास के लिए यह हार एक और बड़ा झटका साबित हुई। विश्व रैंकिंग में 87वें स्थान पर खिसक चुके ग्रीक खिलाड़ी हाल ही में अपने कोच और पिता अपोस्टोलोस सितसिपास से अलग हुए हैं और लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। इस जीत के साथ जोकोविच विंबलडन में 104वीं जीत दर्ज कर चुके हैं और अब वह रोजर फेडरर के पुरुष वर्ग में सर्वाधिक 105 जीत के रिकॉर्ड की बराबरी से सिर्फ एक जीत दूर हैं।



लंदन में विंबलडन टेनिस चैम्पियनशिप में अमेरिका की कोको गाफ दूसरे दौर में जीत के बाद जश्न मनाती हुई।

## एक झलक

### भारत-इंग्लैंड टी-20 सीरीज के बचे हुए मैचों का कार्यक्रम

**लंदन** : भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टी-20 सीरीज में क्रिकेट प्रशंसक मैच के समय को को लेकर संशय में हैं। इसका कारण है कि सीरीज के कुछ मुकाबले जहां भारतीय समयानुसार रात 10 बजे से शुरू होने हैं, वहीं कुछ शाम 7 बजे से खेले जाएंगे। पहले टी-20 मैच के बारिश के कारण बीच में ही रद्द होने से अब सभी की निगाहें दूसरे मुकाबले के समय पर लगी हैं। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के अनुसार भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टी-20 मुकाबला 4 जुलाई को मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर भारतीय समय के अनुसार शाम 7 बजे से खेला जाएगा। वहीं सीरीज के पहले, तीसरे और चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच भारतीय समयानुसार रात 10 बजे शुरू होंगे, जबकि दूसरा और पांचवां मैच शाम 7:00 बजे से खेला जाएगा। दूसरे टी-20 के बाद तीसरा मैच 7 जुलाई को नॉटिंघम में, चौथा मैच 9 जुलाई को ब्रिस्टल में और पांचवां तथा अंतिम मैच 11 जुलाई को साउथम्पटन में खेला जाएगा।

# बेल्जियम ने सेनेगल को हरा कर अंतिम-16 में बनायी जगह






**एजेंसी**

**सिएटल** : यूरी टिलेमांस के दो गोलों की बदौलत बेल्जियम ने फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ-32 मुकाबले में बुधवार को सेनेगल को 3-2 से हराकर रोमांचक अंदाज में अंतिम-16 में प्रवेश कर लिया। मुकाबले में सेनेगल ने शानदार शुरूआत करते हुए हबीब डियारा और इस्माइला सार के गोलों की मदद से 2-0 की बढ़त बना ली। एक समय ऐसा लग रहा था कि सेनेगल आसानी से अगले दौर में पहुंच जाएगा। हालांकि, बेल्जियम ने अंतिम मिनटों में शानदार वापसी की। 86वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी रोमेलु लुकाकू ने गोल कर अंतर 2-1 किया। इसके बाद 89वें मिनट में यूरी टिलेमांस ने बराबरी का गोल दागकर मुकाबले को अतिरिक्त समय (एक्स्ट्रा टाइम) में पहुंचा दिया। अतिरिक्त समय के 117वें मिनट में वीएआर की मदद से बेल्जियम को पेनाल्टी मिली। रिप्ले में सेनेगल के लामिन कामारा द्वारा टिलेमांस पर बॉक्स के अंदर किए गए फाउल की पुष्टि हुई। पेनाल्टी लेने आए टिलेमांस ने बिना कोई गलती किए गेंद को गोल में पहुंचाया और बेल्जियम को 3-2 की यादगार जीत दिला दी। इस जीत के साथ बेल्जियम ने फीफा विश्व कप 2026 के अंतिम-16 में जगह बना ली। अंतिम-16 में अब बेल्जियम का मुकाबला अमेरिका से होगा।

### 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए अमेरिका ने बोस्निया को हराया, अंतिम-16 में बनायी जगह



**सैन फ्रांसिस्को** : दस खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए अमेरिका ने बुधवार को बोस्निया और हजेगोविना को 2-0 से हराकर फीफा विश्व कप 2026 के अंतिम-16 (राउंड ऑफ-16) में प्रवेश कर लिया। अमेरिका ने पहले हाफ के अंतिम क्षणों में बढ़त हासिल की। फोलारिन बालोगुन ने बॉक्स में मिले मौके का शानदार फायदा उठाते हुए गेंद को गोल में पहुंचाकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि दूसरे हाफ में अमेरिका को बड़ा झटका लगा। 64वें मिनट में बालोगुन को बोस्निया के खिलाड़ी तारिक मुहरेमोविच पर खतरनाक टैकल करने के कारण रेड कार्ड दिखाया गया, जिसके बाद अमेरिका को शेष मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। एक खिलाड़ी कम होने के बावजूद अमेरिका ने बेहतरीन संयम दिखाया और 82वें मिनट में मालिक टिलमैन ने बॉक्स के बाहर से शानदार फ्री-किक पर गोल दागकर टीम की बढ़त 2-0 कर दी।

# वैभव को आयरलैंड के खिलाफ अवसर नहीं देना एक बड़ी गलती रही : शास्त्री



**एजेंसी**

**मुम्बई** : भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रहे रवि शास्त्री ने कहा है कि उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में नहीं उतारकर भारतीय टीम प्रबंधन ने गलती की है। शास्त्री का मानना है कि आयरलैंड के हालात वैभव के अनुकूल थे, इसके अलावा उसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभवी भी मिल जाता। उसे पूरे दौरे में बेंच पर बैठाए रखने का फैसला सही नहीं था। शास्त्री ने कहा, अरे, उसे आयरलैंड में खेलना चाहिए था। वहां की पिच धीमी थी और मैदान भी छोटा था। वह गेंद को सीधे हवा में खेल देता। उन्होंने साथ ही कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में उसे अवसर मिलेगा या नहीं ये कहा नहीं जा सकता पर मेरा मानना है कि उसे अवसर दिया जाना चाहिये था। शास्त्री ने वैभव के आईपीएल प्रदर्शन की भी प्रशंसा करते हुंए कहा कि उसने हर गेंदबाज के खिलाफ आसानी से खेला था। इसके बाद भी उसे बेंच पर बैठाया हुआ है। शास्त्री ने वैभव को भारतीय टीम का एक्स फैक्टर करार देते हुए उनकी सबसे बड़ी ताकत उनके निडर अंदाज को बताया। उन्होंने कहा, उसके पास युवा जोश है, कोई दबाव नहीं है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। वह शुरूआती कुछ ओवरों में ही मैच का रुख बदल सकता है और मिडिल ऑर्डर के लिए मजबूत मंच तैयार कर सकता है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 में भी उन्हें अवसर नहीं मिला अब देखना है कि उन्हें 4 जुलाई को होने वाले दूसरे टी20 में अवसर मिलता है या नहीं। सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन लगातार खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं; इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 में वह सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हो गए और पिछले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में उनके बल्ले से केवल 6 रन निकले हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि दूसरे टी20 में सैमसन की जगह पर वैभव को उतारना चाहिये।

## झारखंड

# मानदेय भुगतान की मांग को लेकर आउटसोर्सिंग कर्मियों का सिविल सर्जन कार्यालय पर प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : बकाया मानदेय भुगतान की मांग को लेकर कमांडो इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स के तहत सदर अस्पताल एवं जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों ने गुरुवार को सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने करीब दो घंटे तक धरना देकर कार्यालय गेट जाम रखा। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि झारखंड सरकार से मानदेय के लिए आवंटन मिलने के बावजूद अब तक भुगतान नहीं किया गया है। सिविल सर्जन से वार्ता के दौरान एक सप्ताह के भीतर भुगतान का आश्वासन मिलने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। धरना को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि पूर्व में हुई त्रिपक्षीय वार्ता में आवंटन मिलते ही मानदेय भुगतान का लिखित आश्वासन दिया गया था, लेकिन 14 दिन बीतने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे कर्मचारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो 17 जुलाई से आउटसोर्सिंग कर्मी कार्य बहिष्कार करेंगे। प्रदर्शन में जिला आउटसोर्सिंग कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में आउटसोर्सिंग कर्मी शामिल हुए।

# इटखोरी में 65वीं सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : इटखोरी प्रखंड के केबी+2 हाई स्कूल मैदान में गुरुवार को 65वीं सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि इटखोरी प्रमुख प्रिय कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बांकिरा तथा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और उन्हें अनुशासन, खेल भावना तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि युवाओं में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन का भी विकास करता है। कार्यक्रम का आयोजन राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशानुसार किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों की फुटबॉल टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# ऐतिहासिक उत्सव के साथ मनी डीपीएस बोकारो की माणिक्य जयंती




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं स्वयं से पहले सेवा के संकल्प को साकार करते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो ने अपने चार दशकों का सफर तय कर गुरुवार को अपनी स्थापना की माणिक्य जयंती मनाई। ऐतिहासिक उत्सव के माहौल में आयोजित इस समारोह में जहां रंगारंग प्रस्तुतियों की धूम रही, वहीं 40 वर्षों के गौरवशाली अतीत की यादें साझा की गईं और पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले सैकड़ों विद्यार्थी पुरस्कृत भी किए गए। इस अविस्मरणीय अवसर के मुख्य अतिथि उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त विजय कुमार गुप्ता एवं सम्मानित अतिथि विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. एम. एस. त्यागी थे। जबकि, विशिष्ट अतिथियों में अंजना गुप्ता एवं सुनीता त्यागी शामिल रहीं। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि श्री गुप्ता ने डीपीएस बोकारो परिवार को रूबी जुबिली की शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के साथ अपने जुड़ाव के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि विद्यालय ने शिक्षा, अनुशासन, समर्पण, उत्कृष्टता और सामाजिक दायित्वों के चार दशक सफलतापूर्वक पूरे किए हैं, जो अपने-आप में अनुकरणीय है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नैतिक मूल्यों, उनके व्यक्तित्व-निर्माण एवं सपने साकार करने की दिशा में उन्होंने विद्यालय की भूमिका को सराहते हुए विद्यार्थियों को यहां मिलनेवाले अवसरों का लाभ लेने का संदेश दिया।

# बीएसएल के कोक ओवन विभाग ने उत्पादन व बिक्री में बनाये नये कीर्तिमान

**बोकारो** : बोकारो इस्पात संयंत्र के कोक ओवन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही तथा जून 2026 में उत्पादन एवं बिक्री के क्षेत्र में कई नयी उपलब्धियां हासिल कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। जून 2026 में कोक ओवन द्वारा प्रतिदिन औसतन 531 ओवन पुशिंग दर्ज की गयी, जो अब तक का सर्वोच्च मासिक प्रदर्शन है। इससे पूर्व मार्च 2026 में प्रतिदिन 530 ओवन पुशिंग का रिकॉर्ड स्थापित किया गया था। वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में कोक ओवन विभाग ने प्रतिदिन औसतन 526 ओवन पुशिंग कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इससे पहले वित्तीय वर्ष 2023 -24 के पहली तिमाही में प्रतिदिन 513 ओवन पुशिंग का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया गया था।

# झुमरी तिलैया में चार्टर्ड अकाउंटेंट डे पर नव-उत्तीर्ण सीए सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : चार्टर्ड अकाउंटेंट डे के अवसर पर कोडरमा सीए एसोसिएशन की ओर से बन्दना स्वीट्स होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिले के बड़ी संख्या में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लेकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं तथा केक काटकर दिवस मनाया। कार्यक्रम के दौरान जून 2026 में चार्टर्ड अकाउंटेंट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले श्रेष्ट केडिया, हार्दिक लड्डा और अर्चा जैन को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रदीप हिसारिया ने नव-उत्तीर्ण सीए की सफलता की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंसी केवल एक पेशा नहीं, बल्कि वित्तीय पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने वाली महत्वपूर्ण सेवा है। उन्होंने युवाओं से ईमानदारी, पेशेवर दक्षता और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के बीच पेशे से जुड़े समसामयिक विषयों पर भी चर्चा हुई।

### प्रतापपुर में रजा प्रीमियर लीग नाइट मैच का भव्य आयोजन

# घोरीघाट को हरा कर सिलदाहा बनी चैम्पियन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : प्रतापपुर प्रखंड के रामपुर स्थित बबन खान के बगीचा मैदान में मंगलवार की रात एक दिवसीय 'रजा प्रीमियर लीग' नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। दूधिया रोशनी में खेले गए इस हाई-वोल्टेज टूर्नामेंट में झारखंड और बिहार की कुल 24 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए सिलदहा की टीम ने खिताबी जीत दर्ज की।यह टूर्नामेंट रामपुर मुखिया महजबी प्रवीण के पुत्र काशिफ रजा द्वारा आयोजित किया गया था। टूर्नामेंट का आगाज मुख्य अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन समारोह में प्रमुख पति कपिल पासवान, रामपुर मुखिया महजबी प्रवीन, काशिफ रजा, कांग्रेस अध्यक्ष रकीबुल इमाम, कोठी समाजसेवी पिंटू खान, जफि र खान और रामस्वरूप यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। टूर्नामेंट का पहला उद्घाटन मैच प्रतापपुर रिटायर्ड जीरो सेवन बनाम रामपुर के बीच खेला गया, जो बेहद रोमांचक रहा। जिसके बाद बारी बारी से सभी टीमों ने अपना प्रदर्शन किया। इस पूरे टूर्नामेंट में कई मजबूत टीमों को धूल चटाते हुए सिलदहा और घोरीघाट की टीमों ने फाइनल में अपनी जगह पक्की की। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली, लेकिन सिलदहा की टीम ने अपने उत्कृष्ट और आक्रामक खेल के दम पर घोरीघाट को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। इस दौरान विजेता टीम सिलदाहा को भव्य चमचमाती ट्रॉफी और 20,000 का नगद पुरस्कार। एवं उपविजेता टीम घोरीघाट को ट्रॉफी और 8,000 का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# जिला जूडो चैम्पियनशिप में कौंडिन्य पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : बागीटांड़ स्टेडियम में आयोजित 13वीं कोडरमा जिला जूनियर-सिनियर जूडो चैंपियनशिप 2025-26 में कौंडिन्य पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। कोडरमा जिला जूडो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण, एक रजत तथा लगभग 30 कांस्य पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। कौंडिन्य पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने तकनीकी दक्षता, अनुशासन और बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए कई वर्गों में पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सनाया सिंहा ने स्वर्ण पदक, जबकि तन्मय कुमार ने रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा विद्यालय के कई खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों में कांस्य पदक जीतकर टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में विद्यालय के अध्यक्ष सह सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन सिंह ने स्वर्ण पदक विजेता सनाया सिंहा को गोल्ड मेडल और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### चतरा में प्रतिनियोजन के खेल में उलझी शिक्षा व्यवस्था

# कौरा और प्रतापपुर के सैकड़ों छात्रों का भविष्य अधर में

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : चतरा जिले के प्रतापपुर प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय कौरा और उत्क्रमित प्लस टू राज्य संपोषित उच्च विद्यालय, प्रतापपुर में नए शिक्षकों की नियुक्ति से छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और ग्रामीणों को बेहतर शिक्षा की उम्मीद जगी थी। वर्षों से शिक्षकों की कमी झेल रहे इन विद्यालयों में लगा था कि अब नियमित पढ़ाई होगी, लेकिन कुछ ही समय बाद कई शिक्षकों के प्रतिनियोजन (डेपुटेशन) ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया। जानकारी के अनुसार, कौरा विद्यालय में नियुक्त चार पीजीटी शिक्षकों ने प्रभाव और पैरवी के बल पर अपना प्रतिनियोजन अन्य विद्यालयों में करा लिया। इनमें गौतम कुमार साव (रसायन), पुष्पांजलि सिंह (अंग्रेजी), पूनम पांडेय (जीव विज्ञान) और रोमा कुमारी (कॉमर्स) शामिल हैं। इसके कारण विद्यालय में विज्ञान और अन्य महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो गई है।

**1200 विद्यार्थियों के लिए मात्र नौ शिक्षक**

**कौरा** विद्यालय में कक्षा एक से 12वीं तक करीब 1200 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। यहां 29 शिक्षकों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल एक प्राथमिक शिक्षक, चार टीजीटी और पांच पीजीटी शिक्षक ही कार्यरत हैं। प्राथमिक स्तर से लेकर इंटरमीडिएट तक के विद्यार्थियों की पढ़ाई शिक्षक अभाव के कारण प्रभावित हो रही है। उधर, प्लस टू उच्च विद्यालय प्रतापपुर की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। यहां करीब 1400 विद्यार्थियों के लिए सात पीजीटी और सात टीजीटी शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी, लेकिन चार पीजीटी शिक्षकों का प्रतिनियोजन अन्य स्थानों पर हो चुका है। नविता कुमारी (कॉमर्स) का प्रतिनियोजन रांची, नीतू कुमारी (गणित) का धनबाद, अविनाश कुमार (जीव विज्ञान) का मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय सिमरिया तथा रोशनी कुमारी (अंग्रेजी) का चतरा स्थित बॉयज स्कूल में किया गया है। अब मात्र तीन पीजीटी शिक्षकों के भरोसे पूरे विद्यालय की पढ़ाई चल रही है।

> ■ नियुक्ति के बाद जगी उम्मीद, डेपुटेशन ने तोड़ दिये सपने; कागजों पर शिक्षक स्कूलों में खाली कक्षाएं

**शिक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल**

**सबसे** बड़ी विडंबना यह है कि विभागीय रिकॉर्ड में ये शिक्षक मूल विद्यालयों में पदस्थापित दिखाए जाते हैं, जबकि वे दूसरे विद्यालयों में कार्यरत हैं। इससे विभाग नए शिक्षकों की नियुक्ति भी नहीं कर पाता और ग्रामीण विद्यालयों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित होना पड़ता है। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि जिन विद्यालयों के लिए शिक्षकों की नियुक्ति हुई है, उन्हें वहीं सेवा देने का निर्देश दिया जाए। साथ ही शिक्षक विहीन विद्यालयों में स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अब सवाल यह है कि क्या शिक्षा विभाग इस गंभीर समस्या पर ठोस कदम उठाएगा या फिर ग्रामीण छात्रों का भविष्य प्रतिनियोजन की भेंट चढ़ता रहेगा।

**पर्यावरण संरक्षण की पहल**

# लायंस क्लब ऑफ झुमरी तिलैया ने लगाये 50 फलदार पौधे ध्वजाधारी पहाड़ पर अगले सप्ताह 200 पौधे लगाने का लक्ष्य



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से लायंस इंटरनेशनल के 'एक जिला, एक गतिविधि' अभियान के तहत लायंस क्लब ऑफ झुमरी तिलैया द्वारा बुधवार को कोहरवाटांड़ में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने मिलकर लगभग 50 फलदार वृक्षों के पौधे लगाए तथा लोगों के बीच निःशुल्क पौधों का वितरण भी किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब के अध्यक्ष गजेंद्र राम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से क्लब पिछले कई वर्षों से लगातार पौधारोपण एवं जागरूकता अभियान चलाता आ रहा है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सकता है।इस अवसर पर क्लब की ओर से अगले सप्ताह एक विशेष वृहद पौधारोपण अभियान चलाने की भी घोषणा की गई। इसके तहत कोडरमा के प्रसिद्ध ध्वजाधारी पहाड़ परिसर में तथा पहाड़ की तलहटी से शिखर तक जाने वाली सीढ़ियों के दोनों ओर लगभग 200 पौधे लगाए जाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य श्रद्धालुओं को भविष्य में प्राकृतिक छाया उपलब्ध कराना, हरियाली बढ़ाना तथा वर्षा के दौरान मिट्टी के कटाव को रोकना है। पौधरोपण अभियान में क्लब के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुजित कुमार अम्बष्ट, दिनेश कुमार, विजय राम, राकेश कुमार सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक झलक

### टीवीएस मोटर की जून महीने में बिक्री 47 फीसदी बढ़ कर हुई 5.90 लाख इकाई

**नयी दिल्ली** : देश की तीसरी सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निमार्ता टीवीएस मोटर कंपनी की जून में कुल बिक्री सालाना आधार पर 47 फीसदी बढ़कर 5,90,003 इकाई हो गई। पिछले वर्ष इसी महीने यह 4,02,001 इकाई रही थी। टीवीएस मोटर ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि मोपेड सहित कुल दोपहिया वाहन की बिक्री 47 फीसदी बढ़कर 5,65,417 इकाई रही, जो जून, 2025 में 3,85,698 इकाई रही थी। घरेलू दोपहिया वाहन बिक्री जून में 46 फीसदी बढ़कर 4,11,014 इकाई रही, जबकि जून, 2025 में यह 2,81,012 इकाई थी। कंपनी ने कहा कि जून महीने में मोटरसाइकिलों की बिक्री सालाना आधार पर 1,88,774 इकाई से 42 फीसदी बढ़कर 2,67,096 इकाई रही। स्कूटरों की बिक्री 53 फीसदी बढ़कर 2,47,950 इकाई हो गई, जबकि जून, 2025 में यह 1,62,291 इकाई थी। वाहन विनिमार्ता कंपनी ने कहा कि उसके इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री तीगुना होकर जून में 48,537 इकाई हो गई, जो जून 2025 में 14,400 इकाई थी। कंपनी ने जून के दौरान 24,586 तिपहिया वाहन भी बेचे। इसी दौरान अंतरराष्ट्रीय कारोबार से कुल बिक्री 47 फीसदी बढ़कर 1,72,355 इकाई रही, जबकि जून, 2025 में यह 1,17,145 इकाई थी। कंपनी की अंतरराष्ट्रीय दोपहिया वाहन बिक्री भी 48 फीसदी बढ़कर 1,54,403 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष इसी महीने में 1,04,686 इकाई थी। टीवीएस मोटर ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 16.31 लाख इकाई की अब तक की सर्वाधिक तिमाही बिक्री दर्ज की है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में दोपहिया वाहनों की बिक्री 27 फीसदी बढ़कर 15.64 लाख इकाई हो गई। तिपहिया वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 48 फीसदी बढ़कर 67,000 इकाई रही। इस तरह कंपनी का कुल अंतरराष्ट्रीय कारोबार 33 फीसदी बढ़कर 4.68 लाख इकाई हो गया।

### आयुष क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श

**नयी दिल्ली** : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग ने आयुष मंत्रालय और आयुष निर्यात संवर्धन परिषद के सहयोग से बुधवार को नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में आयुष क्षेत्र पर एक सरकारी-उद्योग पर विचार-विमर्श सत्र आयोजित किया। इसमें आयुष क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने की रणनीतियों पर हितधारकों ने चर्चा की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि इस सत्र में वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, निर्यातकों, निमार्ताओं, लघु एवं मध्यम उद्यमों, स्टार्टअप्स, शोधकताओं, उद्योग संघों के प्रतिनिधियों, राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरणों और अन्य हितधारकों सहित 150 से अधिक प्रतिभागियों ने आयुष क्षेत्र में भारत के वैश्विक नेतृत्व को सुदृढ़ बनाने के लिए एक रोडमैप पर विचार-विमर्श किया। इस सत्र का विषय था पारंपरिक स्वास्थ्य सेवाओं में भारत के वैश्विक नेतृत्व को सुदृढ़ बनाना: आयुष क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्ता, निर्यात और अंतरराष्ट्रीय सहयोग।

# जियो पेमेंट्स बैंक ने NH-48 के मनोहरपुरा प्लाजा पर शुरू की नयी बैरियर फ्री टोलिंग सिस्टम

- दिल्ली-जयपुर के भारी ट्रैफिक वाले रास्ते पर अब बिना रुके होगा सफर, मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग हुई शुरू



**मुम्बई** : डिजिटल पेमेंट्स बैंक जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड ने राजस्थान में नेशनल हाईवे 48 (NH 48) पर मौजूद मनोहरपुरा टोल प्लाजा पर एक नई शुरूआत की घोषणा की है। बैंक ने यहां FASTag और नंबर प्लेट की ऑटोमैटिक पहचान पर आधारित 'मल्टी-लेन फ्री फ्लो' प्रोजेक्ट के तहत टोलिंग सिस्टम शुरू किया है। इस नयी व्यवस्था से वाहनों को टोल प्लाजा पर रुके बिना आसानी से गुजरने की सुविधा मिलेगी। जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड की बात करें, तो यह जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की सहायक कम्पनी है।
यह पहल अक्टूबर 2025 में इंडियन हाईवेज मैनेजमेंट कम्पनी लिमिटेड द्वारा जियो पेमेंट्स बैंक को दिये गये कॉन्ट्रैक्ट के बाद शुरू हुई है। इस कॉन्ट्रैक्ट के तहत बैंक को भारत की पायलट मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोल परियोजना के तहत गुरुग्राम और जयपुर के बीच स्थित शाहजहांपुर और मनोहरपुरा टोल प्लाजा पर टोल प्रोसेसिंग का जिम्मा सौंपा गया था। मनोहरपुरा टोल प्लाजा पर इस सर्विस की शुरूआत जियो पेमेंट्स बैंक के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। यह दिखाता है कि बैंक स्मार्ट और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी वित्तीय सेवाओं को तेजी से लागू कर रहा है। दिल्ली-जयपुर के व्यस्त मार्ग पर ठल्र-48 के महत्त्वपूर्ण हिस्से में स्थित मनोहरपुरा टोल प्लाजा अब पूरी तरह चालू हो चुका है। इसे इस तरह तैयार किया गया है कि यह हर साल करीब 88 लाख वाहनों का टोल बिना किसी रुकावट के आसानी से सम्भाल सके। इस प्रमुख मार्ग पर जियो पेमेंट्स बैंक शाहजहांपुर से मनोहरपुरा तक करीब 100 किलोमीटर और मनोहरपुरा से दौलतपुर तक 34 किलोमीटर लम्बे जुड़े हुए कॉरिडोर पर टोल संचालन का प्रबंधन कर रहा है। मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग सिस्टम भारत के नेशनल हाईवे पर बिना बैरियर और बिना रुके सफर की दिशा में एक बड़ा बदलाव है। इसमें ऑटोमैटिक नम्बर प्लेट रिकग्निशन और रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन जैसी आधुनिक टेक्निक का इस्तेमाल किया जाता है। इनकी मदद से वाहन की पहचान, उसकी कैटेगरी तय करने और टोल शुल्क वसूलने का काम वाहन की सामान्य रफ्तार में ही हो जाता है। इससे टोल प्लाजा पर रुकने या गति कम करने की जरूरत नहीं पड़ती। मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग सिस्टम लागू होने से कई बड़े आर्थिक फायदे होने की उम्मीद है। इससे यात्रा का समय कम होगा, ईंधन की बचत होगी, वाहनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा और माल ढुलाई अधिक तेज और आसान होगी। इन सुधारों से लॉजिस्टिक लागत घटने की उम्मीद है। साथ ही, इससे देश की प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ेगी और पर्यावरण के लिहाज से भी बेहतर व सस्टेनेबल ग्रोथ को बढ़ावा मिलेगा। जियो पेमेंट्स बैंक लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर एंड सीईओ विनोद ईश्वरन ने कहा कि, ₹मनोहरपुरा टोल प्लाजा पर मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग सर्विस की शुरूआत जियो पेमेंट्स बैंक के लिए एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे भारत के डिजिटल मोबिलिटी पेमेंट सिस्टम में कम्पनी की भूमिका और मजबूत होगी। जैसे-जैसे देश के हाईवे तेजी से डिजिटल हो रहे हैं, हमारा लक्ष्य ऐसी तकनीक आधारित टोलिंग सिस्टम उपलब्ध कराना है, जिससे लोगों की यात्रा आसान हो और भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिले।
उनका कहना है कि, 'बैरियर-फ्री टोलिंग सिस्टम भारत में ट्रांसपोर्ट सिस्टम के संचालन और उससे होनेवाली आय के तरीके में बड़ा बदलाव लायेगी। इससे वाहन बिना रुके आसानी से चल सकेंगे, ट्रैफिक जाम कम होगा, ईंधन की बचत होगी और माल ढुलाई अधिक तेज व कुशल बनेगी। इसके परिणामस्वरूप परिवहन लागत घटेगी और देश की उत्पादकता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी।' इस परियोजना को शुरू से लेकर पूरी तरह लागू करने और उसके संचालन के लिए जियो पेमेंट्स बैंक ने जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड के साथ मिलकर काम किया है। इस परियोजना के लागू होने की पूरी जिम्मेदारी जियो प्लेटफॉर्म्स ने मुख्य प्रोजेक्ट मैनेजर के रूप में सम्भाली है, जबकि टेक्सिडेल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने इसके लिए जरूरी मुख्य सॉफ्टवेयर सिस्टम और आधुनिक तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराये हैं। जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एंड बिजनेस यूनिट हेड - ट्रांसपोर्टेशन, ट्रैफिक एंड टोलिंग, ने कहा कि, भारत में मल्टी लेन फ्री फ्लो टोलिंग की शुरूआत सिर्फ एक नयी तकनीक अपनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देश के ट्रांसपोर्ट सिस्टम में एक बड़ा बदलाव है। यह भारत सरकार के उस विजन के अनुरूप है, जिसके तहत देश में डिजिटल रूप से जुड़ा, अधिक कुशल और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी परिवहन नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। उनका कहना है कि, भारत अब बैरियर फ्री टोलिंग और भविष्य में ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम आधारित 'जितना इस्तेमाल, उतना भुगतान' (पे पर यूज) रोड चार्जिंग की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे में डिजिटल कनेक्टिविटी, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम और सुरक्षित पेमेंट प्लेटफॉर्म की भूमिका बेहद महत्त्वपूर्ण होगी। जियो पेमेंट्स बैंक, जियो के देशभर में फैले डिजिटल नेटवर्क, क्लाउड और एज कम्प्यूटिंग, एआई आधारित प्लेटफॉर्म और नयी पीढ़ी के डिवाइस की ताकत के साथ हम इस बदलाव को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस उपलब्धि के बाद जियो पेमेंट्स बैंक और इससे जुड़ा पूरा सिस्टम देशभर में बैरियर फ्री टोलिंग सिस्टम लागू करने और भविष्य में जीएनएसएस आधारित रोड प्राइसिंग जैसी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इससे भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती मिलेगी और देशभर में ज्यादा सुरक्षित, स्मार्ट, पर्यावरण के अनुकूल और अधिक कुशल परिवहन नेटवर्क विकसित करने में मदद मिलेगी।

## पीएमजीकेएवाई योजना के तहत अब 80 करोड़ से ज्यादा लाभार्थियों को मिलेगा बेहतर गुणवत्ता वाला चावल



**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत अब 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को ज्यादा बेहतर गुणवत्ता वाले चावल का वितरण किया जाएगा। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत आपूर्ति किए जाने वाले चावल की गुणवत्ता में सुधार को मंजूरी दी है। पीएमजीकेएवाई के तहत सप्लाई किए जाने वाले कच्चे चावल में 10 फीसदी तक टूटे हुए दाने होंगे, जो पहले के 25 फीसदी तक के नियम की जगह लेंगे। वहीं, पार्बोइल्ड चावल में 5 फीसदी तक टूटे हुए दाने होंगे, जो पहले के 16 फीसदी तक के नियम की जगह लेंगे। इस सुधार से खाद्य गुणवत्ता बढ़ेगी, परिचालन दक्षता में सुधार होगा, पारदर्शिता मजबूत होगी और सालाना लगभग 2,161 करोड़ रुपये की बचत होगी। मंत्रालय ने कहा कि बेहतर गुणवत्ता वाले चावल की खरीद तत्काल प्रभाव से शुरू होगी और खरीफ विपणन सत्र (केएमएस) 2027-28 तक सभी खरीद करने वाले राज्यों में चरणबद्ध तरीके से लागू कर दी जाएगी। इस प्रस्ताव का पहले ही हरियाणा, आंध्र प्रदेश, पंजाब, ओडिशा, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ जैसे कई राज्यों में पायलट आधार पर सफल परीक्षण किया जा चुका है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बताया कि लगभग 30 वर्षों में पहली बार चावल में स्वीकार्य टूटे दानों की सीमा में कमी आएगी। कच्चे चावल में अधिकतम 10 फीसदी तथा उसना चावल में अधिकतम 5 फीसदी टूटे दानों की अनुमति होगी। पीएमजीकेएवाई के तहत 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बेहतर गुणवत्ता वाला चावल मिलेगा। वहीं, अलग किये गये टूटे चावल का उत्पादक एवं औद्योगिक उपयोग। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता को मजबूत करने के लिए चावल के बोरों पर क्यूआर-कोड आधारित अनुरेखण होगा।

## केन्द्र ने कर्मचारी भविष्य निधि योजना-2026 अधिसूचित की, 29 जून से हुई प्रभावी

**नयी दिल्ली** : केंद्र सरकार ने कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) योजना 2026 को अधिसूचित कर दिया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) संचालित यह योजना 29 जून से प्रभावी हो गई है। नई योजना 1952 की कर्मचारी भविष्य निधि स्कीम का स्थान लेगी। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सामाजिक सुरक्षा संहिता के तहत कर्मचारी भविष्य निधि योजना, 2026, कर्मचारी पेंशन योजना, 2026 और कर्मचारी जमा-संबद्ध बीमा योजना, 2026 को अधिसूचित किया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन संचालित नई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में डिजिटल अनुपालन और भविष्य निधि (पीएफ) निकासी तथा पेंशन निर्धारण जैसे दावों के समयबद्ध निपटान पर विशेष जोर रहेगा।

## लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

**नयी दिल्ली** : आईटी सेक्टर के शेयरों में आई जोरदार तेजी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई नरमी से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद दोपहर 12 बजे के थोड़ी देर पहले तक उतार-चढ़ाव होता रहा, लेकिन दिन के दूसरे सत्र में खरीदारों ने लगातार लिवाली का जोर बनाए रखा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.75 प्रतिशत और निफ्टी 0.71 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिनभर के कारोबार के दौरान आईटी, ऑटोमोबाइल और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह बैंकिंग, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, मेटल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, कैपिटल गुड्स, पावर और टेलीकॉम सेक्टर के शेयरों में आज बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज लिवाली होती रही, जिसके कारण निफ्टी का मिडकैप इंडेक्स 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.25 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने चार लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 479.75 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 475.94 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.81 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,458 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,536 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,740 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 182 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 3,001 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,991 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान और 1,010 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर बढ़त के साथ और सात शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 36 शेयर हरे निशान में और 14 शेयर लाल निशान में बंद हुए।
बीएसई का सेंसेक्स आज 160.50 अंक की मजबूती के साथ 77,083.14 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई।

## आगे बढ़ते हुए: स्कोडा ऑटो इंडिया ने एच1 2026 में किया रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन



**जमशेदपुर** : स्कोडा ऑटो इंडिया ने वर्ष 2025 में अपने अब तक के सबसे सफल वर्ष से प्राप्त गति को 2026 की पहली छमाही में भी बरकरार रखा है। ब्रांड ने कुल 38,894 वाहनों की बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7.5% की वृद्धि दर्शाती है। वर्ष 2025 की पहली छमाही में ब्रांड ने भारत में अपने 25 वर्षों के इतिहास की उस समय की सर्वाधिक अर्धवार्षिक बिक्री दर्ज की थी। एच1 2026 के साथ कंपनी ने अपने रिकॉर्ड स्थापित करने वाले वर्ष से भी आगे बढ़ते हुए एक नई उपलब्धि हासिल की है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, आशीष गुप्ता ने कहा, हमारी रिकॉर्ड अर्धवार्षिक बिक्री स्कोडा ब्रांड पर ग्राहकों के बढ़ते विश्वास और भरोसे को दर्शाती है। वर्ष 2026 में हमने अपने उत्पादों पर केंद्रित रणनीति, ग्राहक-प्रथम पहलों और उत्कृष्टता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के माध्यम से इस विश्वास को और मजबूत किया है। नई कुशाक, अपडेटेड कोडियाक तथा बिल्कुल नयी कोडियाक आरएस को ग्राहकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। विशेष रूप से कोडियाक आरएस, जो केवल छह मिनट में पूरी तरह बिक गई, बाजार में मजबूत मांग का प्रमाण है। वहीं कायलैक लगातार बिक्री को गति दे रही है और स्लाविया हमारी सेडान विरासत को और सशक्त बना रही है जो पारदर्शी संवाद और ग्राहकों को उत्कृष्ट वाहन स्वामित्व अनुभव प्रदान करने पर निरंतर ध्यान केन्द्रित किए हुए हैं।

## हॉलीवुड के एक्शन एक्सपर्ट जेसन नोविएलो ने अल्फा के लिए आलिया भट्ट और शर्वरी को दी ट्रेनिंग



**मुंबई** : अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध एक्शन ट्रेनर और स्टंट विशेषज्ञ जेसन नोविएलो ने यश राज फिल्म्स की आगामी एक्शन एंटरटेनर अल्फा के लिए अपनी विश्वस्तरीय विशेषज्ञता का योगदान दिया है। उन्होंने फिल्म के दमदार एक्शन सीक्वेंस की तैयारी के लिए आलिया भट्ट और शर्वरी को विशेष ट्रेनिंग दी। मार्शल आर्ट्स, स्टंट परफॉर्मेंस और एक्शन कंसल्टिंग की दुनिया में जेसन नोविएलो एक बेहद सम्मानित नाम हैं। चार दशकों से अधिक के मार्शल आर्ट्स अनुभव के साथ वे कई बार के विश्व चैंपियन मार्शल आर्टिस्ट हैं और कई विधाओं में ब्लैक बेल्ट हासिल कर चुके हैं। उन्होंने हॉलीवुड की कई बड़ी एक्शन फिल्मों में काम किया है। अल्फा के लिए जेसन ने आलिया और शर्वरी के साथ लंबा समय बिताया और उनकी शारीरिक तैयारी तथा एक्शन ट्रेनिंग की पूरी जिम्मेदारी संभाली। दोनों अभिनेत्रियों ने फिल्म के चुनौतीपूर्ण और बड़े पैमाने पर फिल्माए गए एक्शन सीक्वेंस के लिए कड़ी ट्रेनिंग की है। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्मित और 'द रेलवे मेन' के लिए चर्चित निर्देशक शिव रवैल के निर्देशन में बनी अल्फा इस शुक्रवार, 3 जुलाई, को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## बिहार-झारखंड में रिलायंस जियो का जलवा, जोड़े 02.37 लाख से ज्यादा नये मोबाइल ग्राहक

- जियो के नाम रहा मई का सीएमएस ग्रोथ, एयरटेल, वोडा-आइडिया को भी बढ़त, बीएसएनएल ने खोया ग्राहक
- कनेक्टेड होम सेगमेंट में भी 70 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी के साथ जियो नम्बर वन

**पटना/रांची** : टेलीकॉम विनियामक संस्था TRAI के हालिया जारी कंज्यूमर मार्केट शेयर आंकड़ों में रिलायंस जियो टॉपर बना हुआ है। सीएमएस रिपोर्ट के अनुसार जियो ने बिहार-झारखंड में सबसे ज्यादा नये ग्राहक जोड़े हैं। रिपोर्ट के अनुसार मई 2026 में बिहार सर्किल में 03 लाख 73 हजार 833 नये मोबाइल ग्राहक जुड़ें हैं। इस अवधि में रिलायंस जियो ने 02 लाख 37 हजार 156 नए ग्राहक हासिल किये हैं। अप्रैल में जियो के पास 04 करोड़ 51 लाख 49 हजार 439 ग्राहक थे जो मई में बढ़कर 04 करोड़ 53 लाख 86 हजार 595 हो गये हैं। इस बढ़त में बड़ी संख्या में एमएनपी यानि मोबाइल नम्बर पोर्टेबिलिटी के आंकड़े भी शामिल हैं।
ट्राई की रिपोर्ट बताती है कि भारती एयरटेल को भी मई 2026 में 02 लाख से ज्यादा नये ग्राहक मिले हैं। अप्रैल में एयरटेल के पास 04 करोड़ 95 लाख 17 हजार 464 मोबाइल ग्राहक थे जो मई में बढ़ कर 04 करोड़ 97 लाख 20 हजार 312 हो गये हैं। मई 2026 में वोडा-आइडिया को भी सीएमएस मामले में बढ़त मिली है। एक महीने में 06 हजार 278 नए ग्राहक वीआई की सेवा से जुड़े हैं। अप्रैल में वीआई के पास 74 लाख 34 हजार 457 ग्राहक थे जो मई में बढ़ कर 74 लाख 40 हजार 735 हो गये हैं। पब्लिक सेक्टर की टेलीकॉम कम्पनी बीएसएनएल को मई में 72449 मौजूदा ग्राहकों को खोना पड़ा है। अप्रैल में बिहार टेलीकॉम सर्किल के दो राज्यों बिहार और झारखंड में बीएसएनएल के पास 56 लाख 25 हजार 714 ग्राहक थे, जो मई में घटकर 55 लाख 53 हजार 265 रह गये हैं। ळ्फ्रअक की नई रिपोर्ट के अनुसार मई 2026 में बिहार सर्किल की टेली डेंसिटी बढ़कर 63.79 फीसदी पर पहुंची है, जो अब भी देशभर में सबसे कम है। होम कनेक्ट सेगमेंट में भी रिलायंस जियो का जलवा बरकरार है। बिहार-झारखंड में 70 फीसदी से ज्यादा मार्केट शेयर पर रिलायंस जियो का कब्जा है।

## पेज एक के शेष

**भारत-जापान ने तैयार किया आर्थिक सुरक्षा रोडमैप...**
'भारत और जापान की अर्थव्यवस्थाएं पूरक हैं। सांस्कृतिक मूल्यों से लेकर आधुनिक टेक्नोलॉजी तक, हमारी सोच और दृष्टिकोण में भी समानता है। और सबसे बढ़कर, हमारे संबंधों की नींव अटूट आपसी विश्वास पर टिकी है। मुझे पूरा विश्वास है कि हमारी यह विशेष साझेदारी, सशक्त और समृद्ध जापान के आपके विजन, विकसित भारत के हमारे संकल्प और विश्व की प्रगति को, नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। एक सशक्त और समृद्ध जापान का आपका विजन, विकसित भारत का हमारा संकल्प, और पूरे विश्व की प्रगति को मिलकर साकार करें।' उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि वैश्विक उथल-पुथल के माहौल में आपसी विश्वास दोनों देशों के लिए बड़ी रणनीतिक पूंजी है।
प्रधानमंत्री मोदी ने वार्ता में बनी सहमति और निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि आज के अनिश्चितता भरे युग में, भारत और जापान दोनों आर्थिक सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा का महत्व अच्छी तरह समझते हैं। इसी दिशा में आज हमने आर्थिक सुरक्षा के लिए एक संयुक्त रोडमैप तैयार किया है। इसके माध्यम से हम सेमीकंडक्टर, क्वांटम, और उन्नत सामग्री जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में आपूर्ति श्रृंखला की सातत्यता को मजबूत करेंगे।
ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में भी आज हमने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। भारत-जापान बायो-गैस पहल के माध्यम से हम भारत में एक हजार बायो-गैस और जैविक खाद संयंत्र लगाने में सहायता मिलेगी। इससे हमारी गोवर्धन पहल और मजबूत होगी।
इससे भारत के गांवों में स्थिरता, समृद्धि, और ग्रामीण आजीविका, को नई शक्ति मिलेगी। तेल के झटके जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए आज हमने ऊर्जा रेजिलिएंस पर भी एक महत्वपूर्ण पहल की है। साथ ही, बैटरी, ग्रीन हाइड्रोजन और परमाणु ऊर्जा में हमारा सहयोग, विश्व के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य में महत्वपूर्ण योगदान देगा।
भारत और जापान मिलकर आर्थिक सुरक्षा को साझा सुरक्षा, और ऊर्जा संक्रमण को साझा अवसर के रूप में लेते हैं, और उसे आगे बढ़ने की दिशा में हम काम करेंगे, उसे बदलेंगे।
अपने वक्तव्य में मोदी ने कहा कि दोनों देशों में तकनीकी सहयोग साझेदारी का मजबूत स्तंभ बना हुआ है। इसी विजन को साकार करते हुए आज एआई के क्षेत्र में दोनों देशों ने एक संयुक्त वक्तव्य जारी किया है। जापान की तकनीकी क्षमता और भारत की सॉफ्टवेयर क्षमता का संगम वैश्विक एआई विकास को नई गति और शक्ति देगा। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि रक्षा के क्षेत्र में दोनों देश भारत और जापान के पहले संयुक्त विकास परियोजना पर सहमत हुए हैं।
स्वास्थ्य के क्षेत्र का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की विशाल क्षमता और जापान की गुणवत्ता विश्व को किफायती, विश्वसनीय और उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में सक्षम है। भारत जापान के बीच निवेश साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। पिछले एक वर्ष में लगभग 120 नए व्यावसायिक समझौता पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इससे भारत में 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का जापानी निवेश आएगा।
जापानी समकक्ष के साथ संयुक्त वक्तव्य में प्रधानमंत्री ने एक बार फिर मुक्त, समृद्ध और नियम आधारित व्यवस्था वाले हिन्द-प्रशांत के प्रति समर्थन को दोहराया।
जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची ने कहा, ₹जापान और भारत को मिलकर मजबूत और समृद्ध बनने के लिए अपनी-अपनी ताकतों का इस्तेमाल करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय हालात में उथल-पुथल के बीच, एक-दूसरे के पूरक और सहयोग वाले ऐसे रिश्ते बनाना और भी जरूरी हो गया है। इसी नजरिए से, जब प्रधानमंत्री मोदी और मैंने अलग-अलग मुद्दों पर बातचीत की, तो हमें उन कई लक्ष्यों की फिर से याद आई जो हम दोनों के साझे हैं। हमने अपने सहयोग के केंद्र में इन तीन बातों को रखने पर सहमति जताई। पहला, जापान और भारत के बीच रणनीतिक सहयोग को और गहरा करना। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हालात में हम जिस तरह की अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था बनाना चाहते हैं, उसे लेकर हमारे दोनों देशों की सोच एक जैसी है। मैंने हाल ही में अपडेटेड एफओआईपी (फ्री एंड ओपन इंडो-पैसिफिक) की घोषणा की है, जो एफओआईपी को साकार करने के लिए आत्मनिर्भरता और मजबूती पर जोर देता है। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री मोदी समुद्र को एक ऐसी साझा जगह मानते हैं जो क्षेत्रीय स्थिरता और विकास में मदद करती है। वे 'महासागर' पहल को बढ़ावा दे रहे हैं, ताकि हिंद महासागर के आस-पास के देश अपनी संप्रभुता और समुद्र की रक्षा खुद कर सकें; यह पहल पूरी तरह से एफओआईप के अनुरूप है। इस तरह, हम ऐसे साझे लक्ष्यों को हासिल करने के लिए जापान और भारत के बीच रणनीतिक सहयोग को और गहरा करने पर सहमत हुए। क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए समुद्री सुरक्षा सहयोग का विस्तार खास तौर पर अहम है। ताकाइची ने कहा, ₹जापान की मैरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स का एक डिस्ट्रॉयर और भारतीय नौसेना का एक जहाज मिलकर अभ्यास करने की योजना बना रहे हैं। हम हिंद महासागर में अभ्यास बढ़ाएंगे, नौसेना के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहॉल में सहयोग को बढ़ावा देंगे और 'मेक इन इंडिया' फ्रेमवर्क के तहत उपकरणों के मामले में सहयोग को मजबूत करेंगे। इस तरह के सहयोग को और गहरा करने के लिए, मैंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया है कि वे बातचीत करें और साल खत्म होने से पहले अगली जापान-भारत 2+2 बैठक आयोजित करें। दूसरी बात, आर्थिक सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में जापान-भारत सहयोग को बढ़ावा देना है। चूंकि दोनों देशों को आर्थिक हथियार बनाने और गैर-बाजार प्रथाओं जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए हमें अपनी महत्वपूर्ण खनिजों की सप्लाई चेन में मजबूती लाने की तत्काल आवश्यकता है। इसके अलावा, मध्य पूर्व की स्थिति से प्रभावित ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में, जापान और भारत दोनों की जिम्मेदारी है कि वे पूरे क्षेत्र के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करें, जैसा कि मैंने 'पावर एशिया' में बताया था। इसीलिए हमने सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के लिए एक दस्तावेज जारी किया है - 'पावर एशिया पहल' के तहत आर्थिक सुरक्षा सहयोग के लिए ठोस कदम उठाने का एक संयुक्त बयान; हम भारत के पेट्रोलियम भंडारण प्रणाली को मजबूत करने के लिए द्विपक्षीय बातचीत शुरू करेंगे। जापान, आईईए में भारत की सदस्यता का भी समर्थन करता है। ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में, भारत ने 1,000 बायोगैस प्लांट बनाने के लिए गाय के गोबर से ऊर्जा प्राप्त करने हेतु सहकारी समितियों का लाभ उठाने का लक्ष्य रखा है।'
उन्होंने कहा कि हम 'जापान-भारत कोऑपरेटिव बायोगैस फॉर ग्रोथ' (सीबीजी) पहल शुरू कर रहे हैं, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने पेश किया है। तीसरा मकसद निवेश और इनोवेशन में सहयोग के जरिए भारत और जापान, दोनों की आर्थिक वृद्धि को मिलकर आगे बढ़ाना है। हम एक मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूँ और 17 रणनीतिक क्षेत्रों में निवेश के जरिए जापान की सप्लाई और टेक्नोलॉजी से जुड़ी क्षमताओं को बढ़ाने का लक्ष्य रखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'विकसित भारत' पहल शुरू की है, जिसका राष्ट्रीय लक्ष्य 2047 तक एक विकसित देश बनना है और वे भारत की विकास यात्रा को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। इस तरह, भविष्य में निवेश के जरिए अपने देशों को मजबूत और समृद्ध बनाने का लक्ष्य हम दोनों का साझा है। जापान से आए प्रतिनिधिमंडल में शामिल बिजनेस कम्युनिटी के प्रतिनिधि हमारे दोनों देशों के इन साझा लक्ष्यों को हासिल करने में जोरदार समर्थन दे रहे हैं। इस दौरे के दौरान, भारतीय और जापानी कंपनियों के बीच सहयोग से जुड़े लगभग 120 समझौतों की घोषणा की गई, जिनमें 2 ट्रिलियन येन के निवेश का मामला भी शामिल है।
ताकाइची ने कहा, 'हमारी इच्छा है कि सरकारी और निजी क्षेत्रों के मिले-जुले प्रयासों से भारत और जापान में भविष्य की राह तैयार की जाए। अगले साल हमारे राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ है और हम इस मौके का फायदा उठाकर 'भारत-जापान विशेष रणनीतिक वैश्विक साझीदारी' के तहत अपने दोनों देशों के लोगों को और करीब लाना चाहते हैं, ताकि हम रणनीतिक दिशा साझा करने वाले भरोसेमंद साझेदार बन सकें। मुझे विश्वास है कि मेरे बड़े भाई प्रधानमंत्री मोदी के साथ मिलकर भारत-जापान संबंध एक नए दौर में प्रवेश करेंगे। मैं अगली बार जापान में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने के लिए उत्सुक हूँ।'

**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वयं भरा एसआईआर प्रपत्र...**
जानकारी का सत्यापन सुनिश्चित करायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक की लोकतांत्रिक भागीदारी ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। मतदाता सूची का शुद्ध एवं अद्यतन होना स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया की आधारशिला है। मुख्यमंत्री ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि सभी पात्र मतदाता एसआईआर अभियान में बढ़-चढ़ कर अपनी महती भूमिका निभायें तथा अपने परिवार, आस-पास, पड़ोस और समाज के अन्य लोगों को भी इस प्रक्रिया में सम्मिलित होकर एसआईआर प्रपत्र भरने के लिए प्रेरित करें। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची मंजूनाथ भजंत्री, अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत, ईआरओ-सह-एडीएम, रांची श्री धनंजय, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, बीएलओ वेरोनिका देवी आदि उपस्थित रहे।

**राज्यपाल ने भरा गणना प्रपत्र...**
इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, जिला निर्वाचन पदाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी कुमार रजत उपस्थित रहे।

**नागरिकों से राज्यपाल की अपील**
इस मौके पर राज्यपाल ने राज्य के सभी पात्र भारतीय नागरिकों से आह्वान किया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जब बूथ स्तर पदाधिकारी उनके घर गणना प्रपत्र लेकर आएं, तो वे उसे तत्काल भरकर हस्ताक्षर सहित बीएलओ को उपलब्ध कराएं, ताकि प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किया जा सके।
राज्यपाल ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को इस महत्वपूर्ण अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि उनके समर्पित प्रयासों से राज्य के प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित रूप से दर्ज किया जा सकेगा।

**एसीबी ने रिश्वत लेते पेटरवार प्रखंड कार्यालय के बड़ा बाबू को किया गिरफ्तार...**
दस हजार रुपये रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले का सत्यापन कराया, जिसमें आरोपित की ओर से आठ हजार रुपये की रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई।
सत्यापन सही पाए जाने पर एसीबी धनबाद थाना में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर ट्रैप टीम का गठन किया गया। गुरुवार को टीम ने पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित पुराने भवन में जाल बिछाकर आरोपित मो. गुलाम रसूल को परिवादी से आठ हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी दंडाधिकारी और दो स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में की गई।
गिरफ्तार आरोपित मो. गुलाम रसूल पेटरवार प्रखंड कार्यालय में सहायक उर्दू अनुवादक के साथ अतिरिक्त प्रभार में प्रधान सहायक के पद पर कार्यरत हैं। एसीबी ने आरोपित को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक झलक

### एम्पायर स्टेट बिल्डिंग पर चढ़ा कपल

**न्यूयॉर्क** : अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक कपल सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देकर एम्पायर स्टेट बिल्डिंग की चोटी पर चढ़ गया। दोनों ने वहां व्हेन द पावर ऑफ लव बीट्स द लव ऑफ पावर, द वर्ल्ड नोज पीस लिखा बैनर लहराया और फिर एक-दूसरे को प्रपोज किया। इस पूरी घटना की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। इसके बाद पुलिस और इमरजेंसी सर्विस के जवान सीढियों के जरिए दोनों तक पहुंचे और उन्हें सुरक्षित नीचे उतारा। एंजेला निकोलाउ और इवान कुजनेत्सोव के खिलाफ सेंधमारी, अवैध घुसपैठ, लापरवाही से जान खतरे में डालने और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

**अमेरिका-ईरान संघर्ष**

### क्या अरब राष्ट्रों को हुई सबसे बड़ी हानि ?

**वाशिंगटन** : अमेरिका और ईरान के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होने से मध्य पूर्व में सैन्य तनाव कुछ समय के लिए कम हुआ है। हालांकि, यह बातचीत अभी प्रारंभिक चरण में है और इसके अंतिम परिणामों के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। इस पूरे विवाद में सबसे अधिक नुकसान किसे होगा, यह एक महत्वपूर्ण प्रश्न है जिस पर विभिन्न मत हैं। फारस की खाड़ी के अरब देशों को यह आशंका है कि इस बातचीत से तेहरान को अत्यधिक रियायतें मिल सकती हैं, जिससे क्षेत्र में ईरान का प्रभाव और बढ़ जाएगा। खाड़ी देशों की चिंता का बड़ा कारण यह है कि हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन में ईरान के बैलिस्टिक प्रक्षेपास्त्र कार्यक्रम पर किसी स्पष्ट रोक का उल्लेख नहीं है। ये वही प्रक्षेपास्त्र हैं जो हाल के संघर्षों के दौरान खाड़ी देशों पर दागे गए थे, जिससे जान-माल का भारी नुकसान हुआ था।
दिलचस्प बात यह है कि युद्धकाल में, ट्रंप की सरकार ईरान की प्रक्षेपास्त्र क्षमता को समाप्त करने को एक मुख्य लक्ष्य मानती थी। हालांकि, पेरिस यात्रा के दौरान ट्रंप ने अपना रुख नरम कर कहा था कि अन्य देशों के पास बैलिस्टिक प्रक्षेपास्त्र होने पर ईरान को उनसे दूर रखना गलत होगा। लंदन के किंग्स महाविद्यालय में सुरक्षा अध्ययन के सह-प्राध्यापक एंड्रियास क्रेग के अनुसार, ईरान का प्रक्षेपास्त्र कार्यक्रम अभी भी अरब देशों के लिए एक गंभीर सुरक्षा चुनौती बना हुआ है।

### जेडी वेंस कैथोलिक धर्म पर टिप्पणी कर आलोचनाओं से घिरे

**वाशिंगटन** : अमेरिकी उपराष्ट्रपति पद के दावेदार जेडी वेंस उस टिप्पणी को लेकर आलोचनाओं से घिरे हैं, जिसमें उन्होंने कहा कि कैथोलिक धर्म उन नीतियों का समर्थन करता है जो कम वेतन वाले विदेशी श्रमिकों के अमेरिका में प्रवेश का विरोध करती हैं। वेंस ने अपनी नई पुस्तक कम्युनियन: आस्था में वापसी का मेरा मार्ग पर चर्चा करते हुए कही। इस पुस्तक में 2019 में कैथोलिक धर्म में उनकी वापसी का जिक्र है।
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल में विदेशी श्रमिकों को रोकने के लिए कड़ी आप्रवासन नीतियां लागू की हैं, जिनका अमेरिका में काफी विरोध हो रहा है। वेंस ने कहा, मेरा धर्म मुझे लगातार विनम्र रहने के लिए प्रेरित करता है।

### सूर्य पर शक्तिशाली विस्फोट के बाद सौर तूफान का अलर्ट

**वॉशिंगटन** : सूर्य पर हुए एक शक्तिशाली विस्फोट के बाद वैज्ञानिकों ने पृथ्वी की ओर बढ़ रहे सौर तूफान को लेकर सतर्कता बरतने की सलाह दी है। अमेरिका के राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन (एनओएए) के स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर ने 3 जुलाई (भारतीय समयानुसार 4 जुलाई) को संभावित जियोमैग्नेटिक स्टॉर्म की चेतावनी जारी की है। वैज्ञानिकों के अनुसार, 30 जून को सूर्य के सक्रिय क्षेत्र रीजन 4479 से एक्स1.1 श्रेणी का शक्तिशाली सोलर फ्लेयर (सौर ज्वाला) निकला। इसके साथ ही कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) भी हुआ, जिसमें अत्यधिक विद्युत आवेशित कणों का विशाल बादल अंतरिक्ष में उत्सर्जित हुआ।

# चीन पनामा नहर पर कब्जे की फिराक में, यह हमारा बनाया है हम इसे वापस लेंगे

एजेंसी

**वाशिंगटन** : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन को चेतावनी दी है कि वह पनामा नहर पर नियंत्रण हासिल करने की कोशिश भी न करे। ट्रंप ने अपने सख्त तेवर दिखाते हुए कहा कि अमेरिका इसे किसी भी कीमत पर होने नहीं देगा, क्योंकि यह अमेरिका का बनाया हुआ है। उन्होंने इस जलमार्ग को दुनिया का सबसे अहम व्यापारिक मार्ग बताया, जो अब अमेरिका-चीन के बीच नए तनाव का केंद्र बन सकता है।
मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक कार्यक्रम में बोलते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि चीन पनामा नहर पर कब्जा करने की फिराक में है। हम इसे कभी नहीं होने देंगे। यह हमारा बनाया हुआ है और हम इसे वापस लेंगे अगर जरूरी हुआ। ट्रंप ने पनामा नहर को दुनिया की सबसे महंगी और सबसे ज्यादा मुनाफा देने वाली संपत्तियों में से एक बताया। अटलांटिक और प्रशांत महासागर को जोड़ने वाली यह 82 किलोमीटर लंबी नहर वैश्विक व्यापार का एक बड़ा हिस्सा संभालती है, जहाजों को हजारों मील की दूरी बचाने में मदद करती है। अमेरिका इसका सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है, जबकि चीन दूसरा सबसे बड़ा। ट्रंप ने कहा कि चीनी कंपनियां नहर के दोनों छोर पर बंदरगाहों का संचालन कर रही हैं, जिसे अमेरिका अपने पश्चिमी गोलार्द्ध में चीनी घुसपैठ और रणनीतिक खतरा मानता है।
रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने वेनेजुएला में



■ ट्रम्प ने दिखाये सख्त तेवर, कहा अमेरिका इसे किसी भी कीमत पर होने नहीं देगा

अपनी कार्रवाई को सफल बताते हुए कहा कि हमने वेनेजुएला को काबू में कर लिया और ईरान के साथ भी वैसा ही कर रहे हैं। पनामा नहर पर चीन के खिलाफ उनका यह आक्रामक रुख अमेरिका की अमेरिका फर्स्ट नीति का हिस्सा है, जिसमें वे अमेरिकी हितों को सर्वोपरि मानते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह मामला गरमाया, तो पनामा नहर होर्मुज की खाड़ी की तरह नया संघर्ष का केंद्र बन सकता है। होर्मुज से दुनिया का 20 फीसदी तेल गुजरता है और वहां ईरान व अमेरिका-इजराइल के बीच तनाव बना रहता है। पनामा नहर भी वैश्विक व्यापार का एक अहम चोकप्वाइंट है। यहां किसी भी टकराव से व्यापारिक जहाजों की आवाजाही प्रभावित होगी, कीमतें बढ़ेंगी और वैश्विक अर्थव्यवस्था को झटका लगेगा।
बता दें पनामा नहर का निर्माण 1904 से 1914 के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट की अगुवाई में हुआ था। 1903 में कोलंबिया के मना करने पर अमेरिका ने पनामा के स्वतंत्रता आंदोलन का समर्थन किया, जिससे उसे नहर क्षेत्र मिला। हालांकि, 1999 में जिम्मी कार्टर के समय हुए टॉरिजोस-कार्टर संधि के तहत यह पनामा को सौंप दिया गया था, लेकिन इसकी तटस्थता की गारंटी ली गई थी। ट्रंप का दावा है कि अमेरिका ने नहर बनाई, उसे इसका हकदार बनाता है। उनका यह बयान न सिर्फ पनामा बल्कि पूरे लैटिन अमेरिका में अमेरिकी प्रभाव बहाल करने की उनकी बड़ी रणनीति का हिस्सा लगता है। हालांकि चीन जैसी वैश्विक शक्ति से सीधे टकराव के गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जिससे वैश्विक व्यापार, तेल और अन्य सामानों की कीमतों पर सीधा असर पड़ सकता है।

# एआई को सिर्फ अपनाएं नहीं, बल्कि इसका बुद्धिमानी से करें उपयोग : डॉ. जितेन्द्र सिंह

एजेंसी

**जयपुर** : केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने 29वीं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कॉन्फ्रेंस के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की सक्रिय भागीदारी से यह सम्मेलन और अधिक व्यापक हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार का सतत प्रयास है कि सुशासन के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का अधिकतम उपयोग किया जाए।
डॉ. सिंह ने गुरुवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित 29वीं राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस कॉन्फ्रेंस (एनसीईजी) के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अप्रासंगिक एवं पुराने कानूनों को समाप्त कर अभूतपूर्व पहल की है, जिससे प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाने में मदद मिली है। उन्होंने मिशन कर्मयोगी और सीपीग्राम्स जैसे नवाचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के सुशासन मॉडल आज वैश्विक स्तर पर अपना दमखम दिखा चुके हैं। देश के ई-गवर्नेंस और प्रशासनिक नवाचारों को मॉरीशस, मालदीव, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका सहित अनेक देशों ने अपनाया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान भी ई-गवर्नेंस के माध्यम से सुशासन की दिशा में अग्रणी है। इसका प्रमाण यह है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की पहली पसंद राजस्थान है।
डॉ. सिंह ने कहा कि शासन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब वैकल्पिक नहीं, बल्कि अनिवार्य है। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि असली चुनौती सिर्फ एआई को अपनाने में नहीं, बल्कि इसे बुद्धिमानी से उपयोग करने में है, जिसमें तकनीकी प्रगति के साथ मानवीय हस्तक्षेप भी अनिवार्य है। उन्होंने विभिन्न राज्यों की सरकारों से आह्वान किया कि वे सिर्फ भारत@2047 के दूरदर्शी लक्ष्य पर ध्यान न देकर लघु अवधि के मापने योग्य मील के पत्थर निर्धारित करें। डॉ. सिंह ने बदलाव की रफ्तार को समझाते हुए वीसीआर और एसटीडी बूथ जैसी पुरानी तकनीकों का उदाहरण दिया, जो मात्र दो दशकों में गायब हो गईं। उन्होंने यह सवाल भी उठाया कि 2047 में राजकीय अधिकारियों की क्या भूमिका होगी, क्योंकि डिजिटल सिस्टम तेज गति से पारंपरिक राजकीय कार्य पद्धति को बदल रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्धरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि ई-गवर्नेंस केवल 'मैनेजिंग सिस्टम' तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि 'मैनेजिंग पॉसिबिलिटीज' का माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय सम्मेलन का राजस्थान को व्यापक लाभ मिलेगा। सम्मेलन के दौरान लगभग 200 वक्ताओं ने डिजिटल गवर्नेंस से जुड़े अपने अनुभव, नवाचार और श्रेष्ठ कार्यप्रणालियां साझा कीं।



### जिम्मेदार और समावेशी एआई की दिशा में आगे बढ़ रहा है देश

**राजस्थान** के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि एक ओर जहां दुनिया एआई की चर्चा कर रही है, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 'जिम्मेदार और समावेशी एआई' की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीक का उद्देश्य केवल नवाचार करना नहीं, बल्कि उसका लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना भी है।
कर्नल राठौड़ ने कहा कि यह सम्मेलन गवर्नेंस को और प्रभावी बनाने की दिशा में किए जा रहे परिवर्तन की नई शुरूआत है। इस सम्मेलन ने हमें तकनीक का उपयोग कर शासन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाने की दिशा प्रदान की है। सम्मेलन के दौरान विशेषज्ञों द्वारा साझा किए गए सभी सुझावों, अनुभवों और नवाचारों का गंभीरता से अध्ययन किया जाएगा और उनमें से उपयोगी मॉडलों को राज्य के विभिन्न जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन का अंत नहीं, बल्कि कार्यान्वयन की शुरूआत है। उन्होंने सम्मेलन को सफल बनाने वाले सभी संगठनों को धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि राजस्थान तकनीक-संचालित शासन और सुरक्षा में अग्रणी रहेगा।

**सुप्रीम कोर्ट का बड़ा बयान- एआई को बताया विनाशकारी जहर, कहा**

# न्याय प्रणाली में हर स्तर पर इन्सानी दिमाग जरूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने एआई के बढ़ते दुरुपयोग पर बेहद गंभीर रुख अपनाया है। कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई दौरान अलर्ट जारी करते हुए कहा कि एआई का गलत प्रयोग तकनीकी उपकरणों पर वकीलों और प्रोफेशनल्स की अत्यधिक निर्भरता बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। इसी के साथ कोर्ट ने साफ किया है कि न्याय की प्रक्रिया में हर मोड़ पर मानवीय समझ और नियंत्रण का होना जरुरी है।



**फर्जी एआई कंटेंट के आधार पर आया था फैसला**

**जानकारी** के लिए बता दें कि यह पूरा मामला एनसीएलटी के एक फैसले से जुड़ा है, जो एस्सेल इंफ्राप्रोजेक्ट्स की दिवालियापन प्रक्रिया को लेकर था। इस मामले में कोर्ट में एआई के जरिए फेक उदारहण पेश किए गए, जो असल में कभी हुए ही नहीं। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताते हुए कहा कि टेक्नोलॉजी के कारण न्याय की प्रामाणिकता से समझौता नहीं किया जा सकता।

**भोपाल गैस त्रासदी की जहरीली गैस से की तुलना**

**सुप्रीम** कोर्ट ने इस मामले में एआई से बनाई गई फेक साम्रगी की तुलना विनाशकारी और जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट से की है, जिसके कारण भोपाल गैस त्रासदी हुई थी) से कर दी।
अदालत ने अपने आदेश में कहा- कानूनी बहसों में एआई द्वारा तैयार किए गए फर्जी, काल्पनिक और झूठे उदाहरणों का इस्तेमाल करना न्याय के क्षेत्र में मिथाइल आइसोसाइनेट गैस छोडने जैसा है। यह एक ऐसा अदृश्य और कपटी खतरा है, जो न्याय प्रणाली को भीतर से खोखला कर देता है। जब तक कोई इस धोखे को पकड़ पाता है, तब तक यह न केवल पूरी न्यायिक प्रक्रिया को दूषित कर चुका होता है, बल्कि अदालती फैसले की आत्मा को भी नष्ट कर देता है।

### दिल्ली में मानसून की दस्तक भीषण गर्मी से मिली राहत

**नयी दिल्ली** : इस बार मानसून दिल्ली-एनसीआर में अपनी सामान्य तारीख (27 जून) से करीब 5 दिन की देरी से पहुंचा है। राजधानी में गुरुवार सुबह तेज हवाओं के साथ हल्की वर्षा हुई जिससे स्थानीय लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। आईएमडी के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में 3 जुलाई को सुबह या दोपहर में तेज हवाओं और गरज के साथ हल्की बारिश होने का अनुमान है। इस दिन का अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 30-32 डिग्री सेल्सियस और 20-22 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। 4 जुलाई और 5 जुलाई को यही स्थिति रहेगी।

# दिल्ली पुलिस ने किया चार आतंकियों को गिरफ्तार



एजेंसी

**नयी दिल्ली** : दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दिल्ली और पंजाब में छापेमारी करके चार आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक जिगाना समेत दो पिस्टल, 9 कारतूस और पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। इनमें से तीन को पंजाब और एक को दिल्ली से पकड़ा गया, जो दिल्ली-एनसीआर में किसी बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे। स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त प्रवीण कुमार त्रिपाठी ने गुरुवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि गिरफ्तार आतंकियों की पहचान शुभदीप सिंह उर्फ विशाल (23), गुरजंत सिंह उर्फ ऋषि (22), साजन सिंह उर्फ हनी (28) और गरनप्रीत (24) के रूप में हुई है। गिरफ्तार सभी आतंकी पंजाब के रहने वाले हैं और आईएसआई हैंडलर शहजाद भट्टी के सीधे संपर्क में थे। गगनप्रीत के मोबाइल से पुलिस को कई धार्मिक स्थलों, पुलिस थानों के अलावा पुलिस के कई दूसरे भवनों की वीडियो मिली है। गगनप्रीत दिल्ली में रहकर लगातार रेकी के वीडियो बनाकर अपने आकाओं को भेज रहा था।

# तेलंगाना में कांग्रेस-बीआरएस के बीच टकराव तेज

■ हरीश राव समेत कई नेता गिरफ्तार

एजेंसी

**हैदराबाद** : तेलंगाना के बढ़ते कर्ज और गुरुकुल आवासीय स्कूलों के टेंडरों में कथित अनियमितताओं को लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के बीच राजनीतिक टकराव गुरुवार को उस समय चरम पर पहुंच गया, जब पूर्व मंत्री टी. हरीश राव सहित कई बीआरएस नेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस घटनाक्रम के बाद राज्य की राजनीति में तनाव और बढ़ गया।
पुलिस ने टी. हरीश राव, वी. श्रीनिवास गौड़, बीआरएस महासचिव आरएस प्रवीण कुमार समेत कई नेताओं को तेलंगाना भवन के बाहर उस समय हिरासत में लिया, जब वे तेलंगाना शहीद स्मारक (गन पार्क) की ओर बढ़ रहे थे। कांग्रेस के मंत्रियों ने बीआरएस नेताओं को वहीं सार्वजनिक बहस की चुनौती दी थी। इस दौरान तेलंगाना भवन, गन पार्क और आसपास के इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात रहा, जबकि दोनों दलों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।




गिरफ्तारी से पहले मीडिया से बातचीत में हरीश राव ने कांग्रेस सरकार पर राजनीतिक द्वेष का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे गुरुकुल स्कूल टेंडरों में कथित अनियमितताओं से जुड़े दस्तावेजी साक्ष्य लेकर बहस में हिस्सा लेने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

### आगजनी के पीछे हथियारबंद गुट का हाथ : केआईएम

**इंफाल** : मणिपुर में कुकी जनजातियों का प्रतिनिधित्व करने वाली मुख्य संस्था, कुकी इनपी मणिपुर (केआईएम) ने बुधवार को कामजोंग जिले के फाइमोल गांव में हुई आगजनी की घटना कड़ी निंदा की है। संगठन ने आरोप लगाया कि इस हमले के लिए तंगखुल-नेतृत्व वाले एनएससीएन-आईएम और म्यांमार स्थित शन्नी नेशनैलिटीज आर्मी (एसएनए) के हथियारबंद सदस्य जिम्मेदार थे। इस घटना को राज्य के पहाड़ी जिलों में कुकी गांवों को निशाना बनाकर की जा रही हिंसा के सिलसिले का हिस्सा बताते हुए, केआईएम ने स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए केंद्र और मणिपुर सरकार से तुरंत दखल देने की मांग की।

# हैवान में नकारात्मक भूमिका में अक्षय कुमार

**मुम्बई** : बॉलीवुड की अपकमिंग फिल्म हैवान में सुपरस्टार अक्षय कुमार और सैफ अली खान सालों बाद एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। फिल्म में सैफ अली खान ने फिल्म में अक्षय कुमार के किरदार को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है, जिसने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सैफ ने बताया है कि इस बार अक्षय एक बिल्कुल ही अलग और बेहद खतरनाक नकारात्मक भूमिका में दर्शकों को चौंकाने वाले हैं, जो उनके पहले के किरदारों से काफी भिन्न होगा। अक्षय कुमार और सैफ अली खान की जोड़ी को दर्शकों ने हमेशा सराहा है। इससे पहले वे 1994 में रिलीज हुई सुपरहिट फिल्म मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी में साथ नजर आए थे, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया था। इसके बाद, साल 2008 में दोनों ने टशन में भी काम किया। अब, इतने लंबे अंतराल के बाद हैवान में उनकी वापसी फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। सैफ अली खान ने हाल ही में एक साक्षात्कार में अपने और अक्षय के दोबारा साथ काम करने पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि यह हम दोनों के लिए खुशनसीबी की बात है कि हमें फिर से एक साथ काम करने का मौका मिल रहा है। अक्षय के रोल पर बात करते हुए सैफ ने स्पष्ट किया कि इस बार वह एक बेहद खतरनाक विलेन के रूप में दिखेंगे, जो उनके चिर-परिचित छवि से बिल्कुल अलग है। सैफ ने अक्षय के साथ अपनी निजी बॉन्डिंग के बारे में भी दिल खोलकर बात की। उन्होंने कहा, मैं अक्षय से बहुत प्यार करता हूँ। वह मेरे लिए बड़े भाई जैसे हैं। उनकी ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री हमेशा चर्चा में रही है। सैफ ने फिल्म के सेट पर बिताए पलों को याद करते हुए बताया कि वे दोनों सेट पर खूब धमाल मचाते थे। उनकी केमिस्ट्री इतनी अच्छी थी कि मेकर्स अक्सर उन्हें बच्चों की तरह व्यवहार करने के लिए टोकते थे।



# अदन की खाड़ी में भारतीय नौसेना को देख भागे समुद्री डकैत, चालक सुरक्षित

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय नौसेना ने अदन की खाड़ी में भारत के लिए जरूरी कार्गो ले जा रहे जहाज में समुद्री डकैती को नाकाम कर दिया। भारतीय जहाज को पास आता देख समुद्री डकैत भाग निकले, जिससे चालक दल सुरक्षित बच गया और जहाज पर किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ। यह जहाज भारत के लिए महत्वपूर्ण माल लेकर जा रहा था और इस पर एक भारतीय नागरिक भी सवार था। नौसेना के कमांडो ने प्रभावित जहाज पर चढ़कर गहन तलाशी ली और यह सुनिश्चित किया कि जहाज पर अब कोई डाकू नहीं छिपा है।
दरअसल, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस के झंडे वाला बल्क करियर एमवी गोल्डन आर्सेनल जहाज भारत के लिए जरूरी कार्गो ले जा रहा था। अदन की खाड़ी में गुजरते समय जिबूती से लगभग 300 नॉटिकल मील पूरब-उत्तर-पूर्व में समुद्री डाकुओं ने जहाज पर हमला कर दिया और उसे अपने कब्जे में लेने की कोशिश की। खतरा देख जहाज के चालक दल ने खुद को एक सेफ रूम में बंद कर लिया और इंडियन ओशन रीजन के इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर को इस बारे में सूचना दी। इसके बाद इस इलाके में तैनात भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस त्रिकंद को उस तरफ रवाना करके मर्चेंट वेसल को रोकने का निर्देश दिया गया।
नौसेना के कैप्टन विवेक मधवाल ने बताया कि 01 जुलाई को संकट का संदेश मिलते ही मिशन पर तैनात भारतीय युद्धपोत आईएनएस त्रिकंद तेजी से मदद के लिए रवाना हो गया। नौसेना के युद्धपोत के करीब आते ही डाकू वहां से भाग खड़े हुए, जिससे चालक दल सुरक्षित बच गया और जहाज पर किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि जहाज पर एक भारतीय नागरिक समेत 21 क्रू मेंबर थे। सभी ने ब्रिज सुपरस्ट्रक्चर और आसपास के कम्पार्टमेंट को नुकसान होने की रिपोर्ट की है। चालक दल ने मर्चेंट वेसल के सिटाडेल में शरण ली थी, जिन्हें सुरक्षित बचा लिया गया।
उन्होंने बताया कि 02 जुलाई की सुबह आईएनएस त्रिकंद से एक बोर्डिंग टीम एमवी गोल्डन आर्सेनल पर चढ़ी, ताकि जहाज को सैनिटाइज करके स्थिति का अंदाजा लगाया जा सके। डाकुओं के भागने के बाद भारतीय नौसेना के जांबाज मार्कोस कमांडो प्रभावित जहाज एमवी गोल्डन आर्सेनल पर उतरे। पूरी तलाशी के बाद जहाज पर कोई संदिग्ध व्यक्ति नहीं मिला। कमांडो ने पूरे जहाज की गहन तलाशी लेने पर सुनिश्चित किया कि जहाज पर अब कोई खतरा या डाकू नहीं छिपा है। नौसेना के मरीन कमांडो ने पूरे जहाज को सुरक्षित और सैनिटाइज किया। ऑपरेशन को बढ़ाने के लिए नौसेना के पी-8आई मैरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट को इलाके में हवाई निगरानी और टोही करने के लिए तैनात किया गया, जिससे समुद्री क्षेत्र की जानकारी बढ़ी और एंटी-पायरेसी कार्रवाई में मदद मिली।
उन्होंने बताया कि जहाज को सैनिटाइज करने और तुरंत खतरे को खत्म करने के साथ आईएनएस त्रिकंद के एंटी-पायरेसी ऑपरेशन खत्म हो गए हैं। एमवी गोल्डन आर्सेनल ने अपनी आगे की यात्रा फिर से शुरू कर दी है। भारतीय नौसेना राष्ट्रीयता की परवाह किए बिना मर्चेंट शिपिंग की सुरक्षा, पायरेसी का मुकाबला करने और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा के लिए अपनी लगातार प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में क्षेत्र के सभी नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



■ डाकुओं के भागने के बाद भारतीय नौसेना के जांबाज मार्कोस कमांडो ने गहन तलाशी ली